तापमान
अधिकतम :38°C
न्यूनतम: 25°C

सेंसेक्स
81,118.60
24,718.60

सोना 1,03,000
चांदी 1,10,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, रविवार 15 जून 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 312 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com आषाढ़ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 18 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी

नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




### ईरान में जनरल हातमी बने सेना के मुख्य कमांडर

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### 10 मीटर एयर पिस्टल: सुरुचि ने वर्ल्डकप में जीता गोल्ड

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## 100 ताबूत होंगे तैयार, मृतकों का आंकड़ा 275 पर पहुंचा

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 तक पहुंचा गया है। शवों को रखने के लिए 170 ताबूतों का ऑर्डर दिया गया।

बड़ोदरा के शख्स ने बताया कि एयर इंडिया के मैनेजर ने फोन कर ताबूतों का ऑर्डर दिया। इधर, अहमदाबाद सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सुपरिटेंडेंट रजनीश पटेल ने शनिवार को कहा कि अब तक 248 शवों का डीएनए सैंपल्स का क्रॉस वेरिफिकेशन हुआ है, जिसमें से 6 का डीएनए मैच हुआ है। पटेल ने कहा कि पूर्णिमाबेन पटेल का शव उनके परिवार को सौंपा गया है। एक और परिवार को बॉडी हैंडओवर की प्रक्रिया जारी है। 8 घायलों इलाज का चल रहा है, इसमें एक की हालत गंभीर है। इससे पहले बीजे मेडिकल कॉलेज हॉस्टल से जब मलबा हटाया जा रहा था, तब विमान की टेल (पिछले हिस्से) में फंसा हुआ शव दिखा था। इसका पोस्टमार्टम हुआ है। कहा जा रहा है कि यह शव एयर होस्टेस का हो सकता है।



**डीएनए जांच में अब तक छह शवों की पहचान हुई**

**अहमदाबाद विमान हादसा**

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच करेगी उच्चस्तरीय समिति

**नई दिल्ली।** सरकार ने अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एयर इंडिया के विमान की गुरुवार को हुई दुर्घटना की समग्रता से जांच के लिए केन्द्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में एक 11 सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है, जो इस दुर्घटना को लेकर हर तरह के सवाल का जवाब तलाशेगी और तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किजरापु राम मोहन नायडु ने शनिवार को यहां उड़ान भवन में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। श्री नायडु ने दुर्घटना में जान गंवाने वालों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की और कहा कि वह यात्रियों के परिजनों के दर्द को समझते हैं, क्योंकि उन्होंने स्वयं अपने पिता को एक दुर्घटना में खोया है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना होने के तीन घंटे बाद जब वह अहमदाबाद में घटनास्थल पर पहुंचे तो गुजरात सरकार की एजेंसियां राहत एवं बचाव कार्य में लगी थी।

## सरकार ने फिर बढ़ाई फ्री आधार कार्ड अपडेट की तारीख

**नई दिल्ली।** यूआईडीएआई ने एक बार फिर देश के करोड़ों आधार कार्ड धारकों को बड़ी राहत दी है। आधार कार्ड में डॉक्यूमेंट अपलोड की आखिरी तारीख को अब एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है।

पहले डॉक्यूमेंट के साथ फ्री आधार अपडेट की आखिरी तारीख 14 जून 2025 थी, लेकिन अब इसे 14 जून 2026 कर दिया गया है। इसकी जानकारी यूआईडीएआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट करके दी है। सरकार की ओर से कहा गया है कि जिनके पास भी 10 साल या इससे पुराना आधार कार्ड है उन्हें पहचान और एड्रेस प्रूफ के साथ अपने आधार को अपडेट करना होगा यानी यदि आपके पास 10 साल पुराना आधार कार्ड है और इस अवधि में एक बार भी आधार अपडेट नहीं हुआ है, तो आपको अपडेट कराना होगा, नहीं तो आपका आधार कार्ड रद्द भी हो सकता है।



### मोदी आज से 18 जून के बीच तीन देशों की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से 18 जून के बीच कनाडा, साइप्रस और क्रोएशिया की यात्रा पर जाएंगे और वह कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि श्री मोदी पहले चरण में साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिड्स के निमंत्रण पर 15-16 जून, 2025 को वहां की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। दो दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की यह पहली यात्रा होगी। निकोसिया में रहते हुए श्री मोदी श्री क्रिस्टोडोलिड्स के साथ बातचीत करेंगे और लिमासोल में व्यापारिक नेताओं को संबोधित करेंगे। यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने और भूमध्यसागरीय क्षेत्र और यूरोपीय संघ के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने के लिए दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगी।

### युवा उद्यमियों के समर्पण से भारत वैश्विक ड्रोन केंद्र बनेगा: पासवान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा है कि युवा उद्यमियों के समर्पण के माध्यम से भारत को वैश्विक ड्रोन केंद्र बनाया जा सकता है। श्री पासवान शनिवार को चेन्नई में गरुड़ एयरोस्पेस की नई कृषि-ड्रोन स्वदेशीकरण सुविधा का उद्घाटन कर ड्रोन तकनीक में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के दूरदर्शी प्रयासों के लिए गरुड़ एयरोस्पेस और इसके संस्थापक और सीईओ अग्निश्वर जयप्रकाश की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक ड्रोन केंद्र बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को अग्निश्वर जैसे युवा उद्यमियों और गरुड़ एयरोस्पेस जैसी नवोन्मेषी कंपनियों के समर्पण के माध्यम से वास्तव में साकार किया जा सकता है। उन्होंने स्वदेशीकरण फैक्ट्री में स्थानीय पुर्जा निर्माताओं को एक छत के नीचे एकजुट करने के लिए भारत ड्रोन एसोसिएशन की भी सराहना की।

### योग पर वैश्विक सम्मेलन का आयोजन

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को योग कनेक्ट 2025: एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें दुनिया भर के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थानों के एक हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि आधुनिक युग में विश्व को योग की उपयोगिता समझ में आ रही है और लोग इसकी ओर आकर्षित हो रहे हैं। सम्मेलन में योग गुरु बाबा रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, प्रो. एचआर नागेन्द्र और भिक्खु संघसेना शामिल रहे।

# इजरायली हमले में 138 ईरानियों की मौत

## मृतकों में नौ न्यूक्लियर साइंटिस्ट व 20 से ज्यादा कमांडर्स शामिल

तेहरान/तेल अवीव, वार्ता

**इजरायल और ईरान** के बीच टकराव दूसरे दिन भी जारी रहा। पिछले 24 घंटे में ईरान में 138 लोग मारे गए हैं। इजरायल ने शुक्रवार रात 10.30 बजे दूसरी बार ईरान के परमाणु ठिकानों पर फाइटर प्लेन से हमले किए। इस हमले में 60 लोगों की मौत हो गई। जबकि 350 से ज्यादा लोग घायल हुए। इससे पहले ईरान में शुक्रवार सुबह 5.30 बजे हुए हमले में 78 लोग मारे गए थे। इनमें 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स शामिल थे।

ईरान ने भी शुक्रवार रात इजरायली हमले के तुरंत बाद पलटवार किया और इजरायल पर 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, जिनमें 6 राजधानी तेल अवीव में गिरीं। इजरायल में अब तक 3 लोगों की मौत की खबर है। 7 जवान सहित 90 से ज्यादा घायल हुए हैं। ईरान ने दावा किया है कि मिसाइल इजरायली रक्षा मंत्रालय पर भी गिरी। हालांकि अभी तक इजरायल ने इसकी पुष्टि नहीं की है। इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को सुरक्षित ठिकाने पर शिफ्ट कर दिया गया है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने शनिवार को ईरान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने इजरायल पर और मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे। ईरान ने दावा किया है कि उसकी दर्जनों मिसाइलों ने इजरायली शहरों को नुकसान पहुंचाया है। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने इजरायली हमले में मारे गए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के -शेष पृष्ठ दो पर



- इजरायली रक्षा मंत्री की धमकी, और मिसाइलें दागीं, तो तेहरान जला देंगे
- ईरान का पलटवार, 150 से ज्यादा मिसाइलें दागीं, इजरायल में अब तक तीन लोगों की मौत, सात जवानों सहित 90 से अधिक घायल

### ईरान ने इजरायल के दो लड़ाकू विमान मार गिराए: मीडिया

**तेहरान/यरूशलम।** ईरान की वायु रक्षा ने इजरायल के दो लड़ाकू विमानों के साथ-साथ बड़ी संख्या में माइक्रो एरियल वाहनों को मार गिराया एवं एक महिला इजरायली पायलट को पकड़ लिया है। अर्ध-सरकारी तस्नीम समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। ईरानी सेना ने आधिकारिक तौर पर रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है। इजरायल रक्षाबलों (आईडीएफ) ने रिपोर्ट को खारिज कर दिया। एक बयान में आईडीएफ अरबी भाषा के प्रवक्ता अविचे अद्रेई ने आरोपों को 'पूरी तरह से निराधार' कहा।

## मानसून ने कहर बरपाना किया शुरू

### पुणे में गाड़ियां बहीं, हिमाचल में लैंडस्लाइड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मानसून ने फिर से रफ्तार पकड़ ली है। मध्य प्रदेश में 16 जून तक मानसून की एंट्री हो सकती है। वहीं राजस्थान के जैसलमेर में शनिवार सुबह बारिश हुई।

मौसम विभाग ने 23 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना जताई है। शुक्रवार को श्रीगंगानगर देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 49.4 डिग्री पहुंच गया था। इससे पहले श्रीगंगानगर में एक जून 2018 को 49.1 डिग्री अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया था। श्रीगंगानगर में जून महीने का अब तक का सबसे ज्यादा तापमान 14 जून 1934 को 50 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने शनिवार को यूपी, पंजाब-हरियाणा समेत देश के 7 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। उधर बीती रात पुणे में भारी बरसात हुई। पिंपरी चिंचवड़ शहर की सड़कों पर पानी भर गया। नाले में चार से पांच गाड़ियां बह गईं, गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। हिमाचल के चंबा जिले में लैंडस्लाइड हुई। हरियाणा में बढ़ती गर्मी को देखते हुए सरकार की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि महिलाएं गर्मी के पीक आवर्स में खाना न बनाएं। इसके साथ यह भी कहा है कि प्यास न हो तब भी पानी पीते रहें।

- मप्र में दो दिन बाद मानसून आएगा, हरियाणा सरकार बोली- महिलाएं दोपहर में खाना न बनाएं

### CBI ने ईपीएफओ अधिकारी को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** सीबीआई ने ओडिशा में ईपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय, बरहामपुर के एक वरिष्ठ सामाजिक सुरक्षा सहायक को 10,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई सूत्रों ने शनिवार को बताया कि एजेंसी ने एक शिकायत के आधार पर 12 जून को ईपीएफओ अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने ईपीएफओ पोर्टल पर एक निजी नियोक्ता के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता आवेदन को मंजूरी देने के लिए 10,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी।

## द. अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियन का पहना ताज

**लंदन।** दक्षिण अफ्रीका की 2025 की टीम ने शनिवार को क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्डस में एक शानदार अभियान का अंत किया और ऑस्ट्रेलिया पर पांच विकेट की रोमांचक जीत के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

इस जीत ने न केवल 27 वर्षों में अपना पहला सीनियर पुरुष आईसीसी खिताब पक्का किया, बल्कि एक पूरे क्रिकेट राष्ट्र के दशकों के दुख को भी भुला दिया। लॉर्ड्स के साफ आसमान के नीचे, आखिरकार प्रोटियाज पर सूरज की रोशनी चमकी। एक ऐसे देश के लिए जिसने 1999 में एलन डोनाल्ड के रन-आउट से लेकर पिछले साल भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप के दिल टूटने तक आईसीसी के कई दर्दनाक पतन देखे हैं, यह सिर्फ एक और फाइनल नहीं था। यह एक हिसाब था और सबसे बड़े मंच पर, उन्होंने कमाल कर दिया।

- रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर जीता खिताब

## आईईडी विस्फोट में CRPF का जवान शहीद

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के माओवाद प्रभावित सुंदरगढ़ जिले के के. बलांग थाना क्षेत्र में एक पत्थर खदान के पास तलाशी अभियान के दौरान शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में विस्फोट होने के कारण सीआरपीएफ की 134वीं बटालियन का एक जवान शहीद हो गया।

सुरक्षा सूत्रों के अनुसार माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी में उस समय विस्फोट हुआ, जब सीआरपीएफ के जवान जंगल में तलाशी अभियान चला रहे थे। विस्फोट के कारण उत्तर प्रदेश निवासी सीआरपीएफ जवान सत्यभान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। गौरतलब है कि पिछले महीने बांको पत्थर खदान से सशस्त्र माओवादियों द्वारा लगभग पांच टन विस्फोटक सामग्री लूटने के बाद सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में अभियान तेज कर दिया है।

- तलाशी अभियान के दौरान हुआ ब्लास्ट

### मणिपुर में 57 किलो से अधिक मादक पदार्थ किया जब्त

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने 57.285 किलोग्राम मादक पदार्थ की बड़ी खेप जब्त की है। इसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 22 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पिछले 48 घंटों के दौरान चलाए गए अभियान में इंफाल पश्चिम जिले के पटसोई पुलिस थाना अंतर्गत न्यू कीथेलमनबी पुलिस चौकी पर इंफाल से आए ट्रक को रोका गया। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली और छत के अंदर छिपा कार रखे हुए संदिग्ध प्रतिबंधित सामान को जब्त किया।

## नीट यूजी: राजस्थान के महेश बने टॉपर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (यूजी) 2025 का परिणाम आधिकारिक रूप से घोषित किया गया, जिसमें 12.36 लाख से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

इस साल राजस्थान के महेश कुमार ने 99.99 अंक प्रतिशत हासिल कर टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं, मध्य प्रदेश के उत्कर्ष अवधिया को दूसरा स्थान और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी को तीसरा स्थान मिला है। लड़कियों में अविका अग्रवाल ने सबसे ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। एनटीए ने नीट यूजी 2025 के लिए सभी श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर भी जारी किया है। इस वर्ष सामान्य और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों के लिए कटऑफ स्कोर 686 से 144 के बीच निर्धारित किया गया है। वहीं, सामान्य/ ईडब्ल्यूएस, पीडब्ल्यूडी (दिव्यांग) वर्ग के उम्मीदवारों के लिए यह कटऑफ स्कोर 143 से 127 के बीच है। इसके अलावा अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एससी) -शेष पृष्ठ दो पर



- मप्र के उत्कर्ष अवधिया दूसरे व महाराष्ट्र के कृषांग जोशी तीसरे स्थान पर रहे

### 24 घंटे में कोरोना के 269 नए मरीज मिले

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 269 नए केस सामने आए हैं। शनिवार सुबह 8 बजे तक देशभर में कोरोना के 7400 एक्टिव मामले हैं। वहीं मौत का आंकड़ा बढ़कर 87 हो गया। महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा 25 मौतें हुई हैं। शुक्रवार को राजस्थान और केरल में दो लोगों की कोरोना से मौत हो गई। राजस्थान में 70 साल की महिला और केरल में 82 साल के बुजुर्ग ने सांस लेने में तकलीफ के चलते दम तोड़ दिया। राजस्थान में कोरोना से इस साल में यह दूसरी मौत है, जबकि केरल में जनवरी से अब तक 23 लोगों की जान गई है।

## IMA से ही शुरू हुआ था श्रीलंका सेना प्रमुख का सफर

### पीओपी परेड में ली बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो ने सलामी

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) में शनिवार को आयोजित 156वीं पासिंग आउट परेड खास बन गई।

पहली बार आईएमए के एक पूर्व कैडेट ने बतौर श्रीलंका सेना प्रमुख परेड की सलामी ली। निरीक्षण अधिकारी श्रीलंका सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो ने कहा कि वह यहां आकर भावुक हैं। उनके सैन्य जीवन की शुरुआत भी इसी धरती से हुई थी। यहीं अनुशासन सीखा और जीवन के मायने समझे। कहा कि आप सभी में मुझे अपना ही अक्स दिखाई दे रहा है। आईएमए के मैदान में शनिवार को 419 जेंटलमैन कैडेट्स (जीसी) भव्य पासिंग आउट परेड (पीओपी) में अंतिम पग रखते ही देश -शेष पृष्ठ दो पर



### संयुक्त स्नातक परेड में 254 फ्लाइट कैडेट भारतीय वायुसेना में शामिल

**हैदराबाद।** हैदराबाद के पास डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी (एएफए) में शनिवार को संयुक्त स्नातक परेड (सीजीपी) आयोजित की गई, जिसमें भारतीय वायु सेना (आईएएफ) के 254 फ्लाइट कैडेटों के प्रशिक्षण का सफल समापन संपन्न हो गया। इस परेड में फ्लाइंग और ग्राउंड ड्यूटी शाखाओं के पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल थे। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने परेड का निरीक्षण किया और स्नातक कैडेटों को राष्ट्रपति का कमीशन प्रदान किया। प्रशिक्षण कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ एयर मार्शल तेजिंदर सिंह और एएफए के कमांडेंट एयर मार्शल पीके वोहरा ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय नौसेना के नौ अधिकारियों, भारतीय तटरक्षक बल के सात अधिकारियों और एक विदेशी प्रशिक्षु को उड़ान प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 'विंग्स' से सम्मानित किया गया। इस समारोह में वरिष्ठ रक्षा अधिकारी और कैडेटों के परिवार भी मौजूद थे।




## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर लगेंगे 40 हजार पेड़

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) दिल्ली- देहरादून के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए निर्माणाधीन आर्थिक गलियारे पर सघन वृक्षारोपण करेगा और इस अभियान के तहत 40 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा। एनएचएआई ने बताया कि प्राधिकरण बुनियादी ढांचे में सुधार के साथ ही पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए भी काम कर रहा है और इसके तहत शनिवार को उत्तर प्रदेश में बागपत के काठा टोल प्लाजा पर दिल्ली- देहरादून आर्थिक गलियारे में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के तहत आज उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के काठा टोल प्लाजा पर दिल्ली-देहरादून आर्थिक गलियारे पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह वृक्षारोपण 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत किया गया। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव वी. उमाशंकर ने वृक्षारोपण अभियान के तहत पहला पौधा लगाया। इस मौके पर एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव, बागपत की जिला मजिस्ट्रेट अस्मिता लाल, पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय, उप-खंड मजिस्ट्रेट अविनाश त्रिपाठी और अन्य जिला अधिकारी शामिल थे।

### माफिया अड्डा बन रहे हैं प्राइवेट स्कूल: सिसौदिया

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने निजी स्कूलों पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार में प्राइवेट स्कूल माफिया के अड्डे बनते जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने 'एक्स' पर आज कहा कि दिल्ली में छोटे-छोटे मासूम बच्चों को छुट्टी के बाद स्कूल में रोककर रखने की सजा दी गई, क्योंकि उनके माता-पिता स्कूल वैन के नाम पर प्राइवेट स्कूल की लूट से बचाना चाहते हैं और खुद उन्हें स्कूल छोड़ने आते हैं! दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने एक स्कूल का वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर कहा कि एक प्राइवेट स्कूल पैसों की होड़ में बच्चों को कमरे में बंद कर रहा है।

### मणिपुर के हथियारों का जखीरा बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षा बलों ने इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, थौबल, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में एक ऑपरेशन चलाया और इस दौरान 328 हथियार बरामद किए। पुलिस ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर राज्य पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) और सेना की संयुक्त टीमों ने गुरुवार और शुक्रवार को पांच जिलों के बाहरी इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। उस दौरान, एसएलआर और इंसास राइफलें, पांच कार्बाइन बंदूकें, पांच एमपी5 बंदूकें, दो एलएमजी और 12 एके राइफलें बरामद की।

# हवाई यात्रा करने से डरने लगे लोग: अखिलेश



**फर्रुखाबाद।** सपा सुप्रीमो अखिलेश ने कहा कि अब लोग हवाई यात्रा करने से डरने लगे हैं। वे फर्रुखाबाद शहर के मोहल्ला पल्ला निवासी समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे, जिनका शुक्रवार को लखनऊ में निधन हो गया था।

उन्होंने लखनऊ के मेदांता हॉस्पिटल में अंतिम सांस ली थी। वह लंबे समय से अस्पताल में भर्ती थे। शनिवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव छोटे सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने फर्रुखाबाद पहुंचे। उन्होंने स्वर्गीय छोटे सिंह यादव के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित किया और उनके परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि बड़े दुख की बात है कि हमारे नेता हम लोगों के बीच नहीं रहे। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनता जानना चाहती थी कि चूक कहां से हुई। हाल ही में अहमदाबाद में बड़ी घटना हुई, यात्रियों को खोया, पायलट क्रू मेंम्बर को खोया, बड़े पैमाने पर डॉक्टर और उनके परिवार के लोगों को खोया।

# अमेरिका इंसानियत का दुश्मन: मौलाना अरशद मदनी

**नई दिल्ली, वार्ता**

जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इजरायल के ईरान पर हमलों की कड़ी निंदा करते हुए उन्हें राज्य प्रायोजित आतंकवाद कहा है। उन्होंने अमेरिका पर इजरायल को समर्थन देने का आरोप लगाया और मुस्लिम देशों से एकजुटता का आह्वान किया। मौलाना मदनी ने गाजा में जारी हिंसा पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने वैश्विक समुदाय से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि इजरायल ने जिस तरह ईरान की परमाणु स्थापनाओं और आवासीय इलाकों को निशाना बनाया, वह संयुक्त राष्ट्र के चार्टर और वैश्विक नियमों की पूरी तरह अवहेलना है। मौलाना मदनी ने कहा कि इजराइल की यह आक्रामक नीति अमेरिका और पश्चिमी देशों के संरक्षण के बिना संभव नहीं है। उन्होंने अमेरिका को हथियारों का व्यापारी और इंसानियत का दुश्मन बताते हुए आरोप लगाया कि अमेरिका उन सभी मुस्लिम देशों को निशाना बना रहा है, जो आत्मनिर्भर बनने और अपनी रक्षा क्षमता को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले इराक को आत्मनिर्भरता की सजा दी गई, अब ईरान को निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि वह भी अपने रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा था। इजराइल की मंशा साफ है कि जो देश उनकी दादागीरी के खिलाफ खड़ा हो, उसे तबाह कर दो, लेकिन यह सब अमेरिका की खुली मदद के बिना संभव नहीं। मौलाना मदनी ने सऊदी अरब द्वारा इजराइल के हमले की आलोचना का स्वागत किया और कहा कि यह रुख मुस्लिम दुनिया में एकजुटता की दिशा में सकारात्मक कदम है। उन्होंने चेताया कि यदि इजराइल को रोका नहीं गया, तो उसकी आक्रामकता पूरे क्षेत्र को युद्ध की आग में झोंक सकती है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका न केवल गाजा में हो रही तबाही और जनसंहार का समर्थन कर रहा है, बल्कि उसकी नीयत गाजा को खाली करवाकर वहां यहूदी बसावट को बढ़ावा देने की है। मदनी ने कहा कि अमेरिका एक तरफ गाजा में इजराइल के हिंसक कृत्यों का समर्थन करता है और दूसरी ओर ईरान पर हो रहे हमलों में भी उसे समर्थन दे रहा है। उन्होंने मुस्लिम देशों और वैश्विक समुदाय से इस निर्णायक समय में एकजुट होने की अपील की।



**इजरायल की बर्बरता अमेरिका की मदद के बिना नामुमकिन**

### अमेरिका पर भड़के शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास

**लखनऊ।** ईरान-इजरायल युद्ध पर शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने इजराइल के हमले का सख्त विरोध किया और कहा कि इस्लाम को बदनाम करने के लिए बार क्लब और जुए के अड्डे खोलना तो आसान है, लेकिन इस्लाम का दिफा करना बहुत मुश्किल है। जो सिर्फ ईरान कर रहा है। उन्होंने अमेरिका और इजरायल को इंसानियत का दुश्मन बताया। मौलाना यासूब ने कहा कि मैं ईरान पर इजरायल द्वारा किए गए दहशतगर्दाना हमले का सख्त विरोध करता हूं। इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के पीछे पूरी तरह से शैतान अमेरिका का हाथ है क्योंकि इजरायल और अमेरिका दोनों हमेशा से ईरान व इंसानियत के दुश्मन रहे हैं। मैं उन इस्लामी मालिक का भी विरोध करता हूं जो इस इंसानियत की जंग में ईरान का साथ न देकर अमेरिका और इजरायल का साथ दे रहे हैं।

### भारत का गाजा संघर्ष विराम प्रस्ताव मतदान से अलग रहना विश्वासघात

# हमारी विदेश नीति में है गड़बड़ियां: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



**बताना चाहिए सरकार ने किन कारणों से भारत के अहिंसा व शांति के रुख के विरुद्ध कदम क्यों उठाया**

कांग्रेस ने संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन संघर्ष विराम के प्रस्ताव पर मतदान से अलग रहने के भारत के निर्णय को शांति और न्याय की परंपरा के विरुद्ध बताते हुए इसे सिद्धांत के साथ विश्वासघात करार दिया है और कहा है कि सरकार को बताना चाहिए कि उसने किन कारणों से भारत के अहिंसा, शांति, न्याय और संवाद के रुख के विरुद्ध कदम उठाया है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रियंका गांधी वाड्रा और संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां कहा कि भारत का यह रुख गुटनिरपेक्षता और नैतिक कूटनीति की हमारी लम्बी परंपरा के विरुद्ध है। कांगेस नेताओं ने कहा कि भारत को न्याय के लिए अपनी आवाज पुन: बुलंद करके सत्य और अहिंसा के लिए निडरता से खड़ा होना होगा। कांग्रेस नेताओं ने यह प्रतिक्रिया 12 जून को संयुक्त राष्ट्र में गाजा संघर्ष विराम पर मतदान से दूर रहने के भारत के निर्णय पर दी है। उन्होंने इस निर्णय को सरकार की नैतिक कूटनीतिक विफलता, विदेशनीति में गड़बड़ी और सिद्धांतों के विपरीत कदम करार दिया है। खड़गे ने कहा कि अब यह बात स्पष्ट होती जा रही है कि हमारी विदेश नीति में गड़बड़ियां हो रही हैं। शायद, प्रधानमंत्री मोदी को अब अपने विदेश मंत्री की बार-बार की गई गलतियों पर विचार करना चाहिए और कुछ जवाबदेही तय की जानी चाहिए। गाजा में संघर्ष विराम को लेकर संयुक्त राष्ट्र आम सभा के प्रस्ताव के पक्ष में 149 देशों ने मतदान किया। भारत उन 19 देशों में से एक था, जिन्होंने मतदान में भाग नहीं लिया। इस कदम से हम वस्तुतः अलग-थलग पड़ गए हैं। आठ अक्टूबर 2023 को व्यापक और भयावह मानवीय संकट के समय कांग्रेस ने इजरायल के लोगों पर हमास द्वारा किए गए क्रूर हमलों की निंदा की थी। अब सवाल है कि क्या हमने मध्य पूर्व और पश्चिम एशिया में संघर्ष विराम, शांति और संवाद की वकालत करने के अपने रुख को भारत ने छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि भारत का यह रुख गुटनिरपेक्षता और नैतिक कूटनीति की हमारी लम्बी परंपरा का हिस्सा रहा है और हमने हमेशा अपने इस रुख के कारण ही अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों में न्याय और शांति का समर्थन किया है। कांग्रेस ने 19 अक्टूबर 2023 को भी तत्काल संघर्ष विराम और गाजा के संकटग्रस्त और बेदखल लोगों को मानवीय सहायता प्रदान करने का आह्वान किया था। जब क्षेत्र भीषण हिंसा, मानवीय तबाही और बढ़ती अस्थिरता का सामना कर रहा है, तो भारत चुपचाप या निष्क्रिय रूप से खड़ा नहीं रह सकता। वेणुगोपाल कि भारत हमेशा शांति, न्याय और मानवीय गरिमा के पक्ष में खड़ा रहा है, लेकिन आज भारत दक्षिण एशिया, ब्रिक्स और एससीओ में एकमात्र देश है, जिसने गाजा में संघर्ष विराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव पर अपना पक्ष नहीं रखा। इस संघर्ष में 60,000 लोग मारे गए हैं जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। हज़ारों लोग भूख से मर रहे हैं।

### कांग्रेस विपक्ष में बैठने लायक भी नहीं: जोशी

**कलाबुर्गी।** केन्द्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधते हुए कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी ने जनता का विश्वास खो दिया है और उसके नेता विपक्ष में बैठने के लायक भी नहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर खड़गे की विवादास्पद टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए जोशी ने संवाददाताओं से कहा कि हमें खरगे से प्रमाणपत्र की जरूरत नहीं है। भारत के लोग तय करते हैं कि उनका नेतृत्व किसको करना चाहिए। देश की जनता ने आपको (कांग्रेस) तरह से नकार दिया है कि पिछले दो कार्यकालों में विपक्षी नेता की भूमिका भी आपकी पहुंच से बाहर हो गई है और इस बार भी, झूठे आख्यान फैलाने के बावजूद, जहां भी चुनाव हुए हैं, लोकसभा चुनाव के बाद भी कांग्रेस को अपमानजनक हार का सामना करना पड़ा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आप (कांग्रेस) विपक्ष में बैठने के लायक भी नहीं है, आप कैसी बकवास कर रहे हैं। जोशी की तीखी टिप्पणी से राजनीतिक तनाव बढ़ने की आशंका है। गौरतलब है कि 11 जून को प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर खड़गे ने प्रधानमंत्री पर सरासर झूठ बोलने और वोट के लिए लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया था।

# यूपी पुलिस को आज मिलेंगे 60244 नए कांस्टेबल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सीएम योगी-गृहमंत्री अमित शाह बांटेंगे नियुक्ति पत्र**

**लखनऊ।** यूपी पुलिस को रविवार को 60244 नए कांस्टेबल मिल जाएंगे। इन्हें सीएम योगी और गृहमंत्री अमित शाह नियुक्ति पत्र बांटेंगे। लखनऊ के आशियाना स्थित इन्वेस्टर समिट आयोजन स्थल (डिफेंस एक्ष्सपो ग्राउंड) पर यह कार्यक्रम होगा। इससे पूर्व शनिवार को पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण, डीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश समेत कई पुलिस अफ़सरों ने तैयारियों का जायजा लिया।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि यूपी पुलिस ने इस वर्ष बड़ी संख्या में 60244 सिपाहियों की भर्ती प्रक्रिया को पूरा किया है। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलों के चयनित अभ्यर्थियों को बुलाया गया है। डीजीपी ने बताया कि यूपी की योगी सरकार युवाओं को रोजगार देने का काम कर रही है। 8 सालों 8.5 लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। यूपी के इतिहास में 15 जून 2025 की तारीख खास होगी। 60, 244 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया जाएगा। डीजीपी ने बताया कि पीजीआई के वृंदावन इलाके में ग्राउंड पर होने वाले इस कार्यक्रम में 60,244 कांस्टेबलों के अलावा उनके परिजन, वीआईपी, वीवीआईपी और सरकार के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इसके लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां चल रहीं हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए सिटिंग व्यवस्था के साथ पानी व कूलर की व्यवस्था की गई है। यूपी पुलिस के लिए इस भर्ती को सकुशल संपन्न कराना एक बड़ी चुनौती थी। इस नियुक्ति में 20 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं को भी दिया गया है। 12 हजार से अधिक महिला सिपाहियों की भर्ती हुई है। सीएम योगी ने आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल कराने के लिए अभेद्य चक्रव्यूह तैयार किया।

## अर्थ व्यापार

# भारत में औपचारिक नौकरियों में आया उछाल: इनडीड

**बेंगलुरु, वार्ता**

**हाल में हुई गिरावट के बाद भी कोविड पूर्व स्तर की तुलना में 80 प्रतिशत से ज्यादा हैं, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और स्विटजरलैंड जैसे कई देशों पोस्टिंग वैल्यूम बहुत कम है**

लगातार आठ महीने की गिरावट के बाद इस वर्ष मई में नौकरियों की पोस्टिंग में जबरदस्त 8.9 प्रतिशत वृद्धि देखी गई है।

ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म इनडीड द्वारा जारी नए आंकड़ों के मुताबिक हालांकि यह एक साल पहले के मुकाबले 1.8 प्रतिशत और अपने शिखर से लगभग 16 प्रतिशत कम है। हाल ही में हुई गिरावट के बाद भी भारतीय नौकरियों की पोस्टिंग कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में लगभग 80 प्रतिशत ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंग्लैंड, न्यूज़ीलैंड और स्विटज़रलैंड जैसे कई देशों में पोस्टिंग वॉल्यूम इस समय कोविड-पूर्व स्तर की तुलना में कम है। अगर इस तुलना को देखा जाए, तो भारत में पोस्टिंग वॉल्यूम बहुत अच्छा है। भारत में लगभग 80 प्रतिशत व्यवसायों में नौकरियों की पोस्टिंग पिछले तीन महीनों में काफी बढ़ी है। सबसे ज्यादा नौकरियां चाइल्डकेयर (27 प्रतिशत), पर्सनल केयर एवं होम हेल्थ (25 प्रतिशत), शिक्षा (24 प्रतिशत) और उत्पादन एवं विनिर्माण (22 प्रतिशत) बढ़ीं है। इस वृद्धि से डेंटल सेक्टर में नौकरियों में आई कमी की कुछ भरपाई हो सकती है, जो पिछले तीन महीनों में 10.2 प्रतिशत कम हुई हैं। इसके अलावा, कृषि और वानिकी (8.6 प्रतिशत;), सामुदायिक और सामाजिक सेवा (6.8 प्रतिशत) और सॉफ्टवेयर विकास (4.2 प्रतिशत) की कमी देखी गई है। हालांकि हाल ही में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में अवसर कम हुए हैं, पर इनडीड पर यह सेक्टर सबसे अधिक नौकरियां पोस्ट करता है, हर पांच भारतीय नौकरी की पोस्टिंग में एक पोस्टिंग इसी सेक्टर की होती है। इससे साफ होता है कि भारत के उभरते हुए औपचारिक क्षेत्र में तकनीकी क्षेत्र का कितना प्रभाव रहा है, जिसमें मल्टीनेशनल कंपनियां भारत के विशाल प्रतिभा पूल को अवसर प्रदान कर रही हैं। इनडीड के मुताबिक मई 2025 तक, 1.5 प्रतिशत नौकरियों के लिए जनरेटिव एआई के कौशल की स्पष्ट मांग की गई थी, जो पिछले साल के मुकाबले दोगुने से भी अधिक है। जनरेटिव एआई के अवसर तकनीक के क्षेत्र पर केंद्रित हैं, जो लगातार बढ़ते जा रहे हैं। लगभग 12.5 प्रतिशत डेटा एनालिटिक्स पदों के लिए जनरेटिव एआई की मांग की गई। इनडीड के वरिष्ठ अर्थशास्त्री (एशिया-पैसिफिक) कैलम ने कहा कि भारत में नौकरियां अन्य देशों के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ रही हैं, क्योंकि देश में अधिक औपचारिक आर्थिक व्यवस्थाओं का निर्माण हो रहा है। औपचारिक क्षेत्र में नौकरियां पूरे देश में हो रही रोजगार वृद्धि के मुकाबले ज़्यादा तेजी से बढ़ेंगी, जो हमें पिछले सालों में देखने को मिला है। अन्य अर्थव्यवस्थाओं में इस तरह के बदलाव नहीं हो रहे हैं।

# दाल दलहन सस्ते, अन्य जिंसों में रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



**वनस्पति तेल और सरसों तेल के भाव स्थिर रहे, इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस पर रहे**

स्थानीय स्तर पर आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों के साथ ही दाल दलहन और अन्य जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा।

इस दौरान मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल, वनस्पति तेल और सरसों तेल के भाव पिछले दिवस पर पड़े रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में भी टिकाव देखा गया। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल, चना, चना दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5700-5900, दाल चना 6700- 6800, मसूर काली 7600-7700, मूंग दाल 9600-9700, उड़द दाल 9300-9400, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 16666 रुपये, मूंगफली तेल 17582 रुपये, सूरजमुखी तेल 15604 रुपये, सोया रिफाइंड 13773 रुपये, पाम ऑयल 12666 रुपये और वनस्पति तेल 14433 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**इजरायली हमले...**एयरफोर्स के नए चीफ की नियुक्ति की है। ईरान की न्यूज एजेंसी मेहर के अनुसार, आमीरअली हाजीजादेह की जगह माजिद मौसवी को कमांडर बनाया है। शुक्रवार को इजरायली हमले में एयरोस्पेस चीफ आमीरअली हाजीजादेह सहित 9 न्यूक्लियर साइंटिस्ट और 20 से ज्यादा ईरानी कमांडर्स मारे गए थे। इजरायली सेना ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले में 7 सैनिकों के घायल होने की जानकारी दी है। आईडीएफ ने कहा कि ये सैनिक शुक्रवार के हमले में घायल हुए। हालांकि, बहुत हल्की चोटें आई हैं। सैनिकों को अस्पताल ले जाया गया था। इलाज के बाद उन्हें डिस्चार्ज भी कर दिया गया। इजरायली सेना ने एक नया वीडियो जारी किया है जिसमें इजरायली एयर फोर्स और नेवी ईरान से इजरायल पर दागे गए ड्रोन को रोक रहे हैं। बीते दो दिनों में इजरायल ने ईरान से दागे गए 100 से ज्यादा ड्रोन को मार गिराया है।

**नीट-यूजी....**और अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों के लिए कटऑफ स्कोर 143 से 113 के बीच निर्धारित है। नीट यूजी 2025 की परीक्षा चार मई को आयोजित की गई थी। परीक्षाएं देश के 552 शहरों के 5468 केंद्रों पर 13 भाषाओं में आयोजित हुई थी। देश के बाहर यह परीक्षा 14 शहरों में आयोजित की गई, जिसमें आबू धाबी, दुबई, बैंकॉक, कोलंबो, दोहा, काठमांडू, कुआलालंपुर, कुवैत सिटी, लागोस, मनामा, मस्कट, रियाद, शारजाह और सिंगापुर शामिल हैं। इसमें 22 लाख 76 हजार 069 अभ्यर्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था, जबकि कुल 22 लाख नौ हजार 318 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 12 लाख 36 हजार 531 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए। पिछले वर्ष नीट यूजी 2024 में 24 लाख छह हजार 079 अभ्यर्थी ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था, जबकि कुल 23 लाख 33 हजार 162 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए थे और 13 लाख 15 हजार 853 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए थे। इस वर्ष अनारक्षित श्रेणी के 689366, अनुसूचित जाति के 333646, अनुसूचित जनजाति के 150224, अन्य पिछड़ा वर्ग के 948507, ईडब्लूएस के 154326 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें छात्रों की संख्या 965996 और छात्राओं की संख्या 1310062 रही। इस वर्ष की परीक्षा में 939 विदेशी अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जबकि 11 उभयलिंगी (थर्ड जेंडर) शामिल हुए।

**आईएमए से...**की सेना के अंग बन गए। इसके साथ नौ मित्र देशों के 32 कैडेट भी पासआउट हुए। इन कैडेट्स ने परेड के मुख्य अतिथि और निरीक्षण अधिकारी (रिव्यूइंग ऑफिसर) श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल बीकेजीएम लासंथा रोड्रिगो को सलामी दी। छह बजकर 42 मिनट पर एडवांस कॉल के साथ कैडेट्स कदमताल करते हुए परेड मैदान में पहुंचे। श्रीलंका के सेना प्रमुख ने परेड का निरीक्षण कर कैडेट्स का हौसला बढ़ाया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित भी किया गया। सम्मानित कैडेट्स में स्वॉर्ड ऑफ ऑनर एवं सिल्वर मेडल अनिल नेहरा को प्रदान किया गया। स्वर्ण पदक रोनित रंजन और कांस्य पदक अनुराग वर्मा ने प्राप्त किया। इसके अलावा, टीईएस सिल्वर कपिल, टीजी सिल्वर आकाश भदौरिया, चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर करेन कंपनी ने हासिल किया। इस बार के पीओपी के मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल लसंथा रोड्रिगो भी दिसम्बर 1990 में आईएमए के 87वें कोर्स से कमीशन प्राप्त कर चुके हैं।

# शहरों का कायाकल्प करेगी यूपी सरकार, 5 साल का ब्लू प्रिंट तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**1.29 लाख करोड़ रुपये होंगे खर्च, साफ पानी के लिए 9900 करोड़ की योजना**

**लखनऊ।** यूपी के शहरों को बेहतर बनाने के लिए 2026 से 2031 तक एक बड़ी योजना बनाई गई है। इस योजना पर कुल 1.29 लाख करोड़ खर्च किए जाएंगे।

इसका मकसद है शहरों को ज्यादा साफ, सुरक्षित, आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाना। हाल ही में यह योजना केंद्र सरकार को दिखाई गई है, जिसमें अगले पांच सालों में किए जाने वाले कामों का पूरा खाका बताया गया है। इसमें सड़कों, नालों और दूसरे बुनियादी ढांचे को सुधारने के साथ-साथ लोगों की जिंदगी आसान बनाने की कोशिश की जाएगी। योजना में बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और जानवरों की जरूरतों का भी ध्यान रखा गया है। साथ ही, तकनीक और पर्यावरण से जुड़ी चीजों को भी महत्व दिया गया है। इस योजना का सबसे बड़ा हिस्सा शहरों में बेहतर सड़क नेटवर्क बनाना है, जिसके लिए 30,000 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इससे शहरों के अंदर आने-जाने में आसानी होगी और पास के कस्बों से भी बेहतर जुड़ाव होगा, जिससे व्यापार और रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे। शहरों में जलभराव रोकने के लिए 27,500 करोड़ की ड्रेनेज योजना बनाई गई है। यह योजना बरसात के पानी को सही तरीके से निकालने में मदद करेगी। साफ-सफाई और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 15,000 करोड़ सीवरेज और शौचालयों से जुड़े प्रबंधन पर खर्च होंगे। इनके रखरखाव के लिए अलग से 5,387 करोड़ का बजट रखा गया है। हर घर में साफ पानी पहुंचाने के लिए 9,900 करोड़ की योजना है और इसकी मरम्मत व देखरेख के लिए 8,286 करोड़ रखे गए हैं। शहरों को हरा-भरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए इस योजना में 1,265 करोड़ की हरियाली और बागवानी से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा 990 करोड़ की लागत से इलेक्ट्रिक श्मशान घाट बनाए जाएंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
खून की कमी, कमजोरी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।





# देश को मिले 419 जांबाज सैन्य अफसर, 9 मित्र राष्ट्रों के 32 कैडेट्स भी बने अधिकारी

## आईएमए पीओपी में श्रीलंका सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल लासांथा रोड्रिगो ने ली सलामी

- आईएमए देहरादून में ही प्रशिक्षण लेकर श्रीलंका के सैन्य अफसर बने हैं जनरल लासांथा
- सारे जहाँ से अच्छा और कदम-कदम बढ़ाए जा जैसे प्रेरक सैन्य धुनों पर बढ़े कदम
- भारत दौरा ऐतिहासिक सैन्य संबंधों का परिचायक, आपसी सहयोग को सशक्त बनाएगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) की 156वीं पीओपी यानी पासिंग आउट परेड का शनिवार को भव्य आयोजन हुआ। इस पीओपी में भारत को 419 नए जांबाज सैन्य अफसर मिल गए हैं।

इस पासिंग आउट परेड में कुल 451 जैंटलमैन कैडेट्स अपना कोर्स पूरा करके सैन्य अफसर बन गए हैं। इनमें 9 मित्र देशों के 32 जेंटलमैन कैडेट्स भी आईएमए से सैन्य प्रशिक्षण कोर्स पूरा करके अफसर बन गए हैं और अब वे अपने-अपने देशों की सेना में शामिल होकर अपने देशों की सेवा करेंगे। इस गरिमामयी परेड की समीक्षा (सलामी) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल लासांथा रोड्रिगो (आरएसपी, सीटीएफ-एनडीयू, पीएससी, आईजी) ने की। उन्होंने आईएमए से सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण कर पास आउट हो रहे ऑफिसर कैडेट्स को बधाई दी एवं उत्कृष्ट परेड, अनुशासित परिधान और अद्वितीय समन्वय के लिए प्रशिक्षकों और कैडेट्स की सराहना की।

यह दौरा भारत और श्रीलंका की सेनाओं के बीच पारंपरिक, सुदृढ़ और ऐतिहासिक सैन्य संबंधों का परिचायक है तथा आपसी सहयोग को और सशक्त बनाएगा। उन्होंने फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के प्रेरणास्पद शब्दों के साथ अपना संबोधन समाप्त किया ख्र "सच्चे बनो, ईमानदार बनो, निर्भीक बनो।" पासिंग आउट परेड के लिए सुबह सवेरे करीब 8:05 बजे आईएमए की गौरवशाली ऐतिहासिक चेटवुड भवन के सामने मैदान से अंतिम पग की तरफ जेंटलमैन कैडेट्स बढ़े। चेटवुड भवन के दरवाजे खुले और यह सभी कैडेट्स कदमताल करते हुए इसके भीतर चले गए, जिसे अंतिम पग का नाम दिया गया है।

### इन जैंटलमैन कैडेट्स को मिले मेडल

अनिल नेहरा स्वॉर्ड ऑफ ऑनर और सिल्वर मेडल, रोनित रंजन गोल्ड मेडल, अनुराग वर्मा ब्रॉन्ज मेडल, कपिल टीईएस सिल्वर, आकाश भदौरिया टीजी सिल्वर, केरन कंपनी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर।

### कंधें पर सजे सितारे, तो झूमे परिजन



पासिंग आउट परेड के करीब 1 घंटे के ब्रेक के बाद 9:05 पर पीपिंग सेरेमनी और ओथ सेरेमनी की शुरुआत कर दी गई। इस बार खास यह रहा कि सेना के अफसर के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ का ये कार्यक्रम खुले मैदान की जगह खेत्रपाल भवन के अंदर किया गया।मुख्य अतिथि और सेना के अफसरों की मौजूदगी में शपथ कार्यक्रम हुआ।साथ ही भवन के अंदर ही पीपिंग सेरेमनी भी की गई, जिसमें परिजनों ने कंधों पर सितारे लगाकर इस यादगार पल को खास बनाया। अपने अफसर बेटों के कंधों पर सितारे लगाते वक्त परिजन बेहद खुश और उत्साहित नजर आए।

# केवल जिला पंचायत सदस्यों को ही मिलेगा पार्टी सिंबलः कांग्रेस

- कांग्रेस तैयार कर रही पंचायत चुनावों के लिए पर्यवेक्षक
- क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधानों पर सभी सीटें होंगी ओपन
- क्षेत्र प्रमुख व जिला पंचायत प्रमुखों पर बाद में होंगे पार्टी उम्मीदवारः धस्माना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में आगामी त्रीस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए प्रदेश कांग्रेस पार्टी अगले दो दिनों में सभी बारह जिलों के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक बना कर भेजने जा रही है।

यह बात शनिवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कही। धस्माना ने कहा कि पार्टी पर्यवेक्षक पार्टी के जिला अध्यक्षों ब्लॉक अध्यक्षों पंचायत में प्रतिनिधित्व कर चुके नेताओं, सांसद व विधायक का चुनाव लड़े नेताओं व पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों से चर्चा कर जिले की जिला पंचायत सदस्य सीटों पर संभावित उम्मीदवारों का पैनल तैयार करेंगे व उसको प्रदेश कांग्रेस कमेटी को प्रेषित करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत के लिए प्रत्याशी नहीं उतरेगी व इन पर सभी सीटें ओपन रखी जाएंगी जहां पार्टी के एक से अधिक उम्मीदवार होंगे वहां स्थानीय स्तर पर पार्टी पदाधिकारी समन्वय बनाएंगे। धस्माना ने कहा कि जिला पर्यवेक्षकों को पूरा त्रीस्तरीय चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी दी जा रही है जिसमें क्षेत्र पंचायत प्रमुखों व जिला पंचायत प्रमुखों के चुनाव संपन्न करवाना भी शामिल होगा। धस्माना ने कहा कि प्रदेश में वातावरण कांग्रेस के पक्ष में है और पिछले आठ वर्षों से भाजपा का कुशासन झेल रही जनता इस बार भाजपा को बाहर का रास्ता दिखाएगी और ग्रामीण सरकार कांग्रेस की होगी।

# ITBP के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान-2025 को मुख्यमंत्री ने किया रवाना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान-2025 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत हुए सभी यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। विमान दुर्घटना में दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, सचिव गृह शैलेश बगौली, डीजीपी दीपम सेठ, आईजी आईटीबीपी गिरीश चन्द्र उपाध्याय एवं आईटीबीपी के जवान मौजूद थे।

- विमान दुर्घटना में दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए भी दो मिनट का मौन रखा

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आईटीबीपी के वीर जवानों, अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह अभियान न केवल साहस और संकल्प का प्रतीक है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों की सामरिक सुरक्षा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी का 45 सदस्यीय दल इस अभियान के अंतर्गत उत्तराखंड से हिमाचल प्रदेश होते हुए लद्दाख तक लगभग 1032 किलोमीटर की कठिन यात्रा करेगा। यह अभियान न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों की निगरानी सुनिश्चित करेगा, बल्कि धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की पहचान तथा स्थानीय परंपराओं को प्रोत्साहित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

### ट्रैकिंग दल 1032 किमी की दूरी तय करेगाः संजय गुंज्याल

आईजी आईटीबीपी संजय गुंज्याल ने कहा कि हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान के तहत आईटीबीपी का दल कुल 1032 किमी की दूरी तय करेगी। इसमें दल 27 घाटियों और 27 दर्रों को पार करेगा। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ ही वाइब्रेंट विलेज क्षेत्रों में एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि इस ट्रेकिंग रूट में कुल 84 वाइब्रेंट विलेज आयेंगे। इस दौरान अभियान दल द्वारा स्थानीय लोगों को 3.5 लाख फलदार पौधे भी वितरित किए जाएंगे।

# भाजपा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव रणनीति को दिया अंतिम रूप

- मुख्यमंत्री आवास में पंचायत चुनावों को लेकर हुई दो महत्वपूर्ण बैठक
- सीएम धामी, प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष और महामंत्री संगठन रहे मौजूद
- जिला पंचायत सदस्य चुनाव के लिए पार्टी के समर्थित प्रत्याशी चयन के लिए पर्यवेक्षकों के नामों की सूची को दिया अंतिम रूप



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने प्रदेश प्रभारी एवं मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में पार्टी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव रणनीति को अंतिम रूप दिया है। पार्टी शीघ्र सभी विधानसभा क्षेत्रों के समर्थित जिला पंचायत सदस्यों के चयन के लिए पर्यवेक्षक भेजेगी ।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास में पंचायत चुनावों के संदर्भ में दो महत्वपूर्ण बैठक हुई। सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रदेश टोली बैठक हुई, इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार शामिल हुए। जिसमें त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सदस्य चुनाव के लिए पार्टी के समर्थित प्रत्याशी चयन के लिए पर्यवेक्षकों के नामों की सूची को अंतिम रूप दिया गया। साथ ही इस बार प्रत्येक प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव लड़ाने की योजना बनाई गई।

चौहान ने बताया कि बैठक में निश्चित किया गया है कि जैसे ही चुनाव तिथि और आरक्षण की अंतिम घोषणा होगी, पर्यवेक्षकों को क्षेत्रों में भेज दिया जाएगा। जहां वह जिला पंचायत सदस्य पद के लिए समर्थित उम्मीदवारों के नामों का पैनल तैयार किया जाएगा। जिस पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा क्षेत्र, समाज, वर्ग और पार्टी रणनीति के अनुसार विचार विमर्श उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की जाएगी।

इसी तरह अधिकांश प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य पर कमल खिलाने के लिए पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं को तैयार किया जाएगा। बैठक में पार्टी का लक्ष्य स्पष्ट किया गया, अधिकांश प्रधान बीडीसी एवं ब्लॉक प्रमुख और सभी जिला पंचायत अध्यक्ष भाजपा के बनवाना। टोली बैठक में प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, खिलेंद्र चौधरी, राजेंद्र बिष्ट, राजपुर विधायक खजान दास, सरकार ने दायित्वधारी ज्योति गैरोला और रुचि भट्ट ने भाग लिया ।

## जोशी ने सेना में कमीशन प्राप्त करने वाले अफसरों को दी बधाई

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** भारतीय सैन्य अकादमी में स्प्रिंग टर्म 2025 पासिंग आउट परेड के दौरान मित्र देशों के 32 अधिकारी कैडेटों सहित कुल 451 अधिकारी कैडेट द्वारा कमिशन प्राप्त किया गया। सूबे के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कमिशन प्राप्त करने वाले समस्त अधिकारियों को बधाई दी है। उनके द्वारा इस अवसर पर कहा गया की सेना के लगभग 18 प्रतिशत सैनिक उत्तराखंड से आते हैं, जो हमारे लिए गौरव की बात है। उत्तराखंड सरकार सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ सदैव प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार द्वारा उत्तराखंड के कैडेट को 50,000 तथा पूर्व सैनिकों के आश्रित कैडेट को 1,00,000 पुरस्कार प्रदान किया जा रहा है।

# मानसूनः सीएम ने दिए सख्त निर्देश अलर्ट मोड में रहे सरकारी मशीनरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** सीएम धामी ने मानसून के दौरान किसी भी भूस्खलन की आपात स्थिति के दौरान घटना स्थल पर 15 मिनट के भीतर अनिवार्यतः जेसीबी पहुंचाने के सख्त निर्देश लोक निर्माण विभाग सहित सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने तत्परता से राज्य का लैंडस्लाइड मैप तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को उत्तराखण्ड राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र में सभी जिलाधिकारियों के साथ मानसून सीजन एवं आपदा प्रबन्धन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने बरसात से पहले राज्य के सभी पुलों का सुरक्षा ऑडिट करते हुए सम्बन्धित सचिव को विशेषरूप से हल्द्वानी से कैंचीधाम, अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ रुट के पैच वर्क एवं राज्य के सभी पुलों की समीक्षा हेतु तत्काल निरीक्षण दौरा करने के निर्देश दिए हैं। मानसून सीजन एवं मेडिकल आपातकाल के दृष्टिगत मुख्यमंत्री ने पुरानी एम्बुलेंस वाहनों को तत्परता से बदलने के निर्देश दिए हैं । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मेडिकल इमर्जेंसी जैसी स्थिति की दृष्टि से पिथौरागढ़ एक अतिरिक्त हैलीकॉप्टर की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने पिथौरागढ़ में हैलीपेड एवं एयपोर्ट निर्माण सम्बन्धित कार्यवाही को तीव्र करने के निर्देश जिलाधिकारी को दिए हैं। सीएम ने मानसून के दौरान जीर्ण शीर्ण विद्यालयों का चिन्हीकरण करते हुए इनमें विद्यार्थियों का पठन-पाठन बन्द करवाते हुए तत्काल प्रभाव से शेल्टर की व्यवस्था करने के निर्देश शिक्षा विभाग एवं जिलाधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री ने अगले तीन दिनों में स्कूल, अस्पतालों, आश्रमों जैसे स्थलों संवेदनशील स्थलों का सुरक्षा की दृष्टि से वेरिफिकेशन करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उपाध्यक्ष राज्य सलाहकार समिति आपदा प्रबंधन विनय कुमार रुहेला, मुख्य सचिव आनंद बर्धन, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली एवं अन्य अधिकारी व वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी मौजूद रहे।

- मुख्यमंत्री धामी ने एक बार फिर दिखाया प्रो-एक्टिव एप्रोच

# केंद्रीय संचार ब्यूरो ने पतंजलि वेलनेस सेंटर में किया योग कार्यक्रम

- योग गुरु स्वामी रामदेव ने साधकों को कराया योग का अभ्यास




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हरिद्वार/देहरादून।** केंद्रीय संचार ब्यूरो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के देहरादून कार्यालय द्वारा शनिवार को हरिद्वार स्थित पतंजलि वेलनेस सेंटर में योग पर आधारित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत योग गुरु स्वामी रामदेव के सान्निध्य में योग अभ्यास से हुई। उन्होंने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों और आगंतुकों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया तथा योग के वैज्ञानिक, मानसिक, और आध्यात्मिक लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस अवसर पर स्वामी रामदेव का स्वागत केंद्रीय संचार ब्यूरो के अधिकारियों द्वारा पौधा भेंट कर किया गया। स्वामी रामदेव ने योग को भारत की ऋषि परंपरा की अनुपम देन बताते हुए कहा कि यह न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का साधन है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और वैश्विक स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि आगामी 21 जून, जो कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है, को पूरे उत्साह के साथ मनाएं और बड़ी संख्या में योगाभ्यास में भाग लें। उन्होंने योग जागरूकता को बढ़ाने के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व देशभर में केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा जन-जागरूकता के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य आम नागरिकों को योग के प्रति प्रेरित करना है ताकि वे अपने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बना सकें तथा एक स्वस्थ और समर्थ भारत के निर्माण में योगदान दे सकें।

## चारधाम यात्रियों की सुरक्षा को सीएम के निर्देश

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** चार धाम यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा इस वर्ष अधिक बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है, इसलिए यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और अत्यधिक बारिश या भूस्खलन के चलते यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर रोक लिया जाए और स्थिति सामान्य होने के बाद ही आगे रवाना किया जाए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न बांधो तथा जलाशय का भी निरीक्षण करने तथा इनमें जमा सिल्ट को निकालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है कि जलाशयों की भंडारण क्षमता कम ना हो। जलाशयों की भंडारण क्षमता कम होगी तो जिस उद्देश्य से जलाशय बनाए गए हैं उसकी पूर्ति नहीं हो पाएगी।

# कृषि विभाग में घोटालों पर चुप क्यों है सरकारः माहरा



- कांग्रेस अध्यक्ष ने सीएम व शिक्षमंत्री का इस्तीफा मांगा
- तराई बीज विकास निगम की नीलामी व कृषि मेले के ठेके में करोड़ों के घोटाले का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने तराई बीज विकास निगम की नीलामी और कृषि मेले के नाम पर चहेते ठेकेदार को ठेका देने में करोड़ों रूपये के घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य के कृषि विभाग में एक के बाद एक घोटालों को अंजाम दिया जा रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री मौन धारण किये हुए हैं।

उन्होंने कहा कि एक वर्ष पूर्व रानीखेत में भी उद्यान विभाग मे करोड़ों रूपये के घोटाले को अंजाम दिया गया था, मगर उसकी भी जांच नहीं हो पाई और अब एयरपोर्ट विस्तारीकरण के नाम पर तराई बीज विकास निगम की परिसम्पत्तियों की औने-पौने दामों पर नीलामी कर करोड़ों रूपये के घोटाले को अंजाम दिया गया है। माहरा ने तराई बीज विकास निगम की नीलामी को तत्काल रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि कृषि मंत्री गणेश जोशी और घोटालों का पुराना नाता रहा है। गणेश जोशी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के इस्तीफे की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि तराई बीज विकास निगम किसानों की एक प्रमुख बीज संस्था है जिसने उत्तराखंड ही नहीं उत्तर प्रदेश के सीमावती क्षेत्रों को उत्तम किस्म के बीज उपलब्ध कराने के साथ ही उत्तराखंड राज्य के तराई क्षेत्र को एक नई पहचान दी है। माहरा ने कहा कि जिस प्रकार केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों को अपने चहेते उद्योगपति मित्रों को कौडियों के भाव दिया जा रहा है, उसी प्रकार राज्य की धामी सरकार द्वारा राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों में खुली लूट की जा रही है। माहरा ने कहा कि 'एग्री मित्र उत्तराखंड- 2025' कृषि मेले के लिए राज्य कृषि विभाग की और से जारी किए गए टेंडर प्रक्रिया के तहत ठेके का आवंटन 11 जून 2025 की रात 9:30 बजे किया जाना था, मगर प्रक्रिया के दो दिन पूर्व 9 जून 2025 को ही ठेकेदार ने कार्यस्थल पर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया जो कि साफ जाहिर करता है कि टेंडर प्रक्रिया को आम लोगों की आंख में धूल झोंकने के लिए आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि ठेकेदार की और से टेंडर खुलने से 3 दिन पहले ही मैदान में काम शुरू कर देना यह दर्शाता है कि टेंडर पहले से फिक्स था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने तराई बीज विकास निगम नीलामी घोटाले और कृषि मेला ठेका घोटालों की जांच उच्च न्यायालय के सिटिंग जज से कराये जाने व कृषि मंत्री गणेश जोशी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के इस्तीफे की मांग की है।

# मृत व्यक्ति को जिंदा दिखा बेची जमीन, एक गिरफ्तार



■ लंबगांव पुलिस ने किया पर्दाफाश, छह लाख पचास हजार की ठगी में हुआ खुलासा
■ भूमि धोखाधड़ी मामले में न्यायालय ने आरोपी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल के लंबगांव थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाले भूमि फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है, जिसमें मृत व्यक्ति को जीवित दिखाकर उसकी भूमि की अवैध रजिस्ट्री कर दी गई। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

घटना की शुरुआत बीती 2 मई को हुई जब ग्राम भेनगी निवासी शूरवीर सिंह खरोला ने लंबगांव थाने में तहरीर दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि पारिवारिक भूमि को लेकर मृत व्यक्ति कुंदन सिंह को जीवित दर्शाकर उसके नाम की फर्जी रजिस्ट्री की गई।

इस षड्यंत्र में आरोपी धन सिंह को कुंदन सिंह के रूप में प्रस्तुत कर, भूमि का अनैतिक ढंग से हस्तांतरण किया गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी अरुल ई पॉल सहित अन्य के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 419, 420, 467, 468, 471 और 120(बी) के तहत आपराधिक षड्यंत्र, जालसाजी, धोखाधड़ी और दस्तावेजों की फर्जीवाड़ा से संबंधित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। एसएसपी आयुष अग्रवाल के निर्देश पर मामले की जांच की जिम्मेदारी थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह रौतेला ने उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार को सौंपी। इसके बाद पुलिस टीम का गठन कर मामले में तेजी से कार्रवाई शुरू की गई। जांच के दौरान ग्राम भेनगी, पट्टी रैका निवासी भाग सिंह (52 वर्ष), पुत्र स्वर्गीय सुंदर सिंह का नाम सामने आया, जिसने मृत व्यक्ति के नाम पर फर्जी रजिस्ट्री कर खुद के बैंक खाते में 6 लाख 50 हजार रुपये प्राप्त किए।

आरोपी भाग सिंह को पुलिस टीम ने उसके आवास से गिरफ्तार किया और उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस सफल कार्रवाई में एसआई राजेंद्र कुमार, एएसआई कपिल यादव, हेड कांस्टेबल दलजीत सिंह और कांस्टेबल अंशुल की अहम भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच आगे भी जारी रहेगी और इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है।

## सरेआम मारपीट कर दबंगई करना युवकों को पड़ा भारी, पुलिस ने की गिरफ्तारी

**कोटद्वार।** वादिंनी संगीता चौधरी, निवासी- कोटद्वार द्वारा कोतवाली कोटद्वार पर एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें उनके द्वारा अंकित किया गया कि घराट रोड़ पुल कोटद्वार पर मेरे पुत्र आयुष चौधरी के साथ कुछ युवकों क्रमशरू आयुष भट्ट उर्फ अथर्व, उम्र- 22 वर्ष, पुत्र चंद्रमौली भट्ट, निवासी- मानपुर, कोटद्वार, आयुष रावत, उम्र -19 वर्ष, पुत्र राजदीप सिंह रावत, निवासी- शिवपुर, कोटद्वार, आयुष बिष्ट उर्फ दर्शील पुत्र सुरेश सिंह बिष्ट,उम्र-25 वर्ष, निवासी- शिवाजी कॉलोनी, पदमपुर सुखरो, कोटद्वार, शुभम डोबरियाल उम्र- 25 वर्ष, पुत्र भारत मोहन, निवासी- लालपुर, कोटद्वार व जतिन के द्वारा मोटर साइकिल की चाबी से वार करने के अलावा मारपीट कर घायल कर दिया है। जिस सम्बन्ध में कोतवाली कोटद्वार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसी घटना से सम्बन्धित मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा था, घटना के इस वीडियो का संज्ञान लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा इसे गम्भीरता से लेते हुए अभियुक्तगणों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए। जिसके अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार चन्द्रमोहन सिंह व क्षेत्राधिकारी कोटद्वार निहारिका सेमवाल के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह तनवार के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गयी। गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए शनिवार को अभियुक्तगणों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगणों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है साथ ही अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी भी की जा रही है।

# बीच सड़क में बीमार हो गई आपातकालीन सेवा 108

■ स्थानीय लोगों की मदद से आपातकालीन सेवा को धक्का मारकर किया ठीक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली।** आपातकालीन सेवा वैसे तो इमरजेंसी जैसे तमाम हालातों में मरीजों के लिए काम आती है। वही सड़क दुर्घटना , बीमार और अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने वाले मरीजों के लिए आपातकालीन सेवा 108 एम्बुलेंस से मरीजों को अस्पताल ले जाने का काम करती है, लेकिन अगर यही एम्बुलेंस कहीं सड़कों पर रुक जाती है . तो कई बार देखा जाता है. कि मरीज को अपनी जान तक गवानी पड़ती है .जर्जर हालत और समय-समय पर सड़कों पर ही बंद पड़ जाती है।

108 एम्बुलेंस थराली में तैनात 108 एम्बुलेंस मरीज को लेकर बागेश्वर जा रहा था वही अचानक थराली मुख्य बाजार में खराब हो गई इसके बाद बड़ी मुश्किल से गाड़ी अचानक ठीक हो गई फिर 108 एंबुलेंस मरीज को लेकर बागेश्वर अस्पताल चली गई . हालांकि जिस समय एम्बुलेंस खराब हुई उसमे उस समय मरीज नही था। मरीज को देवाल तिहारे से बागेश्वर के लिए ले गए। एक ताजा मामला शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तैनात आपातकालीन सेवा 108 एम्बुलेंस थराली मुख्य बाजार में अचानक खराब हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से आपातकालीन सेवा 108 एम्बुलेंस को धक्का मार कर बड़ी मुश्किल से किनारा किया है आधे घण्टे बाद एम्बुलेंस फिर अचानक ठीक हो गई. लेकिन सड़कों पर देखा जाता है . कि कई बार 108 खराब हो जाती है ऐसे में मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# यात्रा में बिछड़ रहे श्रद्धालुओं को आपस में मिला रहे पुलिस जवान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ पैदल मार्ग में परि. जनों से बिछड़ी बुजुर्ग दादी को पुलिस ने पोती से मिलवाया। जिसके बाद दादी पोती से मिलकर भावुक हो गई।

कटक निवासी वृद्ध दादी लक्ष्मी साहू केदारनाथ जाते समय अपने परि. जनों से बिछड़ गई थी। दादी ने अपनी परेशानी केदारनाथ में ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवानों को बताई। पुलिस ने आपसी तालमेल व अनाउंसमेंट के माध्यम से दादी को उनकी पोती स्मिता साहू से मिलवाया। वहीं जिला भोजपुर, बिहार निवासी फुलझाड़ी देवी अपने परिजनों के साथ केदारनाथ यात्रा पर आई थी। दर्शनों के बाद वापस लौटते समय वह अपने परिवार वालों से बिछड़ गई तथा भटकते भटकते कोतवाली सोनप्रयाग तक पहुंच गई। कोतवाली सोनप्रयाग में महिला हेल्प डेस्क में ड्यूटी में तैनात महिला कार्मिकों ने परेशान अवस्था में देखा तो इनसे इनकी समस्या पूछी। बुजुर्ग महिला द्वारा बताए गए उनके घर के पते के आधार पर सम्बन्धित थाने से सम्पर्क कर उनके गांव के चौकीदार का नम्बर लेकर ग्राम चौकीदार से सम्पर्क कर बुजुर्ग श्रद्धालु के परिजनों का नम्बर लेकर परिजनों से सम्पर्क किया।

## आपत्तियों पर प्रथम सुनवाई होगी 16 को

**रुद्रप्रयाग( शाह टाइम्स )।** जनपद में त्रिस्तरीय पंचायतों के तहत ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं जिला पंचायत साथ ही प्रमुख, प्रधान तथा सदस्यों के पदों पर आरक्षण निर्धारण का अन्तिम प्रकाशन हो गया है। 14 एवं 15 जून को आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं। ये आपत्तियां जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, जिला पंचायतराज अधिकारी एवं संबंधित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालयों में दर्ज कराई जा सकती हैं। मुख्य विकास अधिकारी राजेद्र सिंह रावत ने बताया कि महत्वपूर्ण बात यह है कि 14 व 15 जून को सार्वजनिक अवकाश होने के बावजूद उपरोक्त दिवस कार्यालय खुले रहेंगे, जिससे नागरिक निर्बाध रूप से अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकें।

# निजी वाहन में विधायक का लगा बोर्ड पर हूटर का प्रयोग करना पड़ा महंगा

■ राजस्थान नंबर के वाहन में लगा था फर्जी विधायक का बोर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा में हर दिन देश के विभिन्न कोनों से हजारों की संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। ऐसे में पुलिस प्रशासन रात-दिन व्यवस्थाओं को जुटाने में लगा है। लेकिन यात्रा के दौरान कुछ ऐसे लोग भी पहुंच रहे हैं, जो बेवजह यात्रा में अन्य यात्रियों को परेशान कर रहे हैं। ये लोग वाहनों में हूटर लगाकर ध्वनि प्रदूषण कर रहे हैं। ऐसे लोगों पर पुलिस भी पैनी नजर बनाकर कार्यवाही कर रही है।

यातायात निरीक्षक कैलाश चन्द्र शर्मा अधीनस्थ पुलिस बल सहित यातायात व्यवस्थाओं के संचालन को लेकर सीतापुर-सोनप्रयाग क्षेत्रान्तर्गत थे। उन्होंने देखा कि यात्री वाहनों के बीच एक काले रंग का स्कॉर्पियो वाहन हूटर का प्रयोग करते हुए अन्य वाहनों को ओवरटेक कर आगे आने का प्रयास कर रहा था। उक्त वाहन को पुलिस बल ने रुकने का इशारा करते हुए रुकवाया तो राजस्थान नंबर के स्कॉर्पियो वाहन के फ्रन्ट पर विधायक लिखा बोर्ड लगा पाया गया। चूंकि वाहन पर निजी नम्बर प्लेट लगा हुआ था और वाहन पर इस प्रकार से किसी भी महानुभाव के पद का उपयोग किया जाना और हूटर बजाना मोटर वाहन नियमों का उल्लंघन था। हालांकि इस वाहन में कोई विधायक भी बैठे होने नहीं पाये गये। निरीक्षक यातायात रुद्रप्रयाग ने वाहन चालक सहित वाहन सवार सभी युवकों को हिदायत देते हुए इनके द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन किये जाने पर मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में चालानी कार्यवाही करते हुए विधायक लिखे बोर्ड व हूटर को उतरवाकर जब्त किया गया।

# केदारनाथ पैदल मार्ग के कुबेर ग्लेशियर में घोड़े से गिरा यात्री

■ घायल यात्री को बड़ी लिनचोली से हेली सेवा से भेजा गया गुप्तकाशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** केदारनाथ यात्रा में पहुंच रहे तीर्थ यात्री घोड़े-खच्चरों से यात्रा करने के दौरान चोटिल हो रहे हैं। ऐसे में तीर्थ यात्रियों की मदद को लेकर जिला प्रशासन तत्परता से कार्रवाही कर रहा है। घायल यात्रियों को हेली सेवा की मदद से स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जा रहा है।

शनिवार सुबह केदारनाथ धाम की घोड़े से यात्रा कर रहे ऋषिराज सिंह पुत्र रविराज भदौरिया निवासी कानपुर उत्तर प्रदेश कुबेर ग्लेशियर के समीप खच्चर से नीचे गया। सूचना मिलते ही तत्काल एनडीआरएफ की टीम द्वारा घायल यात्री को कुबेर ग्लेशियर से प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र बड़ी लिनचोली लाया गया। घायल यात्री के स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) और पेल्विक (कमर) क्षेत्र में चोट पाई गई। स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के उपरांत डॉक्टर के चिकित्सकीय परामर्श तथा सेक्टर अधिकारी बड़ी लिनचोली नन्दन सिंह रजवार के निर्देश पर घायल यात्री को हेली सेवा के माध्यम से रेफर किया गया। ट्रांस भारत हेली सर्विस के माध्यम से घायल यात्री को बड़ी लिनचोली हेलीपैड से गुप्तकाशी के लिए रवाना किया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि केदारनाथ धाम पहुंच रहे तीर्थ यात्रियों के घोड़ा खच्चर या अन्य किसी कारण के घायल होने पर त्वरित गति से राहत बचाव का कार्य किया जा रहा है। साथ ही हेली सेवा के माध्यम से गुप्तकाशी पहुंचाया जा रहा है, जिससे यात्री को समय से बेहतर उपचार मिल सके।

## नेपाली युवक के लिए देवदूत बने पुलिस जवान

**रुद्रप्रयाग( शाह टाइम्स )।** मन्दाकिनी नदी किनारे हाथ मुंह धोने गए एक नेपाली मजदूर का पैर फिसल गया, जिससे वह नदी के तेज बहाव में बहकर दूसरे किनारे फंस गया। सूचना पर तत्काल अपर उप निरीक्षक भूपाल सिहं गुसाईं के नेतृत्व में पुलिस टीम आवश्यक रेस्क्यू उपकरणों के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने देखा कि एक नेपाली मूल का व्यक्ति नदी के दूसरे किनारे पर फंसा है और मदद की गुहार लगा रहा है। पुलिस को देखकर नेपाली मजदूर थोड़ा शांत हुआ और उसकी बचने की उम्मीद जगी। तत्काल स्थानीय लोगों की सहायता से नदी के दूसरे किनारे फंसे लक्ष्मण पुत्र सिद्धि लाल निवासी जुमला नेपाल हाल गौरीकुण्ड को रस्सियों की मदद से सकुशल निकाला गया, जिस पर उक्त व्यक्ति तथा स्थानीय लोगों ने पुलिस के कार्य की सराहना की। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक भूपाल सिंह, आरक्षी विनोद गुसाईं, आरक्षी अमजद व आरक्षी राहुल शामिल थे।

# हरिद्वार से गौरीकुंड सवारी लेकर जा रही दो एंबुलेंस सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** एंबुलेंस में यात्रियों को ढ़ोना कुछ लोगों को महंगा पड़ गया। यात्रियों को ढ़ो रही इन एंबुलेंसों को पुलिस ने सीज कर दिया है। सोनप्रयाग में दो एम्बुलेन्स एक साथ हूटर बजाते हुए तेजी से गौरीकुण्ड की ओर जा रही थी।

पुलिस के पास यात्रा मार्ग पर किसी भी प्रकार की परेशानी सम्बन्धित सूचना भी नहीं थी। एम्बुलेन्स जैसी अनिवार्य व आवश्यक सेवा यातायात जाम में न फंसे, इसके लिये पुलिस की ओर से शटल सेवा मार्ग पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाती है। स्थानीय स्तर पर भी स्वास्थ्य विभाग इन एम्बुलेन्स के बारे में बेखबर था, क्योंकि ऐसी कोई भी इमरजेन्सी सूचना उन तक भी नहीं आयी थी। शक के आधार पर पुलिस की चेकिंग में पाया गया कि इन दोनों एम्बुलेंस में अवैध रूप से सवारी बिठाकर गौरीकुण्ड ले जाई जा रही थी। पूछताछ में चालकों द्वारा बताया गया कि हरिद्वार से लग्जरी एम्बुलेंस बुक कर सवारी लेकर आए थे। दोनो एम्बुलेंस से तत्काल प्रभाव से सवारियों को उतरवाकर इन एम्बुलेन्स को मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत सीज कर दिया गया है।

# चिन्यालीसौड़ की समस्याओं को लेकर बीआरओ को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** पीएम मोदी की चारधाम यात्रा के लिए महत्त्वाकांक्षी योजना ऑल वेदर रोड परियोजना पलीता लगाया जा रहा है।

नगर पालिका चिन्यालीसौड़ में बीआरओ द्वारा सड़क चौड़ीकरण में बुनियादी सुविधाओं की उपेक्षा का आरोप लगाया है। पालिकाध्यक्ष चिन्यालीसौड़ मनोज कोहली श्याम ने कमान अधिकारी सीमा सड़क संगठन तेखला उत्तरकाशी को पत्र लिखकर चारधाम परियोजना के तहत में चिन्यालीसौड़ नगर क्षेत्र के भीतर अनेक गम्भीर अव्यवस्थाएं पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ड्रीम प्रोजेक्ट ऑल वेदर रोड परियोजना में करोड़ों की धनराशि व्यय की जा चुकी है, लेकिन नगर क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था, बस स्टॉप, नाली निकासी, फुटपाथ, पैतृक रास्तों का निर्माण, अतिक्रमण नियंत्रण, तथा सड़क सुरक्षा जैसी अत्यावश्यक बुनियादी सुविधाओं की उपेक्षा की गई है। उन्होंने कहा कि बीआरओ द्वारा प्रतिकर वितरण एवं पूर्व में दिए गए आश्वासनों से संबंधित विवाद आज भी लंबित हैं, जिससे क्षेत्र की जनता निरंतर असुविधा झेल रही है। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में भी शिथिलता, मनमानी रवैया, निर्माण मानकों के गुणवत्ता में घोर लाप. रवाही, सड़क की चौड़ाई को पूर्व की तुलना में कम करना तथा भविष्य की आवश्यकताओं की पूर्णत: अनदेखी करने से समस्याएं गंभीर रूप से उजागर हुई हैं।

# कोटेश्वर खेल मैदान बचाओ जनतिनिधियों की आंदोलन की दी चेतावनी

■ खेल मैदान पर निर्माण कार्य हुआ, तो होगा उग्र आंदोलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नरेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के कोटेश्वर बांध के निकट स्थित बहुप्रयोगी खेल मैदान को बचाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने मोर्चा खोल दिया है। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि टीएचडीसी कोटेश्वर बांध परियोजना प्रशासन द्वारा मैदान पर किसी प्रकार का अन्य निर्माण कार्य किया गया, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

गौरतलब है कि 7 जून को जनप्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने टीएचडीसी के महाप्रबंधक को एक ज्ञापन सौंपा था, जिसके संदर्भ में शनिवार को परियोजना प्रशासन द्वारा उन्हें वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया। वार्ता के दौरान जनप्रतिनिधियों ने दो टूक कहा कि यह खेल मैदान वर्षों से स्थानीय युवाओं के लिए क्रिकेट टूर्नामेंट और अन्य खेल गतिविधियों का केंद्र रहा है, और इसे स्टेडियम के रूप में विक. सित करने की मांग लंबे समय से की जा रही है। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि टीएचडीसी प्रशासन अब इस मैदान पर वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियों के लिए निर्माण करना चाहता है, जिससे न केवल खेल गतिविधियों को नुकसान पहुंचेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं की खेल प्रतिभा और भविष्य पर भी संकट मंडराएगा। उन्होंने मांग की कि यदि मैदान पर निर्माण आवश्यक है, तो निकटवर्ती क्षेत्र में वैकल्पिक खेल मैदान तत्काल उपलब्ध कराया जाए, जिससे युवा वर्ग की जरूरतें प्रभावित न हों। इसके साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि कोटेश्वर क्षेत्र में प्रस्तावित वाटर स्पोर्ट्स कॉलेज और अन्य संस्थानों में बांध प्रभावित क्षेत्रों के युवाओं को रोजगार और प्रशिक्षण में प्राथमिकता दी जाए। इस मौके पर प्रधान संगठन अध्यक्ष धन सिंह सजवाण, निवर्तमान प्रशासक विनोद सिंह चौहान, रघुवीर सिंह सजवाण, प्रकाश सिंह, प्रेम सिंह और दरमियान सिंह रावत ने एक स्वर में कहा कि यदि उनकी जायज मांगें नहीं मानी गईं, तो वे उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

## संस्कृति, संगीत और अध्यात्म का महोत्सव आज श्रीनगर में लगेगा

**श्रीनगर( शाह टाइम्स )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के कला एवं संस्कृति प्रभाग द्वारा रविवार को श्रीनगर के सर्राफा धर्मशाला में संस्कृति, संगीत और आध्यात्म का महोत्सव आयोजित किया जायेगा। जबकि नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान का भी शुभारंभ होगा। संस्कृति, संगीत और आध्यात्म से कैसे बुरे व्यसनों को अपने जीवन से मुक्त कर सकते है, इस पर विशेष पाठशाला होगी। वहीं देश के विभिन्न हिस्सों से आये सुप्रसिद्ध गायकों एवं कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियां देखने को मिलेगी। श्रीनगर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के तत्वावधान में होने वाले कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कला एवं संस्कृति विभाग अहमदाबाद की चेयरपर्सन राजयोगिनी बीके चंद्रिका दीदी ने कहा कि कला एवं संस्कृति से कैसे नशा मुक्त समाज को किया जा सकता है।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी

**रुद्रप्रयाग( शाह टाइम्स )।** केदारनाथ यात्रा के दौरान यातायात नियमों को उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस की ओर से लगातार कार्यवाही जारी है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने चार थार समेत कुल 12 वाहनों के शीशों पर लगाई काली फिल्म उतरवा कर वाहन चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं में चालानी कार्यवाही की है। पुलिस अधीक्षक अक्षय कोंडे के निर्देशन में जनपद में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की जा रही है।

# श्री पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्माण कार्यों को मिली रफ्तार

■ खेल निदेशालय ने जारी की 9.12 करोड़ की अंतिम किश्त, बहुउद्देशीय सुविधाओं का होगा विकास
■ खिलाड़ियों के लिए छात्रावास निर्माण का प्रस्ताव, खेल प्रतिभाओं को मिलेगा संबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जनपद टिहरी गढ़वाल के मुनिकीरेती स्थित श्री पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण कार्य तीव्र गति से जारी हैं। बहुउद्देशीय बैडमिंटन हॉल, राष्ट्रीय स्तर का फुटबॉल ग्राउंड, क्रिकेट पिच और वॉलीबॉल कोर्ट जैसे खेल ढांचे विकसित किए जा रहे हैं, जिससे जनपद के युवाओं को अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

खेल निदेशालय द्वारा स्टेडियम के निर्माण कार्यों के लिए तीसरी और अंतिम किश्त के रूप में 9 करोड़ 12 लाख 99 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत कर जारी कर दी गई है। इसके साथ ही 12 करोड़ 34 लाख 82 हजार रुपये की कुल परियोजना लागत के तहत निर्माण कार्यों में और अधिक तेजी आ गई है। जिला क्रीड़ा अधिकारी दीपक रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि स्टेडियम में विभिन्न खेलों के लिए आवश्यक ढांचागत सुविधाओं का विकास युद्धस्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद जिले के युवाओं को अभ्यास, प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर मंच प्राप्त होगा, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल के निर्देशानुसार स्टेडियम परिसर में क्रिकेट और अन्य खेलों से जुड़े खिलाड़ियों के लिए छात्रावास निर्माण का प्रस्ताव भी खेल निदेशालय को भेजा गया है। प्रस्ताव स्वीकृत होने पर खिलाड़ियों को अभ्यास के साथ-साथ रहने की उत्तम सुविधा भी प्राप्त होगी, जिससे उनका खेल प्रदर्शन और भी निखरेगा। श्री पूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम के निर्माण से न केवल जिले में खेल गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा, बल्कि युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली की ओर प्रेरणा भी प्राप्त होगी। यह स्टेडियम भविष्य में बड़ी खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन का भी केंद्र बन सकता है।

## एक नजर .......

### केंद्रीय विद्यालय की कक्षाओं के संचालन की प्रक्रिया हुई तेज

**कोटद्वार ( शाह टाइम्स )।** भाबर क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज कण्वघाटी में केंद्रीय विद्यालय की कक्षाओं के संचालन की प्रक्रिया तेज होने लगी है। प्रक्रिया के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय लैंसडौन की प्रधानाचार्य अक्षिता चौधरी ने कक्षाओं के संचालन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। बताया कि सोमवार से विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया आरंभ होने की उम्मीद है। इस दौरान उनके साथ आई केंद्रीय विद्यालय संगठन की टीम ने विद्यालय परिसर में पानी, बिजली, साफ-सफाई व शौचालय सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान राजकीय इंटर कालेज कण्वघाटी के विद्यालय प्रशासन ने तहसीलदार साक्षी उपाध्याय की मौजूदगी में केंद्रीय विद्यालय की कक्षाओं के लिए तैयार किए गए कक्षा-कक्षों को केंद्रीय विद्यालय को हस्तांतरित किया।तहसीलदार साक्षी उपाध्याय ने बताया कि विद्युत विभाग और जल संस्थान को विद्यालय में अविलंब पेयजल व विद्युत कनेक्शन लगाने के निर्देश दे दिए गए हैं।

### ट्रंचिग ग्राउंड की सुरक्षा दीवार के निर्माण का कार्य हुआ शुरू

**कोटद्वार ( शाह टाइम्स )।** नगर निगम प्रशासन की ओर से दो साल पहले खोह नदी में आई आपदा में बही ट्रंचिग ग्राउंड की सुरक्षा दीवार के निर्माण का कार्य शुरू हो चुका है। शासन ने सुरक्षा दीवार के निर्माण के लिए 1.50 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। सुरक्षा दीवार का निर्माण होने से खोह नदी में गिर रहे ट्रंचिग ग्राउंड के कूड़े पर भी अंकुश लग सकेगा। बतातें चलें कि वर्ष 2023 में 8 व 13 अगस्त को आई आपदा में खोह नदी ने भारी तबाही मचाई थी। इस दौरान गाड़ीघाट स्थित नगर निगम के ट्रंचिंग ग्राउंड की सुरक्षा दीवार भी आपदा में बह गई थी। इस कारण ट्रंचिंग ग्राउंड का कूड़ा लगातार खोह नदी में गिर रहा था। जिससे नदी लगातार प्रदूषित हो रही थी और जलीय जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा था। निगम प्रशासन की ओर से बाढ़ सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए सिंचाई विभाग को पत्र लिखा गया था, जिस पर आपदा मद में 1.50 करोड़ का प्रस्ताव तैयार कर जिला प्रशासन को भेजा गया था। इस संबध में नगर आयुक्त वैभव गुप्ता ने बताया कि शासन से 1.50 करोड़ की धनराशि स्वीकृत होने के बाद नगर निगम ने सिंचाई विभाग से बाढ़ सुरक्षा दीवार का निर्माण कराने को कहा, लेकिन सिंचाई विभाग ने बाढ़ सुरक्षा दीवार नहीं बनाई। जिस पर नगर निगम ने स्वयं ही टेंडर करा सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य शुरू करा दिया है।

### अहमदाबाद विमान दुर्घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर( शाह टाइम्स )।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मृतकों के प्रति भाजपा श्रीनगर मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित की। उन्होने ईश्वर से प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिजनों को यह असहनीय पीड़ा सहन करने की शक्ति दें। इस मौके पर भाजपा पदाधिकारियों ने कहा यह हादसा न केवल असंख्य परिवारों के लिए गहरा आघात है, बल्कि पूरे राष्ट्र की भावनाओं को झकझोर देने वाला है। कहा कि देश-विदेश से जुड़े कई लोग इस त्रासदी से प्रभावित हुए हैं। जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके अपार दु:ख की हम पूरी संवेदनाओं के साथ अनुभूति करते हैं। इस दु:खद घड़ी में पूरा देश शोकाकुल परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। मौके पर भाजपा पौड़ी जिला प्रभारी एवं दायित्व धारी राज्य मंत्री ऋषि कंडवाल, भाजपा श्रीनगर मंडल अध्यक्ष विनय घिल्डियाल, महामंत्री दिनेश पटवाल, बिपेंद्र बिष्ट सहित आदि मौजूद थे।

### रक्तदान के लिए स्वयं आगे आएं और दूसरों का जीवन बचाएं: गुसांई

**श्रीनगर( शाह टाइम्स )।** अंतरर्राष्ट्रीय रक्तदाता दिवस पर गढ़वाल विवि के एनसीसी कैडिट्सों ने लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए जन जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर 50 से अधिक एनसीसी कैडिट्सों ने स्वैछिक रक्तदान किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए गढ़वाल विवि के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. ओपीएस गुसांई ने रक्तदान को महादान बताया। उन्होने अपील की कि रक्तदान के लिए स्वयं आगे आएं और दूसरों का जीवन बचाएं। कार्यक्रम में गढ़वाल विवि के कुलसचिव प्रो. राकेश ढोडी ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर भी स्वस्थ रहता है और दूसरे को भी जीवन दिया जा सकता है। कहा कि यह दिवस शरीर विज्ञान में नोबेल पुरस्कार प्राप्त कार्ल लैंडस्टैनर की याद में मनाया जाता है। उन्होंने मानव रक्त में उपस्थित अगलूटिनिम के आधार पर ब्लड ग्रुप की खोज की थी। उन्होने सभी लोगों से स्वैच्छिक रूप से रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की। इस मौके पर एनसीसी अधिकारी डा. सुरेंद्र सिंह कुंवर, डा. गांधी सिंह चौहान, डा. विजयकांत पुरोहित, डा. प्रशांत मैठाणी, संजीव बलोनी, अजय सिंह बिष्ट सहित आदि मौजूद थे।

### यातायात नियमों का उल्लघंन करने पर 18 पर चालानी कार्रवाई

**श्रीनगर( शाह टाइम्स )।** यातायात के नियमों का उल्लघंन करने पर कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने चौकिंग अभियान चलाया। सीओं श्रीनगर अनुज कुमार के नेतृत्व में चले अभियान में पुलिस, आईटीबी के जवानों और ट्राफिक पुलिस ने 18 वाहनों पर मोटर विक्ल एक्ट के तहत कार्यवाही की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर जयपाल सिंह नेगी ने बताया कि चारधाम यात्रा पर जा रहें यात्री लगातार यातायात नियमों का पालन करवाने को लेकर महिला थाना के समीप चौकिंग अभियान चलाया गया। बताया कि अभियान के दौरान हेल्मेंट, रेटरों साइलेंसर, हुटर लगाने वालों के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। बताया कि इस दौरान वाहनों के काले पन्नी लगाने पर चार वाहनों पर भी कार्यवाही की गई। बताया कि अभियान के तहत 18 वाहनों पर कार्यवाही की गई। बताया कि आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# आपदा अलर्ट के लिए लगेंगे लांग रेंज इमरजेंसी सायरन: मिश्रा

■ पहले चरण में घनी आबादी वाले 15 स्थानों व पुलिस थानों में स्थापित किए जा रहे हैं सायरन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आपदा एवं आपातकाल स्थिति से जनमानस की सुरक्षा एवं अलर्ट करने के लिए तैयारी एडवांस स्टेज पर हैं अब देहरादून जिला आधुनिक लांग रेंज इमरजेंसी सायरन से लेस हो रहा है। शुरूआती चरण में जिले में 16 किमी एवं 08 किमी रेंज तक सुनवाई देने वाले एडवांस टैक्नॉलाजी वाले 15 सायरन सभी प्रमुख स्थानों पर लगाए जा रहे हैं जिनका आज आपदा कन्ट्रोलरूम में परीक्षण किया गया है।

जिलें में पहली बार आर्मी, पैरामिलट्री, एयरपोर्ट, बड़े अस्पताल आदि वायटल इन्सटॉलेशन यूनिट पर जिलाधिकारी की पहल पर रेपिड कम्यूनिकेशन सिस्टम भी लगाये जा रहे हैं, इससे बाहरी आक्रमण एवं अन्य अपातकालीन स्थिति में एक ही समय पर सभी संस्थानों से एक साथ कम्प्यूनिकेशन हो सकेगा। अपर जिलाधिकारी के के मिश्रा ने बताया कि युद्व एवं हवाई हमले जैसी हालात में आम नागरिकों को खतरे की चेता. वनी देने और सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए राजधानी देहरादून के सभी प्रमुख स्थानों पर सायरन लगाने का काम शुरू हो गया है। जिलाधिकारी सविन बंसल की मौजूदगी में शनिवार को जिला आपतकालीन परिचालन केंद्र में नए खरीदे गए आधुनिक सायरन का परीक्षण किया गया है। आधुनिक लांग रेज सायरन शुरूआती चरण में घनी आबादी वाले 15 स्थानों यथा थानों पुलिस चौकी में स्थापित किये जा रहे हैं।

जिलाधिकारी के निर्देशों पर पहले चरण में देहरादून सिटी के घनी आबादी वाले पुलिस थाना–चौकियों में 08 किलोमीटर और 16 किलोमीटर रेंज के 15 सायरन लगाए जा रहे है। इनका ट्रिगर संबंधित थाना–चौकियों सहित जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र में भी रहेगा। शुरूआती चरण में 16 किमी रेंज के 06 तथा 08 किमी रेंज के 09 आधुनिक सायरन स्थापित किये जा रहे हैं, जिससे पूरी देहरादून सिटी में एक साथ सायरन की आवाज सुनाई दे सकेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि दूसरे चरण में जनपद के ऋषिकेश, विकासनगर, चकराता एवं अन्य प्रमुख शहरों में भी चेतावनी सायरन स्थापित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि सिटी में 1970 दशक के पुराने सायरन लगे थे।

देहरादून में उस समय की आबादी के हिसाब से सायरन लगाए गए थे। वर्तमान में देहरादून की घनी आबादी में सभी स्थानों तक सायरन की आवाज पहुंचाने के लिए नए आधुनिक सायरनों की खरीद कर इनका परीक्षण कर लिया गया है। जल्द ही चिन्हित पुलिस थाना–चौकियों में इनकों स्थापित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सायरनों को उचित स्थानों पर स्थापित किया जाए। सायरन लगे स्थानों पर अवरोधक न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी केके मिश्रा, एसडीएम सदर हरिगिरि, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल जोशी, आपदा प्रबन्धन अधिकारी रिषभ सहित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।



# जयकारों के साथ बाबा बौखनाग देवता के मंदिर के कपाट खुले

■ बाबा बौखनाग गर्भगृह से निकले बाहर, श्रद्धालुओं को दिया दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** हर वर्ष की भांति इस बार भी विधि विधान के साथ सैकड़ों भक्तों की मौजूदगी में रवांई घाटी के आराध्य बाबा बौखनाग देवता के उपराडी गांव में मंदिर के कपाट खोल दिए गए हैं।

शनिवार दोपहर जयकारों के साथ बाबा बौखनाग अपने उपराडी गांव स्थित मंदिर से विधि विधान के साथ गर्भगृह से दर्शनार्थ बाहर निकले और भक्तों को आशीर्वाद दिया।

मंदिर से बाहर निकलने के बाद बौखनाग की पालकी ने ढोल बाजों के साथ बाहर निकली। बौख नाग देवता भाटिया गांव के लिए प्रस्थान किया जहां बाबा बौख नाग देवता का मेले का आयोजन होगा । उसके बाद देवता की पालगी कंसेरु, चक्र, उपराडी, साडा गांव,पौल गांव, कृष्णा, कुण्ड आदि गांव में रात्रि प्रवास करेगी और इन गांवों में हर्षोल्लास के साथ मेलों का आयोजन किया जाएगा। डेढ़ सप्ताह तक चलने वाली मेलों की यह शृंखला कुण्ड गांव में समाप्त होगी और उसके बाद बाबा बौखनाग की पालगी भाटिया में विश्राम करेगी। सावन के महीने भंडारे के साथ बाबा बौखनाग अपने थान के गर्भगृह में एक वर्ष के लिए विराजमान हो जाएंगे। कपाट खुलने के अवसर पर उपराडी , भाटिया, कंसेरू, कफनौल सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# हरिद्वार रोपवे टेंडर घोटाला भ्रष्टाचार का गंभीर उदाहरण: यशपाल आर्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा है कि हरिद्वार मनसा देवी रोपवे का टेंडर का मामला राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार का एक गंभीर उदाहरण है और भ्रष्ट सिस्टम किस तरीके से लोगो की जान से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहा इसकी बानगी है।



■ नेता प्रतिपक्ष आर्य ने टेंडर गड़बड़ी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की

देहरादून पहुंचे यशपाल आर्य ने शनिवार को एक बयान में कहा है कि हरिद्वार नगर निगम ने मनसा देवी रोपवे के संचालन और रखरखाव के लिए एक टेंडर जारी किया था, जिसमें रोपवे के अनुभव वाली कंपनियों को ही शामिल किया गया था। लेकिन बाद में इस टेंडर में बदलाव किया गया रोपवे संचालित करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता की जरूरत होती है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रश्न ये है की आखिर 44 साल से रोपवे का संचालन कर रही कंपनी को बाहर करने के लिए सड़क बनाने वाली कंपनियों को टेंडर में क्यो सम्मिलित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार को इस गंभीर भ्रष्टाचार के विषय की विस्तृत और निष्पक्ष जांच करानी चाहिए । हरिद्वार नगर निगम ने मार्च में, पात्रता मानदंड को चुपचाप बढ़ा दिया और रोपवे के अनुभव वाली कंपनियों के साथ–साथ रोपवे ऑपरेशन के लिए हॉस्पिटल चलाने वाली, पुल और हाईवे बनाने वाली, यहां तक कि टेलीकॉम सेक्टर की कंपनियों से बोली मंगा ली। आर्य ने कहा कि रोपवे के संचालन के लिए कंपनियों की अनुभवहीनता के कारण सुरक्षा पर सवाल उठने लगे और ये बदलाव नगर आयुक्त नंदन कुमार ने नगर निगम बोर्ड की मंजूरी के बिना किए थे, जिससे प्रक्रियागत खामियों और पारदर्शिता पर सवाल उठे।

# वरिष्ठ पत्रकार इमरान राव के पुत्र का निधन, शोक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** वरिष्ठ पत्रकार राव इमरान के ज्येष्ठ पुत्र अमर राव (18 वर्षीय) का शनिवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया है। उनके किशोर पुत्र के निधन से परिजनों एवं उनके संबंधियों को गहरा आघात पहुंचा है। थाना भगवानपुर क्षेत्र में उनके पैतृक गांव सिकंदरपुर में देर शाम को अमर राव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। कई पत्रकारों, सामाजिक और राजनी. तिक लोगों ने राव इमरान को पुत्र शोक होने पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया है।

परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार 12 जून की देर शाम को देहरादून के मेहुवाला में स्थित अपने घर से मोटरसाइकिल से निकला उनका पुत्र अमर राव चकराता रोड पर धूलकोट क्षेत्र में सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया था। उसको बेहोशी की हालत में ग्राफिक ऐरा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण पिछले दो दिनों से वो वेंटिलेटर पर था।

## ग्राम जोलगी में 'हमारी माटी, हमारी पछाण' कार्यक्रम आयोजित

**नई टिहरी( शाह टाइम्स )।** ग्राम जोलगी में शनिवार को 'हमारी माटी, हमारी पछाण, हमारी पित्रों की शान' नामक एक भव्य सांस्कृतिक धरोहर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों के साथ स्कूली छात्रों ने भी अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में चार चांद लगाए। कार्यक्रम का उद्देश्य पहाड़ की लोक संस्कृति, बोली–भाषा, रीति–रिवाज और परंपराओं के संरक्षण को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोकगायक गौरव कैंतूरा और रविंद्र पुरी के गीतों पर महिलाएं व बच्चे उत्साह के साथ थिरकते नजर आए। कार्यक्रम ने पूरे गांव को सांस्कृतिक उत्सव के रंग में रंग दिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर में हमारी असली पहचान छिपी है–चाहे वह हमारी बोली हो, खानपान हो, रीति–रिवाज हों या धार्मिक परंपराएं। उन्होंने कहा कि बदलते समय और पलायन की बढ़ती समस्या के बीच इस सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण और संवर्धन अत्यंत आवश्यक हो गया है।

## सनातन धर्म देता है मानवता की शिक्षा: डा. अतुल

**विकासनगर( शाह टाइम्स )।** सुभारती ग्रुप के संस्थापक डॉक्टर अतुल कृष्ण और उनकी टीम ने सनातन संगम न्यास के तत्वावधान में ग्राम जस्सोवाला में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणवासियों ने भाग लिया। इस अवसर पर, डॉक्टर अतुल कृष्ण ने सनातन धर्म के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह दुनिया का सर्वश्रेष्ठ धर्म है जो मानवता की शिक्षा देता है और सबके सुख और शांति की कामना करता है। डॉक्टर अतुल कृष्ण ने जोर देकर कहा कि सनातन धर्म के अंतर्गत सभी को समरसता का भाव पैदा करना चाहिए और जाति विहीन समाज के निर्माण के लिए प्रयास करना चाहिए।

# सुशासन व गरीब कल्याण के 11 साल कार्यक्रम को लेकर प्रोफेशनल मीट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** महानगर देहरादून के रायपुर विधानसभा राजपुर विधानसभा एवं कैंट विधानसभा में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का अमृत काल सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के 11 साल कार्यक्रम को लेकर प्रोफेशनल मीट आयोजित की गई।



कार्यक्रम में महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने सभी कार्यक्रमों में सर्वप्रथम गत 12 जून को प्लेन क्रैश दुर्घटना के सभी दिवंगतों के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि श्प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण हुए हैं। इन 11 वर्षों में प्रदेश उत्तराखंड की पूर्ववर्ती भाजपा एवं वर्तमान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार ने भी विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। मोदी के नेतृत्व में श्देश के प्रत्येक वर्ग के पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में जोगिंदर सिंह पुंडीर, विनोद उनियाल, प्रताप सिंह पवार, सुनीता विद्यार्थी, राजेश कंबोज, विशाल गुप्ता, गोपालपुरी, प्रदीप कुमार जन प्रति. निधि, वरिष्ठ नागरिक, प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भू कानून का दिख रहा असर सुखद :चौहान



■ कहा – विपक्ष हैरान माफियाओं में बेचैनी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश मे लागू सख्त भू कानून का असर दिखने लगा है और नियमों का उल्लंघन कर माफियाओं द्वारा अर्जित हजारों बीघा जमीन का राज्य सरकार में निहित होना इसका प्रमाण है।

### अवैध खरीद फरोख्त के जरिये अर्जित जमीनों पर कार्रवाई से जनता में उत्साह

भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी चौहान ने कहा कि अवैध खरीद फरोख्त के जरिये अर्जित जमीनों पर कार्यवाही से जनता मे उत्साह है। धामी सरकार के इस निर्णय के धरातल मे उतरने से जनता राज्य की बदलती डेमोग्राफी पर पूरी तरह से रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि इस कानून को लेकर तमाम संशय और दुष्प्रचार मे लगे विपक्षी भी कार्यवाही से हैरान और परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जन सहयोग से सरकार प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन और संरक्षण लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है।

उन्होंने इस कार्यवाही को सुखद बताते हुए कहा कि यह निर्णय उन लोगों के लिए स्पष्ट संदेश है, जिन्होंने अवैध तरीके से नियमों का उल्लंघन कर भूमि की खरीद फरोखघ्त की है और उनके लिए नियम तोड़ना आसान नही होगा। पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि अभी राजधानी क्षेत्र मे 900 बीघा जमींन राज्य सरकार मे निहित की गयी है और अन्य पर जांच जारी है जो कि एक बड़ी संख्या के रूप मे सामने आयेगी। उन्होंने कहा कि पर्वतीय जिलों मे कृषि भूमि खरीद पर रोक लगायी गयी है और उन मामलों पर जाँच चल रही है जिन्होंने नियमों के विपरीत खरीद फरोखघ्त की है। जिलाधिकारियों को सीएम पुष्कर सिंह धामी की ओर से स्पष्ट निर्देश जांच के बाबत दिये गए हैं।

चौहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेशवासियों के संसाधनों के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है। लिहाजा उन पर कब्जा करने या छेड़छाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। जनभावनाओं के अनुरूप मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कठोरतम भूकानून बना तो अब उसके धरातलीय क्रियान्वयन हो रहा है। जहां जहां भी भूमि पर अवैध कब्जों, नियमों का उल्लंघन कर जमीन खरीदने या भूमि क्रय के उद्देश्यों के विपरीत उपयोग करने की शिकायतें आई हैं।

# खत बिशलाड़ जनजाति कर्मचारी संगठन ने लिए कई निर्णय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** खत बिशलाड़ जनजाति कर्मचारी संगठन की बैठक पी एम श्री इण्टर कालेज क्वांसी में शनिवार को सम्पन्न हुई, जिसमें अनेक बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर सर्वसहमति से अनेक निर्णय लिए गए हैं। बैठक में निर्णय लिए गए हैं कि 1– खत विशलाड के छात्र–छात्रा जो पी एम श्री इंटर कॉलेज से बोर्ड परीक्षाओं में टॉपर रहने वाले बालक–बालिका को प्रोत्साहन स्वरूप राशि दी जाएगी। यह प्रोत्साहन राशि विशेष कार्यक्रम में दी जाएगी। 2– हर वर्ष कोई न कोई कार्यक्रम निर्धारित रहेगा। जैसे



कैरियर काउंसलिंग, चिकित्सा शि. विर व कर्मचारी सम्मेलन का बड़े स्तर पर आयोजन होगा। 3– सामान्य ज्ञान, क्वीज प्रतियोगिता का भी कार्यक्रम के शुभ अवसर पर आयोजित होंगी।

कार्यकारिणी में सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर हुकुम सिंह राणा खारसी, उपाध्यक्ष डॉ. नवीन शर्मा थणता, सचिव अर्जुन दत्त शर्मा थणता, सह सचिव प्रवीण चौहान सणोऊ कोषाध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान जोगियो , एवं रमेश चंद शर्मा थणता, संरक्षक मंडल में विरेन्द्र दत्त जोशी जोगियो ,जवाहर सिंह पंवार खारसी, नरेंद्र सिंह चौहान जोगियो, मीडिया प्रभारी अनिल दत्त शर्मा थणता, लेखा निरीक्षक में केशवराम शर्मा, मायाराम शर्मा व मोहनलाल वर्मा जी को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर गांव के मुखिया लोग व सक्रिय सदस्यों के साथ साथ अनेक कर्मचारी उपस्थित हुए।

# तीन दिवसीय योग कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** नमामि गंगे इकाई राजकीय महाविद्यालय रुद्रप्रयाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम नदियों की धारा में बहता है योग संस्कृति और अध्यात्म का पुनीत संयोग का समापन रुद्रनाथ मंदिर संगम तट किया गया। समापन समारोह का शुभारंभ कालिका प्रसाद सेमवाल ने किया। कार्यक्रम में योग गुरु आशुतोष सती एवं युवा योग प्रशिक्षिका नेहा सिंह ने प्रतिभागी स्वयंसेवकों को विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराते हुए शारीरिक व मानसिक संतुलन का महत्व बताया।

कार्यक्रम में डॉ गोपी प्रसाद एवं डॉ सुनीता असवाल ने नमामि गंगे मिशन के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए इसे जन–जन तक पहुंचाने की अपील की। कार्यक्रम के सह–संयोजक श्रीकांत नौटियाल ने युवाओं का आह्वान किया कि वे वैदिक संस्कृति की सर्वधर्म समभाव की भावना को आत्मसात करें। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए सर्वे भवन्तु सुखिन के मंत्र के साथ जीवन में समरसता व सहयोग का महत्व बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ अंविता सिंह ने किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से डॉ राहुल, विपेंद्र, संतोषी, हिमानी, भूमिका, हेमंती, अंकिता, प्रियांशु, आदर्श, विनय, स्वाधीन सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

# नगर आयुक्त ने किया कई क्षेत्रों में औचक निरीक्षण

■ तीन मुख्य सफाई निरीक्षकों को कठोर चेतावनी जारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** नगर आयुक्त नमामि बंसल ने शनिवार की सुबह शहर के विभिन्न क्षेत्रों शहीद भगत सिंह कॉलोनी, चंदन. नगर, रायपुर, राजपुर, रेस कोर्स, रिस्पना क्षेत्र, आदि का स्थल निरीक्षण किया , जिसमें सड़कों के किनारे मलबा आदि तथा नालियों से निकाले गए कूड़े कुछ स्थान पर पाए गए।

संबंधित मुख्य सफाई निरीक्षकों/ सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया कि सड़कों की सफाई के बाद एकत्र कूड़े के ढेरों को ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से समयातर्गत उठाया जाये।



नाले की सफाई के बाद सिल्ट को सड़क किनारे नहीं छोड़ा जाये।

सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीरता से कार्य किया जाना है, जिसके क्रम में लापरवाही कर रहे तीन मुख्य सफाई निरीक्षकों को कठोर चेतावनी जारी की गई है तथा 01 मुख्य सफाई निरीक्षक का वेतन रोक दिया गया है। नगर आयुक्त द्वारा मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी/समस्त मुख्य सफाई निरीक्षक/सफाई निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वह शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाएं, भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही पाई जाने पर उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए निलंबन तक की करवाई की जाएगी। साथ ही वार्डों में तैनात सफाई नायकों को नियमित क्षेत्रवार सघन पर्यवेक्षण के निर्देश दिए गए हैं।

# ओएनजीसी ने बनाया कौशल विकास भवन जनता को समर्पित

■ ओएनजीसी के प्रधान निगमित प्रशासन नीरज कुमार, इंचार्ज सीएसआर चंदन ने किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** टिहरी जनपद के चम्बा विकासखण्ड के ग्राम सभा माणदा में ओएनजीसी की और से वित्त पोषित नव निर्मित कौशल विकास भवन शनिवार को विधिवत् रूप में जनता को समर्पित कर दिया गया। एक सादे कार्यक्रम में शनिवार को चम्बा विकासखण्ड के माणदा में ओएनजीसी की ओर से वित्त पोषित नवनिर्मित कौशल विकास भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि प्रधान



निगमित प्रशासन, ओएनजीसी नीरज कुमार शर्मा, अति विशिष्ट अतिथि चंदन सुशील साजन इंचार्ज सीएसआर ओएनजीसी ने किया।

इस अवसर पर एचसीए नीरज कुमार शर्मा ने बताया कि ओएनजीसी कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और वहां के ग्रामीणों के हितों को देखते हुए कार्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) मद से इस प्रकार के सकारात्मक कार्य कर रही है । इसी क्रम में ओएनजीसी के वित्तीय सहयोग से कार्यदायी संस्था समृद्ध मिशन सोसाइटी द्वारा माणदा में नवनिर्मित कौशल विकास भवन का निर्माण कार्य संपन्न किया गया जिसका कि आज विधिवत लोकार्पण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि नीरज कुमार शर्मा, अति विशिष्ट अतिथि चंदन सुशील साजन, अवनीश कुमार यादव, अरुण सिंह का संस्था सचिव सुभाष चन्द्र सकलानी, मुख्य परामर्श दाता विनोद डोभाल एवं सुन्दर सिंह बिष्ट पूर्व प्रधान माणदा, सुनील बिष्ट द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। संस्था सचिव सुभाष चंद्र सकलानी ने बताया कि नव निर्मित कौशल विकास भवन का निर्माण आगामी समय में क्षेत्र के ग्रामीण युवक–युवतियों को स्वरोजगार एवम् रोजगारपरख कार्यक्रमों के जरिये आत्म निर्भर बनाने के उदेश्य से संपन्न किया गया। इस अवसर पर भाव सिंह बिष्ट, कुँवर सिंह, भगत सिंह, बुद्धि सिंह, सोमवारी दास, आशा देवी, विजोरा देवी, रजनी देवी, निर्मला देवी, पूजा देवी आदि मौजूद रहे।

# सारांश मित्तल ने नीट 2025 में चमकाया नाम, एआईआर 69 हासिल

■ आकाश एजुकेशनल सर्विसेज देहरादून के छात्र ने टॉप स्कोरर के रूप में प्राप्त किया स्थान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** देश की अग्रणी टेस्ट प्रिपरेटरी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने गर्वपूर्वक घोषणा की है कि देहरादून के सारांश मित्तल ने नीट यूजी 2025 में ऑल इंडिया रैंक 69 हासिल कर टॉप स्कोरर के रूप में स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि उनके समर्पण, अनुशासित अध्ययन और



एईएसएल द्वारा प्रदान किए गए उत्कृष्ट मार्गदर्शन का नतीजा है। परीक्षा परिणाम शनिवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित किए गए।

सारांश एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम से जुड़े थे, जो खासतौर पर नीट जैसी कठिन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय एईएसएल की मजबूत एकेडमिक नींव, कॉन्सेप्ट क्लैरिटी और नियमित अभ्यास को दिया। सारांश मित्तल ने आकाश का आभार व्यक्त हुए कहा कि उनकी स्ट्रक्चर्ड स्टडी मैटेरियल, एक्सपर्ट फैकल्टी और पर्सनल गाइडेंस ने मेरी सफलता में अहम भूमिका निभाई ।

## माणदा में ओएनजीसी द्वारा निर्मित कौशल विकास भवन का लोकार्पण

**नई टिहरी( शाह टाइम्स )।** जनपद टिहरी गढ़वाल के चंबा विकासखंड अंतर्गत माणदा गांव में ओएनजीसी के सीएसआर मद से निर्मित कौशल विकास भवन का भव्य लोकार्पण किया गया। 17.25 लाख रुपये की लागत से बने इस भवन का उद्घाटन ओएनजीसी के एचआर हेड नीरज कुमार शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि किया। यह भवन ग्रामीण क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगारपरक प्रशिक्षण का केंद्र बनेगा। मुख्य अतिथि नीरज कुमार शर्मा ने कहा कि ओएनजीसी वर्षों से देश के विभिन्न हिस्सों में सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, स्वरोजगार के अवसर सृजित करने और लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह पहल उसी प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

# अघोषित बिजली कटौती के विरोध में व्यापारियों ने किया प्रदर्शन



## ऊर्जा प्रदेश में बिजली कटौती निंदनीय : मृदुल कौशिक

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अघोषित बिजली कटौती के विरोध में न्यू हरिद्वार चंद्राचार्य चौक व्यापार मंडल के व्यापारियों ने अध्यक्ष मृदुल कौशिक के नेतृत्व में नारेबाजी कर रोष जताया। मृदुल कौशिक ने कहा कि उत्तराखंड ऊर्जा प्रदेश होने के बावजूद जिस प्रकार से बिजली कटौती की जा रही है। वह बात बहुत ही निंदनीय है। चारधाम यात्रा अपने चरम पर हैं। अघोषित विद्युत कटौती से जहां व्यापारियों को आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। वही यहां आने वाली यात्री भी अच्छा संदेश लेकर नहीं जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अघोषित बिजली कटौती से मध्य हरिद्वार के कई हिस्सों में व्यापारी और आम लोग परेशान हैं। गर्मी और उमस के मौसम में बिजली की अनियमित आपूर्ति से व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। विशेष रूप से वेल्डिंग, फर्नीचर और आरा मशीन जैसे बिजली पर निर्भर व्यवसायों को भारी नुकसान हो रहा है। कई व्यापारी डीजल जनरेटर चलाने को मजबूर हैं। जिसमें प्रतिदिन 800-900 रुपये का अतिरिक्त खर्च हो रहा है, जो डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण और बोझिल है। बिजली कटौती के चलते दुकानों में फ्रिज में रखी मिठाइयां, केक, पेस्ट्री आदि सामान खराब हो जाता है। उन्होंने कहा कि मध्य हरिद्वार के व्यापारी कमर्शियल दरों पर विद्युत भुगतान करते हैं। विद्युत निगम को बिजली की व्यवस्था सुचारू करनी चाहिए। महामंत्री दीपक अग्रवाल ने कहा कि मध्य हरिद्वार में कई क्लीनिक और अस्पताल हैं। विद्युत कटौती के चलते मरीजों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उपाध्यक्ष अनूप सिद्धू ने कहा कि गर्मी के चलते बाजार में पहले ग्राहक कम आ रहे हैं। उस पर विद्युत कटौती के चलते व्यापारियों को काफी नुकसान हो रहा है। विरोध प्रदर्शन के बाद व्यापारियों ने कहा कि समस्या जल्द नहीं सुधरने पर ऊर्जा निगम के कार्यालय पर ताला बंदी और देहरादून में बैठे विभाग के उच्चाधिकारियों का जगह-जगह पुतला दहन तथा आंदोलन किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में कोषाध्यक्ष सुनील गुलाटी, हैदर नकवी, संदीप कौशिक, ब्रजराज खरे, विमल मल्होत्रा, नरेंद्र सूद, हिमांशु सैनी, अखिल अग्रवाल, सतनाम भाटिया, सुरेश गोस्वामी, रोकी सैनी, सुशील कुमार, राजेश कुमार, पवन दवे, सतपाल सिंह, योगेश कुमार, पंकज अरोड़ा आदि शामिल करहे।

# महंगाई, बेरोजगारी का सामना कर रही जनताः वीरेंद्र रावत

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** कांग्रेस नेता वीरेंद्र रावत ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों के चलते बढ़ रही महंगाई से जनता हताशा और निराशा का सामना कर रही है। पेट्रोल, डीजल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। किसान मजदूर आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए वीरेंद्र रावत ने कहा कि उत्तरखंड में भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रहा है। हरिद्वार नगर निगम में हुए जमीन घोटाले में सरकार ने अधिकारियों पर कार्रवाई कर दी है। पूरे मामले की गहराई से जांच कर अधिकारियों को संरक्षण देने वाले नेताओं के नाम भी सामने लाए जाएं। महिलाओं के प्रति लगातार बढ़ रही अपराधों पर सरकार अंकुश नहीं लगा पा रही है। ऊर्जा प्रदेश होने के बाद भी सरकार उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली की आपूर्ति नहीं कर पा रही है। उल्टे स्मार्ट मीटर लगाकर जनता को लूटने का काम किया जा रहा है। जनता के लिए चीटर साबित हो रहे स्मार्ट मीटर का पूरे प्रदेश में विरोध हो रहा है। लेकिन सत्ताधारी दल के नेता स्मार्ट मीटर को प्रमोट कर रहे हैं। कांग्रेस सरकार में बिजली का बिल दो महीने मे आता था। लेकिन भाजपा सरकार में 28 दिन का बिल उपभोक्ताओं पर थोपने का काम किया जा रहा है। वीरेंद्र रावत ने कहा कि टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। चहेते को ही काम दिया जा रहा है। महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री संतोष चौहान एवं महिला कांग्रेस की शहर अध्यक्ष लता जोशी ने कहा कि महिलाओं के प्रति अपराध बढ़े हैं। भाजपा की पूर्व महिला नेत्री द्वारा अपनी नाबालिग बेटी का अपने दोस्तों शोषण कराए जाने का मामला शर्मसार करने वाला है। महेश प्रताप राणा एवं राजवीर सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा का 11 वर्षों का कार्यकाल निराशाजनक रहा है। पढ़े लिखे युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं। महंगाई पर कोई नियंत्रण नहीं है। मनीष कर्णवाल एवं दीपक टंडन ने कहा कि जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार पर कोई अंकुश नहीं लग पाया है। भ्रष्टाचार के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। प्रैसवार्ता में पूर्व विधायक रामयश सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राव आफाक अली, अरविंद शर्मा, यशवंत सैनी, बीएस तेजियान, रवीश भटीजा, पूर्व पार्षद सोहेल अख्तर, विकास सिंह, पार्षद विवेक भूषण विक्की मौजूद रहे। इस इस दौरान भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुई मधु शर्मा का वीरेंद्र रावत ने पार्टी में स्वागत किया।

# भेल में वेल्डिंग तकनीक पर कार्यशाला

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** बीएचईएल के वेल्डिंग टेक्नोलॉजी विभाग द्वारा परमाणु और रक्षा क्षेत्र के लिए वेल्डिंग प्रौद्योगिकी में विकास विषय पर मानव संसाधन विकास केंद्र में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इंडियन वेल्डिंग सोसाइटी नॉर्थ जोन के सहयोग से आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन बीएचईएल के महाप्रबंधक एवं प्रमुख रंजन कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। रंजन कुमार ने कहा कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए वेल्डिंग के कार्यक्षेत्र में आने वाली समस्याओं को दूर करने का प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि आधुनिक वेल्डिंग तकनीकों को अपनाकर हम अपने उत्पादों की गुणवत्ता को और अधिक बढ़ा सकते हैं। कार्यशाला में वेल्डिंग क्षेत्र से संबंधित लगभग 60 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने भारत में परमाणु ऊर्जा का उभरता परिदृश्य, एनपीसीएल परियोजना के 700 मेगावाट स्टीम टरबाईन हेतु वेल्डिंग प्रौद्योगिकी चुनौतियां, ब्रौंज कास्टिंग हेतु वेल्डिंग चुनौतियां, एलॉय धातुओं की वैल्डेबिलिटी, स्टीम कास्टिंग की हाई टेम्परेचर एक्सोथर्मिक कटिंग आदि विषयों पर व्याख्यान दिए। इस अवसर पर महाप्रबधंक (एफबीएम एंड डब्ल्यूटी) ए.के. शर्मा, अपर महाप्रबंधक (वेल्डिंग टेक्नोलॉजी) बी.एस. अरोडा, अपर महाप्रबन्धक (एफबीएम) कुलदीप कौशिक, जनरल इंडिया एनर्जी फोरम के सचिव एस. एम. महाजन एवं फैब्रिकेशन विभाग तथा एचआरडीसी के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर.......

### जादूगर सम्राट शिवम अपनी कला से करेंगे दर्शकों को रोमांचित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जादूगर सम्राट शिवम अपनी जादूगरी से धर्मनगरी के लोगों को रोमांचित करने के लिए हरिद्वार पहुंच गए है। आर्यनगर चौक के समीप स्थित बेंकट हॉल में शुरू जागदूर सम्राट शिवम के जादू शौ का उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा नेता डा. विशाल गर्ग ने रिबन काटकर किया। इस दौरान डा.विशाल गर्ग ने कहा कि मोबाइल से बच्चों को दूर रखने के लिए परंपरागत जादू शो दिखाने के लिए लाना चाहिए। इससे बच्चों और युवा पीढ़ी का स्वस्थ मनोरंजन होगा। साथ ही मोबाइल से भी निजात मिलेगी। जादूगर सम्राट शिवम ने कहा कि इंद्रजाल शो, घोड़े को गायब करना, गॉडजिला आदि बेहतरीन जादू शौ दर्शकों को देखने को मिलेंगे। दर्शकों का प्रोत्साहन मिलने पर हमें भी बल मिलता है। जादू मनोरंजन के साथ तनाव से मुक्त और खुश करने का माध्यम भी है। युवा, बच्चे जादू के खेलों से रोमांचित होंगे। साजिद अंसारी व निजाम ने कहा कि जादूगर सम्राट शिवम अपनी कला से दर्शकों को आश्चर्य चिकित कर देंगे। उन्होंने बताया कि रविवार, बुधवार एवं शनिवार को तीन शौ दिखाए जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि शुभारंभ वेंकट हॉल में जादूगर सम्राट शिवम का जादू देखने के लिए अवश्य आएं।



### राष्ट्रीय लोकदल की प्रदेश कार्यकारिणी भंग

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय लोकदल उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी व प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र पंत ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी के निर्देश पर राष्ट्रीय लोकदल उत्तराखंड प्रदेश की समस्त कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया। पार्टी के फ्रंटल संगठन यथावत बने रहेंगे। प्रदेश प्रभारी चौ. नीरपाल सिंह ने कहा कि संगठन में सक्रिय कार्यकर्ताओं को ही पद दिए जाएंगे तथा जिन्होंने पिछले एक वर्ष में पार्टी ज्वाईन की है और पुराने वरिष्ठ नेताओं को मिलाकर प्रदेश की नई कार्यकारिणी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर ही 11 सदस्यीय अनुशासन समिति का गठन किया जायेगा।जो भी व्यक्ति पार्टी में अनुशासनहीनता या पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रयास करेगा उसको पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। कार्यकर्ताओं की अनदेखी बर्दाश्त नहीं होगी, कार्यकताओं का सम्मान सर्वोपरि है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र पंत, महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष कमलप्रीत अरोड़ा, वरिष्ठ नेता देवपाल राठी, उदयवीर चहल, अनुपम खत्री, युद्धवीर सिंह, चौ मोरध्वज, हरमीत सिंह, अभय प्रताप सिंह, जयकुमार पंवार, सुरेशपाल, अभिनव त्यागी, संजय, मनोज राणा, एड. राजेश आदि उपस्थित रहे।

# श्रीमहंत मधूसूदन गिरी ने दी विमान हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल सन्यास रोड़ स्थित श्री बापेश्वर धाम के परमाध्यक्ष श्रीमहंत मधूसूदन गिरी महाराज ने अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोगों को श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मशांति के लिए बैरागी कैंप घाट पर मां गंगा में दुग्धाभिषेक कर मृतकों के परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। श्रीमहंत मधूसूदन गिरी महाराज ने कहा कि अहमदाबाद विमान हादसा बेहद दुखद है। जिसमें असमय ही सैकड़ों लोग काल के गाल में समा गए। हादसे में कई परिवार खत्म हो गए। जिसे लेकर पूरे देश में शोक की लहर है। संत समाज भी प्रभावितों के दुख में शामिल हैं। श्रीमहंत मधूसूदन गिरी महाराज ने कहा कि हादसे में जो लोग संसार से विदा हो गए हैं। उन्हें तो वापस नहीं लाया जा सकता है। लेकिन उनके परिजनों को सांत्वना देकर उनका दुख जरूर बांटा जा सकता है। सभी को विमान हादसे में जान गंवाने लोगों के परिजनों का दुख बांटने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मृतकों की आत्मशांति तथा ऐसे हादसों को पुनर्रावृत्ति ना हो। इसके लिए आश्रम में विशेष अनुष्ठान शुरू किया गया है। श्रद्धांजलि देने वालों में मोनू, मनीष, दीपक, टिंकू, संदीप, सोनू, दीपक बर्मन, सचिन, नवीन बर्मन, दिनेश आदि श्रद्धालु भक्त शामिल रहे।

# संतों ने दी श्रीमहंत नारायण दास पटवारी को शुभकामनाएं

## सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन में श्रीमहंत नारायण दास पटवारी का योगदान अनुकरणीय : स्वामी हरिचेतनानंद

शाह टाइम्स संवाददाता



**हरिद्वार।** भूपतवाला स्थित मां कुटी आश्रम के परमाध्यक्ष श्रीमहंत नारायण दास पटवारी महाराज का अवतरण दिवस सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों और श्रद्धालु भक्तों के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संत महापुरूषों ने फूलमाला पहनाकर श्रीमहंत नारायण दास पटवारी का स्वागत किया और उनकी दीघार्य की कामना करते हुए अवतरण दिवस की शुभकामनाएं दी। शुभकामनाएं देते हुए महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद गिरी ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन में श्रीमहंत नारायण दास पटवारी का योगदान सभी के लिए अनुकरणीय है। महंत रघुवीर दास व बाबा हठयोगी ने कहा कि श्रीमहंत नारायण दास पटवारी संत समाज के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। सभी संत महापुरूषों का आभार व्यक्त करते हुए श्रीमहंत नारायण दास पटवारी महाराज ने कहा कि संत परंपराओं का पालन करते हुए भक्तों को धर्म और अध्यात्म की प्रेरणा तथा आश्रम की सेवा संस्कृति को आगे बढ़ाना ही उनके जीवन का उद्देश्य है। महंत रामतीर्थ दास, महंत सूरज दास, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी जयराम दास, महंत बिहारी शरण, स्वामी दिनेशदास, स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि स्वामी ज्योर्तिमयानंद, महंत राघवेंद्र दास, महंत गोविंददास, स्वामी चिदविलासानंद ने भी श्रीमहंत नारायण दास पटवारी को अवतरण दिवस की शुभकामनाएं दी। उषा रानी, राजबीर चौहान, सतीश सूद, ओमभवन ने फूलमाला पहनाकर सभी संत महापुरूषों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संत महापुरूष और श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# सभासद के आरोपों पर सामने आए स्थानीय लोग बोले- बेहतर कार्य कर रही है नगर पालिका

## नवगठित बोर्ड के कार्यकाल में अभी तक कोई टेंडर नहीं, सीवर ओवर फ्लो और पेयजल आपूर्ति को नगर पालिका से जोड़कर आरोप लगाने वाले सभासद पर ही उठ रहे सवाल

संतोष कुमार



**हरिद्वार।** बीते शुक्रवार को नगर पालिका शिवालिक नगर के सभासद अमरदीप सिंह रॉबिन द्वारा प्रेस वार्ता के दौरान नगर पालिका में लगाए गए भ्रष्टाचार के आरोपों के खिलाफ अब नगर पालिका क्षेत्र के स्थानीय निवासी ही सामने आए हैं। वहीं दूसरी और जिस प्रकार सभासद रॉबिन द्वारा भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए पालिका अध्यक्ष की संपत्ति और आय के स्रोतों की जांच कराने की मांग की उसे पर भी रॉबिन की मंशा को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं? सभासद रॉबिन द्वारा एक तरफ रूप से नगर पालिका अधिकारियों और अध्यक्ष राजीव शर्मा के खिलाफ लगाए गए काट रूप से भ्रष्टाचार के आरोपी को लेकर स्थानीय निवासी मुखर हुए हैं। वार्ड 12 कृपाल नगर निवासी विजयपाल बिष्ट कहते हैं कि ऐसे आरोपों में कोई सच्चाई नहीं है राजीव शर्मा के नेतृत्व में नगर पालिका शिवालिक नगर विकास करने में जुटी है 4 महीने के अल्प समय के कार्यकाल में भ्रष्टाचार के आरोप हास्यस्पद नजर आते हैं। वार्ड पांच न्यू शिवालिक नगर निवासी पीतांबर त्यागी कहते हैं कि नगर पालिका द्वारा पूरा प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था की गई है घर से पूरा कलेक्शन करने वाले कर्मी प्रतिदिन वार्ड में आते हैं। वार्ड 13 नवोदय नगर निवासी रामनिवास गुर्जर का कहना है कि सभासद द्वारा आखिर किस आधार पर नगर पालिका अध्पिकारियों और अध्यक्ष के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं यह जांच का विषय है इन आरोपों के पीछे कौन है इसकी जांच होनी चाहिए। वार्ड 8 शिवालिक नगर निवासी बबीता चौधरी बताती है कि नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा का पुराना कार्यकाल हो या वर्तमान कार्यकाल शर्मा द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य कराए गए हैं सफाई व्यवस्था बेहतर है। वतन वर्मा कहते हैं कि नगर पालिका अध्यक्ष पर दबाव बनाने के उद्देश्य से कथित आरोप लगाए जा रहे हैं, स्थानीय जनता वर्तमान अध्यक्ष के पूर्व कार्यकाल और वर्तमान कार्यकाल से पूर्ण रूप से संतुष्ट है। यही नहीं रोबिन सिंह ने नगर पालिका अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा था कि नगर पालिका क्षेत्र में सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं तो वही पेयजल आपूर्ति प्रबंधन ठीक नहीं है। सभासद द्वारा लगाए जा रहे इस प्रकार के आप से राजनीति की बु इसीलिए भी आ रही है कि रोबिन सिंह आरोप तो लगा रहे हैं लेकिन वह शायद यह भूल गए हैं कि सीवर तथा पेयजल आपूर्ति जैसी व्यवस्थाएं नगर पालिका के प्रबंधन में नहीं आती है उनके लिए अलग विभाग बने हुए हैं। ऐसी मनगढ़ंत आरोप और 4 महीने का अल्प कार्यकाल सभासद रोबिन सिंह द्वारा प्रेस वार्ता में उठाए गए तमाम मुद्दों की असलियत बयान करने के लिए काफी है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार फरवरी 2025 में गठित होने वाली शिवालिक नगर नगर पालिका के बोर्ड द्वारा अभी ऐसी कोई टेंडर प्रक्रिया अमल में नहीं लाई गई है जिसको लेकर सवाल उठते हो बावजूद इसके जिस प्रकार बोर्ड के एक सभासद द्वारा आरोप पर आरोप लगाए जा रहे हैं यह अपने आप में बड़ा सवाल है?










# मीठे दूध, गुलाब रस शरबत का वितरण

शाह टाइम्स संवाददाता




**हरिद्वार।** भीषण गर्मी से लोगों को पहुंचाने के लिए सकारात्मक पहल करते हुए शिवालिक नगर व्यापार मंडल की और से अध्यक्ष विभास सिन्हा के संयोजन में राहगीरों को मीठे दूध और गुलाब रस का शरबत वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथी रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने व्यापार मंडल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। व्यापार मंडल विभास सिन्हा ने कहा कि शरबत वितरण का उद्देश्य लोगों को गर्मी से राहत देने के साथ सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। इस अवसर पर विवेक गुप्ता, रिंकू चौरसिया, विशाल गौड़, प्रवीण तिवारी, शिवेश गुप्ता, विजय अग्रवाल, मोहित चौहान, अनिल कुमार, हिमांशु माहेश्वरी, सतेंद्र सिंह, रणजीत कुमार, शुभम गुप्ता, अनुज चांदना, सुदीप जैन, भुवन डिमरी, दिनेश कांडपाल, बृजेश वर्मा, सुमित पांडे सहित अनेक व्यापारी, समाजसेवी एवं नागरिक उपस्थित रहे और शिवालिक नगर व्यापार मंडल के सेवा भाव की सराहना की।

# श्री अखंड परशुराम अखाड़े ने किया संगठन का विस्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** श्री अखंड परशुराम अखाड़े के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अधीर कौशिक ने संगठन का विस्तार करते हुए रेनू शर्मा को अखाड़े की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष तथा पवन भारती को संगठन का राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया है। लकसर में आयोजित अखाड़े के कार्यक्रम में दोनों पदाधिकारियों की नियुक्ति की घोषणा करते हुए पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि सनातन धर्म का संरक्षण संवर्द्धन अखाड़े का प्रमुख उद्देश्य है। दोनों नव नियुक्त पदाधिकारी संगठन के उद्देश्यों और नीतियों को आगे बढ़ाएंगे। पंडित अधीर कौशिक ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। नवनियुक्त राष्ट्रीय सलाहकार पवन भारती और महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष रेनू शर्मा ने कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें दी गयी है। उसका निष्ठापूर्वक पालन करते हुए संगठन की नीतियों और उद्देश्य को आगे बढ़ाया जाएगा। इसके पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर अखाड़े के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर पंडित अधीर कौशिक का स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता पंडित पवन कृष्ण शास्त्री, उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, हरिद्वार जिला अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा, मनोज ठाकुर, दीपक शर्मा, जगमोहन शर्मा, विशाल चौधरी, सतीश शर्मा, मोहित शर्मा, गीता देवी, प्रियांशी, रितु सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

**NOTICE**

In my son's Army No. 15570010W Rank - Hav, Name Satendra kumar, Unit- 120 ENGR REGT, C/o 99 APO, Pin - 914120 Military record, my date of birth is mistakenly recorded as 08-03-1962, which is wrong. Whereas in my Aadhar card and other certificates/documents my date of birth is 15-03-1953, which is true and correct. Yashpal Singh son of Lal Singh, resident of village Rohalki Kishanpur tehsil and district Haridwar.
Affidavit No - IN-UK9726294780009X

# बस्तियां बचाने निकले नेता गिरफ्तार

■ नव पर्वतीय विकास संस्था ने किया सीएम आवास कूच



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** नव पर्वतीय विकास संस्था की और से शनिवार को मलिन बस्तियों को तोड़े जाने के विरोध में 'मेरा घर मेरी दुनियां' अभियान के तहत मुख्यमंत्री आवास कूच किया, मगर पुलिस ने संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार एडवोकेट सहित 15 लोगो को गिरफ्तार कर मुचलकों पर छोड़ा गया।

एलिवेटेड रोड़ परियोजना में आ रही मलिन बस्तियों को तोड़े जाने के विरोध में मेरा घर मेरी दुनियां अभियान के तहत मुख्यमंत्री आवास कूच का नव पर्वतीय विकास संस्था ने आवाहन पर किया था। विनोद कुमार ने कहा कि यह बड़े दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि पुलिस ने मुख्य सचिव को नही बुलाया और हमारी गिरफ्तारी की गई। हम चुप बैठने वाले नही हैं, हम लड़ेंगे ओर एलिवेटेड रोड परियोजना बंद करा कर रहेंगे।

कहा कि उत्तराखंड सरकार बस्तियों को उजाड़ कर एलिवेटेड रोड़ बनाने जा रही है, जिसका संस्था विरोध करती हैं। कहा कि बस्तियों को तोड़ने के भयानक परिणाम आएंगे। बस्तियों को तोड़ना राज्य सरकार की कुंठित मानसिकता को दर्शाता हैं। बस्तियों के टूटने से बस्तियों के युवा व छात्रों के भविष्य पर भारी संकट खड़ा हो जाएगा।

चूंकि अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र की पात्रता समाप्त हो जाएगी व ओबीसी प्रमाण पत्र की पात्रता समाप्त हो जाएगी। निवास प्रमाण पत्र की पात्रता भी समाप्त हो जाएगी जो कि मलीन बस्ती के युवा व छात्रो के जीवन से बहुत बड़ा खिलवाड़ होगा। इस मौके पर विपिन खन्ना, हरीश सिसोदिया, अभिषेक गुप्ता , फारुख अहमद, राव वसीम अली, इंतजार , प्रवेश गौतम, सतीश आजाद, मधु गहलौत , सुनील , दुर्गा देवी, सबो रानी देवी व अनिल आदि मौजूद रहे।

## एलिवेटेड रोड निरस्त करने की उठ रही मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** बस्ती बचाओ आन्दोलन की और से आगामी 16 जून सोमवार को देहरादून के प्रेस क्लब सभागार में सेमिनार आयोजित किया जा रहा है, जिसके मुख्य वक्ता देश के जाने-माने मजदूर-किसान नेता अखिल भारतीय किसान सभा के महामंत्री साथी बीजू कृष्णन, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली प्रतिभाग करेंगे।

बस्ती बचाओ आन्दोलन से अनन्त आकाश का मानना है कि बस्तियों से जुड़े सवाल बेहद संवेदनशील व मानवीय मूल्यों से जुड़े हुये इसलिये इन सवालों पर बेहद गम्भीरता से उठाने चाहिए। केवल प्रचारक व अगम्भीर आन्दोलन इस मुद्दे को कमजोर करते हैं, जिसका लाभ बस्तियों के उत्पीड़न करने वालों को ही मिलेगा। इसलिये बस्ती बचाने वाले मुद्दे पर गम्भीरता व मिलजुलकर लड़ा जाना चाहिए। इस आन्दोलन में कुछ एनजीओ एवं समाज के राजनैतिक गुट एवं अन्य समूह भी जुड़ रहे हैं जो वक्त बेवक्त पीछे हट जाते हैं। शासक दल ने जनता से वायदा किया था कि व मालिकाना हक देगी। सरकार के विपरीत आचरण पर प्रमुख विपक्षी दल का चुपचाप रहना गरीब जनता को अखर रहा है। कोई भी राजनैतिक पार्टी चाहे व छोटी हो या बड़ी हो अपनी जबाबदेही से मुंह नहीं मोड़ सकती।

**सेमिनार के प्रमुख मुद्दे**

1. रिस्पना-बिन्दाल एलिवेटेड रोड के लिए भूमि अधिग्रहण: 7 मई 2025 से प्रभावी नोटिफिकेशन, मुख्यत: गरीब बस्तियों को लक्षित करता है, जबकि अमीरों और सरकारी सम्पत्तियों को छोड़ा गया है। 2. गरीब परिवारों का उत्पीड़न: पिछले दो वर्षों से प्रभावित गरीब परिवारों का उत्पीड़ित किया जा रहा है। 3. नोटिस और बेदखली: सरकार की और से सैकड़ों नोटिस जारी कर बेदखली की तैयारी की जा रही है, मगर मुआवजा और पुनर्वास से बचा जा रहा है। 4. विस्थापितों के अधिकारों का हनन: विस्थापितों को सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देशों से वंचित रखा जा रहा है। 5 2016 के अधिनियम का उल्लंघन करते हुए बिना पुनर्वास योजना के विस्थापन की साजिश चल रही है।

## वीकेंड पर चकराता में उमड़े सैलानी पर्यटक स्थलों पर रही रौनक

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** पहाड़ी पर्यटन स्थल चकराता में सप्ताहांत पर एक बार फिर पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। शांत वादियों, मनोहारी दृश्यों और ताजगी भरे मौसम का लुत्फ उठाने के लिए देश-प्रदेश से बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंचे। इससे स्थानीय पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के चेहरे खिल उठे।

शनिवार को चकराता छावनी क्षेत्र सहित आसपास के पर्यटन स्थलों पर चहल-पहल का माहौल रहा। टाइगर फॉल, मोइला डांडा, चिरमिरी टॉप जैसे प्रमुख पर्यटक स्थलों पर सैलानियों की भीड़ देखने को मिली। होटल, होमस्टे और रिसॉर्ट्स पूरी तरह बुक रहे, जिससे पर्यटन व्यवसायियों को राहत मिली है। स्थानीय होटल व्यवसायी राजेंद्र चौहान, देवेंद्र सिंह चौहान, रविंद्र सिंह रावत, शूरवीर सिंह चौहान, दीनू चौहान, रविंद्र चौहान, मुकेश तोमर ग्रीन मार्क रिजॉर्ट ने बताया कि वीकेंड पर पर्यटकों की आमद से उनका कारोबार तेजी पकड़ता है। वे सप्ताहांत का बेसब्री से इंतजार करते हैं क्योंकि यही समय होता है जब पर्यटक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं और स्थानीय अर्थव्यवस्था को रफ्तार मिलती है।

पर्यटकों ने भी चकराता की शांत, स्वच्छ और सुरम्य वादियों की जमकर सराहना की। कई पर्यटकों ने कहा कि वे यहां के प्राकृतिक सौंदर्य और शांति के चलते बार-बार चकराता आना पसंद करते हैं। वीकेंड पर चकराता एक बार फिर गुलजार नजर आया और उम्मीद है कि पर्यटन को इसी तरह बढ़ावा मिलता रहेगा।

## जेबीआईटी में रक्तदान शिविर आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** जेबी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी में अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन (आईबीएफ) उत्तराखण्ड के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्‌घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष वर्तमान में प्रशासक मधु चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी देहरादून डॉ. मनोज कुमार शर्मा आईवीएफ के महामंत्री दीपक सिंघल, पंकज बिजलवान गवर्नर नॉर्थ इंडिया लाइन क्लब, संस्थान के वाइस चेयरमैन संदीप सिंघल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कुल 62 यूनिट रक्तदान किया गया। इस मौके पर अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन उत्तराखण्ड के समस्त पदाधिकारी, सदस्य, संस्थान के रजिस्ट्रार डॉ. विशांत कुमार व सभी शिक्षक, कर्मचारी व छात्र उपस्थित थे।

## मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर सकंल्प सभा

■ देश प्रगति के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** लाइन जीवनगढ़ विकासनगर स्थित एक होटल में भाजपा विकासनगर शहर मंडल के अध्यक्ष शुभम गर्ग के नेतृत्व में विक. सित भारत का अमृत कल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, के 11 वर्ष होने के अवसर पर 'सकंल्प सभा' का आयोजन किया गया।

सभा में मुख्य वक्ता संतोष रावत ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज 11 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे राष्ट्र में अमृत काल, सेवा सुशासन, गरीब कल्याण के रूप में कार्यक्रम किये जा रहे हैं और मोदी द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जन जन तक पहुँचाने का काम हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा किया जायेगा।

इस अवसर पर जिला महामंत्री विनोद कश्यप, मण्डल महामंत्री आदित्य वर्मा, मनीष रावत, रोहित रो. हिला, संगीता, गगन सेठी, गौरव लोधा, प्रभात ठाकुर, दीपक जैन, आयुष वर्मा, रचिता ठाकुर, सुमन काशव, मधु ठाकुर, जगप्रीत, हर्षित, सविता ध्यानी आदि उपस्थित रहे।

वही दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी हरबर्टपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया, कार्यक्रम डीपी सिंह की अध्यक्षता में पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक अरुण मित्तल मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कहा देश 11 वर्षो में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि सन् 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बने, इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प पत्र 'विकसित भारत 2047 संकल्प-पत्र' पर हस्ताक्षर किए कार्यक्रम में अहमदाबाद में हुई वायुयान दुर्घटना में लोगों की हुई मृत्यु के सम्मान में 2 मिनट का मौन धारण भी किया गया।

बैठक में भाजपा के हरबर्टपुर मंडल के उपाध्यक्ष जगपाल सिंह चौधरी, अमन गर्ग, कोमल चौधरी, मंडल महामंत्री ममता मुल्तानी, प्रमोद रोहिल्ला, मंडल मंत्री मनोज राठौर, सुभाष शर्मा, मंडल कोषाध्यक्ष पवन शर्मा, मंडल मीडिया संयोजक विनय सैनी, कार्यालय मंत्री अनिल नेगी मंडल सोशल मीडिया संयोजक राहुल भट्ट आदि उपस्थिति रहे।

### एक नजर .......

## रक्तदान शिविर में 77 यूनिट रक्त एकत्र

**चकराता। शाह टाइम्स संवाददाता )** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर छावनी परिषद चकराता के तत्वावधान में शनिवार को एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शहीद चौक पर आयोजित इस शिविर का संचालन संत निरंकारी मंडल और महंत इंद्रेश अस्पताल, देहरादून के सहयोग से किया गया। शिविर में 77 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। मुख्य अधिशासी अधिकारी आर. एन. मंडल ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि रक्तदान एक महापुण्य है और यह न केवल दूसरों की जान बचाता है, बल्कि समाज में परोपकार की भावना को भी प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य के रक्त का कोई विकल्प नहीं है, इसलिए स्वस्थ व्यक्ति का रक्त ही जरूरतमंद रोगी को जीवन दे सकता है। शिविर में परिषद के कार्यालय अधीक्षक संदीप जोशी, परिषद सदस्य अनिल चांदना, कैंट इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वेद प्रकाश, अमित साहू, शेखर, पूर्णिमा राणा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। महंत इंद्रेश अस्पताल से डॉ. अंशुमन और ब्लड बैंक कोऑर्डिनेटर अमित चंद्रा तथा संत निरंकारी मंडल से नरेंद्र कुमार राठौर व नितिन की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## नेहा मिस और अजीत मिस्टर फेयरवेल



**सहिया। ( शाह टाइम्स संवाददाता )** सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पीजी कॉलेज साहिया में बीए द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा बीए तृतीय वर्ष पूर्ण करने पर अपने सीनियर छात्र-छात्राओं को विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्लोबल शिक्षा समिति के अध्यक्ष सरदार सिंह तोमर ने महाविद्यालय से पास आउट होने वाले पांचवें बैच को विदाई संदेश देते हुए कहा कि जीवन में संयमित एवं अनुशासित रहकर देश सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। महाविद्यालय चौयरमेन अनिल सिंह तोमर ने अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ. रवि कुमार ने विदा होने वाले पांचवें बैच को बीए पाठयक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर बधाई दी। उन्होंने अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। विदाई समारोह में अजीत सिंह चौहान बीए षष्टम् सेमेस्टर मिस्टर फेयरवेल, नेहा राय बीए षष्टम् सेमेस्टर मिस फेयरवेल, मोहित राणा मिस्टर हैंडसम व खुशी चौहान ने मिस ब्यूटी का खिताब जीता। शुभम वर्मा ने सिंसीयर स्टूडेंट का खिताब अपने नाम किया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक डॉ. रश्मि आर्या, डॉ. शशिकला, डॉ. रीना राँगड़, डॉ. प्रियंका जलाल, डॉ. चंद्रिका, रेखा, पूनम चौहान, गम्भीर सिंह, मुकेश तोमर तथा पलक, निधि, अंशिका तोमर, तन्नू चौहान, साक्षी, सनिता, सपना, आशीष चौहान, प्रिती बिष्ट, ऋतु, पिंकी चौहान, ममता चौहान आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## भाजपा ने देश के हर नागरिक को विकास से जोड़ा: बृजभूषण



■ भाजपा का विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**डोईवाला।** सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत ब्लॉक सभागार में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा ने की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला और विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल ने महापुरुषों के चित्र के समक्ष दीप प्रचलित और पुष्पांजलि अर्पित की।

विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास,सबके विश्वास के मंत्र से देश के हर नागरिकों को मुख्यधारा से जोड़ा है। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह सांझा संकल्प है कि हम एक नए आत्मनिर्भर, सुरक्षित, सशक्त और विकसित भारत के निर्माण की सक्रिय भागीदारी निभाने का कार्य करेंगे।

विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल ने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं से नागरिकों का जीवन सरल हुआ है कहां कि मोदी सरकार की योजनाएं सीधे आम लोगों के जीवन से जुड़ी है। मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा और पूर्व ब्लॉक प्रमुख नगीना रानी ने कहा कि स्वदेशी हेलीकॉप्टर प्रचंड, मिसाइल सिस्टम आकाश और ब्रह्मोस का इस्तेमाल कर सेना ने अपने दुश्मनों को तबाह कर दिया। अंत में अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री विशाल छेत्री, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रभान पाल, मंडल महामंत्री आदेश पवार, सुषमा चौधरी, सभासद ईश्वर रोथान, मीडिया प्रभारी केतन गुप्ता, हिमांशु राणा, चंद्र बल्लभ लखेडा, अवतार सिंह सैनी, विनीत राजपूत, अरुण सोलंकी, सुनीता नौटियाल, रीता छेत्री, अंकित काला, कृष्णा तड़ियाल, राकेश डोभाल, योगी पवार,पूनम तोमर, कमल गोला, राजेश कन्नौजिया,सोनू गोयल, मनोज प्रजापति, संतोषी बहुगुणा,.मकान सिंह, शिवम नेगी, मनिंदर सिंह व मनीष छेत्री आदि मौजूद रहे।

## बस व मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसपुर।** थाना सहसपुर क्षेत्रांतर्गत बस व मोटरसाइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकों ग्राफिक एरा अस्पताल रैफर कर दिया गया।

सहसपुर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई है कि समय करीब 7.30 बजे बडा रामपुर मस्जिद के पास एक बस व मोटरसाइकिल का एक्सीडेन्ट हुआ है। सूचना पर थाना सहसपुर पुलिस घटना स्थल पर पहुचे तो बडा रामपुर के पास एक बस पीबी13 बीएन 6050 जो देहरादून से पांवटा साहिब की तरफ जा रही थी व मोटर साइकिल यूके16 ई 5931 स्पलैण्डर जो विकासनगर से सेलाकुई की तरफ जा रही थी दोनो वाहनो का एक्सीडेन्ट हुआ है।

मोटरसाइकिल सवार लाल सिंह पुत्र कुंवर सिंह निवासी ग्राम बाइला बुराड चकराता हाल निवासी पहाडी गली विकासनगर देहरादून उम्र 38 वर्ष व एक अन्य व्यक्ति धर्मेन्द्र प्रजा. पति पुत्र शिव चरण निवासी वार्ड न. 2 आदर्श बिहार हर्बरटपुर थाना विक. ासनगर गम्भीर रुप से घायल हो थे, जिनको उपचार के लिये नजदीकी अस्पताल लाया गया डाक्टरो द्वारा घायल व्यक्ति लाल सिंह पुत्र कुंवर सिंह निवासी ग्राम बाइला बुराड चकराता हाल निवासी पहाड़ी गली विकासनगर देहरादून उम्र 38 वर्ष को मृत घोषित कर दिया।

## यूकेडी ने लगाया मठ कब्जाने का आरोप, दिया ज्ञापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उतराखंड क्रांति दल ने पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ राज. ेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में राजपुर थानाध्यक्ष को ज्ञापन दिया गया, उन्होंने बताया कि अनिल कृष्ण भारद्वाज वर्ष 2008 से धोरण खास गुजराड़ा में स्थानीय निवासियों की और से कांची कामकोटि पीठ को दान की गयी भूमि पर धार्मिक कार्य, गौ सेवा एवं लोक कल्याण के कार्यों को करते हैं।

बिष्ट ने कहा कि 9 जून को तमिलनाडु से देहरादून आकर कुछ भू माफियाओं ने सुबह 11 बजे मठ में प्रवेश किया, जिसमें बाहरी राज्यों के 50 हथियार बंद अराजक तत्वों ने उनको बंधक बनाया और जमीन को छोड़ने का दबाव बनाया जाता है। साथ ही अनिल कृष्ण भारद्वाज से कुछ कागजों में हस्ताक्षर करने के लिए दबाव डाला जाता है, जोकि माफियाओं की और सेअंगेजी भाषा में था।

इससे स्पष्ट होता है कि ये पहले से योजनाबद्ध तरीके से मठ में घुसे, उक्त घटना के समय उतराखंड पुलिस के जवान भी उनके साथ थे। अनिल कृष्ण शास्त्री को मठ छोड़ने की धमकी दे रहे थे, यह गंभीर जांच का विषय है कि पुलिस के जवान किसके आदेश पर वहाँ आये। जो बंदूक धारी तमिलनाडु के माफियाओं के साथ आये वो कौन थे, उतराखंड क्रांति दल मांग करता है कि, 'तमिलनाडु से आये हुए गेट के अंदर घुसने वाले माफियाओं के साथ अन्य कौन कौन थे व किस राज्य से थे, उतराखंड पुलिस सिपाहियों को किसने मठ में आने का आदेश दिया? उतराखंड राज्य में निरंतर रूप से अपराधों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है, जिसमें बाहरी राज्यों से आपराधिक प्रवृत्ति में शामिल अपराधियों की शरण स्थली उतराखंड बन गया है। केंद्रीय उपाध्यक्ष जय प्रकाश उपाध्याय ने कहा कि उतराखंड क्रांति दल राज्य में किसी भी मूल निवासी के साथ इस प्रकार का अन्याय नहीं होने देगा।

परवीन चंद रमोला ने कहा कि अनिल कृष्ण भारद्वाज के साथ की गयी घटना से उतराखंड का समस्त संत समाज भी उद्वेलित है, तथा इस प्रकरण के बाद स्वामी जी के स्वास्थ्य में निरंतर रूप से गिरावट है, वे अवसाद में हैं। इस मौके पर राजेश्वरी रावत, मनोज कण्डवाल, भोला दत्त चमोली, अनिल डोभाल, विनीत सकलानी, प्रेम पड़ियार, अनूप बिष्ट, जितेंद्र पंवार आदि रहे ।

## चकराता छावनी परिषद को मिला नया अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** चकराता छावनी परिषद को शनिवार को नया अध्यक्ष मिल गया। दार्जिलिंग निवासी ब्रिगेडियर धीरज थापा ने परिषद के अध्यक्ष पद की शपथ ली। उन्होंने पदभार ग्रहण के साथ ही स्पष्ट कर दिया कि उनका उद्देश्य चकराता को विकसित, सुव्यवस्थित और अधिक सुंदर बनाना है। सुबह कार्यालय पहुंचने पर ब्रिगेडियर थापा का परिषद कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इसके बाद छावनी कार्यालय परिसर स्थित शहीद केसरी चंद सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अधिशासी अधिकारी आर. एन. मंडल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ के बाद परिषद के नामित सदस्य अनिल चांदना सहित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने नवप्रभारी अध्यक्ष का अभिनंदन किया। ब्रिगेडियर थापा ने कहा कि चूंकि वह स्वयं एक पर्वतीय क्षेत्र, दार्जिलिंग से ताल्लुक रखते हैं, इसलिए पहाड़ की जरूरतों और समस्याओं को अच्छी तरह समझते हैं। उन्होंने कहा, "मेरी प्राथमिकता चकराता के समग्र विकास की रहेगी। हम इसे न केवल रहने योग्य बल्कि पर्यटकों के लिए भी और अधिक आकर्षक बनाएंगे। शपथ ग्रहण समारोह में लेफ्टिनेंट कर्नल आलोक कुमार, मेजर सिमरजोत सिंह, कार्यालय अधीक्षक संदीप जोशी, राजस्व अधीक्षक शेखर धीमान, कुलदीप सिंह, कंप्यूटर प्रोग्रामर अमित साहू समेत छावनी परिषद का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## गर्मी से राहत को चलाया जल सेवा अभियान

■ एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने चलाया अभियान

■ राहगीरों व ग्रामीणों को शीतल पेयजल किया वितरित




शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** बढ़ती गर्मी और लू की मार के बीच प्यास बुझाने का नेक कार्य 'फला-ए-दारेन' एजुकेशन एंड वेलफेयर ट्रस्ट ग्राम टीमली द्वारा किया गया। ट्रस्ट के पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने गांव के प्रमुख स्थानों पर राहगीरों व ग्रामीणों को शीतल पेयजल वितरित किया।

जल सेवा अभियान में ट्रस्ट अध्यक्ष मौलाना अब्दुल वाहीद, सचिव मौलाना अब्दुल खालिक सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

उन्होंने बताया कि हर साल गर्मी के मौसम में ट्रस्ट इस प्रकार की सेवा गतिविधियों का आयोजन करता है ताकि ग्रामीणों को राहत पहुंचाई जा सके। स्थानीय ग्रामीणों ने ट्रस्ट के इस प्रयास की सराहना करते हुए आभार जताया और कहा कि भीषण गर्मी में यह सेवा वास्तव में राहत देने वाली है।

ट्रस्ट की ओर से यह भी बताया गया कि आने वाले दिनों में अन्य सामा. जिक कल्याण कार्यों जैसे निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर और शिक्षा जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। इस मौके पर मौलाना रिहान गनी, मौलाना बिलाल, कारी फरीद, मौहम्मद युसुफ आदि मौजूद रहे।

## प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहन देने का निर्णय

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** खत विशालाड जनजातीय कर्मचारी संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को पीएम श्री इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। बैठक में संगठन के भविष्य की गतिविधियों को लेकर व्यापक चर्चा हुई और सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

संगठन ने निर्णय लिया कि खत विशालाड क्षेत्र के वे छात्र-छात्राएं जो पीएम श्री इंटर कॉलेज से बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉपर बनेंगे, उन्हें विशेष कार्यक्रम में प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। यह पहल विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

प्रत्येक वर्ष कैरियर काउंसलिंग, स्वास्थ्य शिविर व कर्मचारी सम्मेलन भी होंगे। संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन भी सर्वसम्मति से किया गया। हुकम सिंह राणा को अध्यक्ष, नवीन शर्मा को उपाध्यक्ष, अर्जुन दत्त शर्मा को सचिव, और विक्रम चौहान को कोषाध्यक्ष चुना गया। संरक्षक मंडल में वीरेंद्र दत्त जोशी , जवाहर सिंह पंवार , और नरेंद्र सिंह चौहान को शामिल किया गया। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी अनिल दत्त शर्मा को सौंपी गई, जबकि लेखा निरीक्षक की भूमिका केशवराम शर्मा, मायाराम शर्मा और मोहनलाल वर्मा को दी गई।

### पद्मश्री बेकल उत्साही की याद में हुआ काव्यांजलि और बज्मे-सुखन कार्यक्रम का आयोजन

## प्यार-मोहब्बत व भाईचारे के लिए साहित्यिक आयोजन जरूरी:टंडन

■ कविता का मंच राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने का सशक्त माध्यम: डॉ. हिमांशु एरन



शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** नैनीताल हाईकोर्ट लोक अदालत के अध्यक्ष जस्टिस राजेश टंडन ने कहा कि समाज में प्यार-मोहब्बत और भाईचारे को बढ़ाने के लिए साहित्यिक आयोजन बहुत जरूरी हैं।

जस्टिस टंडन ने ऑल इंडिया काउंसिल ऑफ इंटेलेक्चुअल (एआईसीओआई) के तत्वावधान में प्रसिद्ध शायर, पूर्व सांसद पद्मश्री स्व. बेकल उत्साही की जयंती पर आयोजित काव्यांजलि और बज्मे-सुखन कार्यक्रम में अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।

रिंग रोड स्थित महाराजा क्लब में देर रात तक चले इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि शायर बेकल उत्साही ने राज्यसभा सदस्य रहते हुए कौमी एकता को बढ़ावा देने के लिए बहुतेरे कार्य किए। उनके गीत-गजलों में गंगा-जमुनी तहजीब बहती थी।

उन्होंने कहा कि बेकल जी निराला, नागार्जुन और नजीर अकबराबादी की परंपरा के कवि थे ।

मुख्य अतिथि रासबिहारी बोस सुभारती यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. हिमांशु एरन ने कहा कि वह कौमी एकता के हिमायती हैं, इसलिए उनके महाविद्यालय और कैंपस के नाम भी देशभक्तों के नाम पर रखे गए हैं।

जम्मू-कश्मीर के सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व एमएलसी सैयद फरीद ने कहा कि जम्मू-कश्मीर का हर नागरिक राष्ट्रीय एकता का हिमायती है और पाकिस्तान का प्रबल विरोध करता है।

एआईसीओआई के राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट प्रकाश निधि शर्मा ने कहा कि उनकी संस्था राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारा बढ़ाने के लिए साहित्यिक आयोजन करती रही है ।


राजकीय महाविद्यालय मसूरी में प्रोफेसर डॉ. प्रमोद भारती ने मरहूम शायर पद्मश्री बेकल उत्साही को लेकर अपने अनुभव साझा किए। अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि भी दी गई।

इस मौके पर प्रसिद्ध शायर अफजल मंगलौरी ने देशभक्ति से ओतप्रोत गजल 'मेहनत से और तरक्की से हिंदुस्तान को, सोने की चिड़िया फिर से बनाने का वक्त है' से महफिल लूट ली। प्रसिद्ध शायरा मोनिका मंतशा ने अपने दो शेर 'इसी तरह से फकत मुझमें जान बाकी है, किसी फकीर में जैसे जहान बाकी है। तिरे बगैर यूँ वीरान हो गई हूँ मैं, चला गया है मकीं बस मकान बाकी है। सुनाकर महफिल को ऊंचाइयों पर पहुंचाया।

### 'चला गया है मकीं बस मकान बाकी है'

**देहरादून।** शायरों ने अपनी रचनाओं से समां बांध दिया। प्रसिद्ध कवि उपायुक्त, राज्य कर उत्तराखंड कुमार विजय 'द्रोणी' ने अपनी गजल 'मैं दिल में अपने इक गांव लिए फिरता हूं। से तालियां बटोरी। प्रसिद्ध कवयित्री अरूणा वशिष्ठ ने अपनी कविता 'गांव से पलायन कर रहे हैं आज गांव रो रहा है...से उत्तराखंड में हो रहे पलायन का दर्द बयां किया। पत्रकार एवं शायर दर्द गढ़वाली ने अपने दो शेरों 'क्या-क्या चीजें रख रक्खी थी बक्से में...से दाद बटोरी। पत्रकार एवं शायर परमवीर कौशिक ने 'मुस्लिम की हूं इज्जत यारो हिंदू का सम्मान हूं मैं...से राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। संचालन करते हुए शायर असलम खतौलवी ने अहमदाबाद विमान हादसे को अपने शेर में 'ये बात सच है मुकद्दर से जिद नहीं करते, हवाएं काट रही हैं उड़ान लौट चलें' बयां कर तालियां बटोरी।

# कैंचीधाम में आज उमड़ेगा आस्था का सैलाब



नैनीताल के नीम करौरी बाबा महाराज के धाम कैंची मंदिर के स्थापना दिवस पर मंदिर परिसर को गजब का सजाया हुआ है। विविध आकर्षक रंगों में विद्युत मालाओं से मंदिर का सौंदर्य निखर उठा है, जो देखते बरबस मन मोह लेता है। ( छाया: अफजल फौजी )।

## सब पर बाबा की कृपाः भट्ट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** विश्व प्रसिद्ध कैंची धाम में कल 15 जून को बाबा नीम करोली महाराज जी का स्थापना दिवस बड़े ही श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। बाबा के भक्त देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी इस पावन अवसर पर कैंची धाम, नैनीताल पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं का जनसैलाब एक दिन पहले ही आश्रम की ओर उमड़ पड़ा है, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण और भक्ति की अनुभूति स्पष्ट देखी जा सकती है।

इस अवसर पर नैनीताल-उधम सिंह नगर से सांसद अजय भट्ट ने बाबा नीम करोली महाराज को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए स्थापना दिवस की सभी भक्तों और श्रद्धालुओं को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा कि बाबा नीम करोली महाराज की कृपा और आशीर्वाद से ही उत्तराखंड की यह पवित्र भूमि आज संपूर्ण विश्व में आस्था का केंद्र बन चुकी है। बाबा की साधना, सेवा और प्रेम की शक्ति ने लाखों-करोड़ों लोगों के जीवन को दिशा दी है। सांसद अजय भट्ट ने यह भी कहा कि कैंची धाम का यह वार्षिक स्थापना दिवस सद्भाव, सेवा और आत्मिक चेतना का प्रतीक है। बाबा की शिक्षाओं को आत्मसात करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धा होगी। उन्होंने प्रशासन और पुलिस द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की भी सराहना की और श्रद्धालुओं से अपील की कि वे संयम और शांति बनाए रखें। गौरतलब है कि बाबा नीम करोली महाराज द्वारा स्थापित कैंची धाम हर वर्ष लाखों श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता है।

## शोधा छात्रा दीक्षा पवार की पीएसडी पूर्ण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर के वाणिज्य विभाग की शोध छात्रा दीक्षा पवार ने एसोसिएट प्रोफेसर डा. विजय कुमार के निर्देशन में पीएचडी पूर्ण की। शनिवार को दीक्षा की पीएचडी की मौखिकी परीक्षा प्रो. अमित कुमार सिंह वाणिज्य विभाग, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमी, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा ली गई। दीक्षा का शोध का विषय 'कैश टू कैशलैस इकोनॉम' रहा। उन्हें डॉक्ट्रेट की उपाधि अर्जित करने पर वाणिज्य संकाय के संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल जोशी, डा. आरती पंत, डा. विजय कुमार, डा. ममता जोशी, डा. निधि वर्मा, डा. हिमानी जलाल, डा. जीवन उपाध्याय, डा. विनोद जोशी, अंकिता आर्या, डा. तेज प्रकाश, डा.पूजा जोशी, डा. गौतम रावत समेत कूटा अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी, शोध निदेशक प्रो. एनजी साहू, संयुक्त निदेशक डा. मोहन लाल, सहायक निदेशक डा. दीपक आर्या, डा. महेश आर्या, डा. विजय कुमार आदि रहे।

## एक नजर...

### आपातकालीन स्थिति से निपटना समझाया

**धारी।** राजकीय महाविद्यालय दोषापनी में यूथ रेडक्रॉस सोसाईटी के तत्वाधान में महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को प्राथमिक चिकित्सा एवं आपातकालीन स्थिति से निपटने की जानकारी दी गई। रेडक्रॉस प्रभारी डा. अनिता बिष्ट ने छात्रों को सीपीआर तथा उसकी उपयोगिता के बारे में बताया। रेडक्रॉस सह प्रभारी डा. कविता पंत एवं डा. रेनू जलाल ने छात्रों को आपातकालीन स्थिति से निपटने की जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रचार्या डा. अनिता प्रवीन एवं मनोज कुमार, मोहन सनवाल, हरिप्रसाद पंत, चंदन बिष्ट, गणेश बिष्ट आदि लोग मौजूद रहे।

### चेक बाउंस के मामले में वारंटी गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को एसएसपी देवेंद्र पींचा ने न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट में संबंधित अभियुक्तों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी के लिए सख्त निर्देश दिए है। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार चेक बाउंस के एक मामले से संबंधित आरा सलफड़ दन्या निवासी वारंटी हरीश नाथ लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। जिसके बाद जिला न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया। थानाध्यक्ष जसविंदर सिंह के नेतृत्व में दन्या पुलिस टीम ने वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस टीम अपर उप निरीक्षक बीना कौर, होमगार्ड उमेश कांडपाल, पीआरडी धीरज कुमार आदि शामिल रहे।

### बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग

**अल्मोड़ा।** सेवानिवृत्त केंद्रीय कर्मचारी कल्याण समिति की शनिवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर समेत तमाम समस्याओं पर चर्चा हुई। इस दौरान सदस्यों ने शासन प्रशासन ने जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में कटखने बंदरों का आतंक बना हुआ है। बंदर लोगों पर हमला कर घायल कर रहे हैं। मामले को लेकर प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन अब तक बंदरों के आतंक से निजात दिलाने को लेकर कोई कदम नहीं उठाए गए। वहीं, नगर के तमाम इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाने, सड़क किनारे आड़े तिरछे वाहन खड़े करने वालों पर कार्रवाई करने, पार्किंग के शुल्क को कम करने आदि की मांग उठाई। यहां पीएस नेगी, राजेंद्र प्रसाद जोशी, एएस कार्की, भुवन चंद्र पंत, शेष राम, नारायण दत्त पांडे, हरीश, चंद्रशेखर सिंह सिराड़ी, पान सिंह मेहरा, दीवान सिंह, बिशन सिंह, गणेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### कैंची धाम मार्ग पर सफाई अभियान चलाया

**नैनीताल।** कैंचीधाम में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले मेले की बढ़ती व्यापकता और श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए नगर पालिका परिषद नैनीताल ने कैंची धाम मार्ग पर विशेष सफाई अभियान चलाया। जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह एवं अधिशासी अधिकारी रोहतास शर्मा के निर्देशानुसार पालिका के मुख्य सफाई निरीक्षक सुनीत कुमार एवं सफाई निरीक्षक कमल सिंह चौहान के निर्देशन पर सुपरवाइजर कमल सेनवाल और धर्मेश के सुपरविजन में पर्यावरण मित्रों ने विशेष सफाई अभियान चलाया। जिसके तहत तल्लीताल नैनीताल से कैचीधाम मार्ग पर दोनों ओर फैले कूड़े-कचरे को एकत्रित कर पालिका के कूड़ा वाहन में निस्तारित किया गया ताकि रास्ता स्वच्छ और सुंदर बना रहे और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### खौलते पानी में गिरने से बालक जला

**नैनीताल।** नैनीताल के खुर्पाताल निवासी ढाई साल के बच्चे के प्राइवेट पार्ट जलने से बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके चलते आनन फानन में परिजन उसे बीडी पांडे अस्पताल लेकर आए और प्राथमिक उपचार के बाद इसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक चूल्हे में पानी गर्म करने के लिए रखा हुआ था और बच्चा गलती से पानी के ऊपर गिर गया। इमरजेंसी में मौजूद डा. प्रशांत ओली ने बताया कि बच्चे का करीब बीस प्रतिशत प्राइवेट पार्ट जल गया है और प्राथमिक उपचार के बाद उसे रेफर कर दिया गया है।

### श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न होः ऋचा सिंह

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कैंची मंदिर में कल 15 जून को लगने वाले मेले के लिए नोडल अधिकारी नगर आयुक्त हल्द्वानी ऋचा सिंह ने देर शाम तक भुजियाघाट, दो गांव, आमपड़ाव, ज्योलीकोट बाज़ार का निरीक्षण करते सफाई रखने, दुकानों से बाहर राजमार्ग में सामान न फैलाने के निर्देश दिए जिससे कि आने वाले, श्रद्धालुओं, पर्यटकों को कोई दिक्कत ना आए और यातायात सुचारु रहे। इस दौरान कई दुकान स्वामियों से कूड़ा और सामान हटवाया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों, दुकानदारों जनप्रतिनिधियों ने नगर आयुक्त को बताया कि पर्यटकों की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग द्वारा बनाए और सुलभ संस्था द्वारा संचालित शौचालय कॉम्प्लेक्स छ माह से बंद है। निर्माण सामग्री और मलवे के कारण राजमार्ग की नाली बंद पड़ी है जिससे गंदगी का अंबार लगा हुआ है। पर्यटक सीजन पूरे जोर पर है। शौचालय बंद होने से दैनिक यात्री पर्यटक खासकर महिलाएं बेहद परेशान हो रहे हैं। आयुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को तुरंत शौचालय को सुचारु करने के निर्देश दिए, जिसका असर हुआ कि सुलभ संस्था का एक कारिंदा कुछ ही समय बाद कॉम्प्लेक्स में पहुंच सफाई कार्य में लग गया। आयुक्त ने बताया कि अगले दो दिनों में शौचालय को सुचारु कर दिया जाएगा।

# एनसीसी यूनिट ने लगाया रक्तदान शिविर

## कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया






**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को नैनीताल में 05 यूके नेवल यूनिट एनसीसी और कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के संयुक्त तत्वावधान में बीडी पांडे अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एनसीसी अधिकारी, कैडेट्स और पूर्व कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

शिविर का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और युवाओं को स्वैच्छिक रक्तदान के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन चंदर विजय नेगी ने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है, जो हर साल लाखों लोगों की जान बचाता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने और एक जागरूक व मानवतावादी समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील की। एनसीसी अधिकारी सब लेफ्टिनेंट डा. रीतेश साह ने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस हर वर्ष 14 जून को नोबेल पुरस्कार विजेता डा. कार्ल लैंडस्टीनर की जयंती पर मनाया जाता है। उन्होंने 1901 में रक्त समूहों की खोज की थी, जिससे सुरक्षित रक्त संक्रमण संभव हो सका। रक्तदान करने वालों में एनसीसी अधिकारी डा. रीतेश साह (15वीं बार रक्तदान), पेटी ऑफिसर सुधीर थलवाल और विश्वविद्यालय के कैडेट्स निष्ठा जोशी, नेहा छिमवाल, ज्योति दानू, बीना बसेरा, संदीप आर्य, समृद्धि साह, हिमांशु, दीपक नाथ और पूर्व कैडेट मानस पाठक रहे। इस दौरान कार्यकारी अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर अनिल मनहास, डा. ममता पांगती, मुख्य प्रशिक्षक पेटी ऑफिसर एके प्रधान, पेटी ऑफिसर आरके गुज्जर, पेटी ऑफिसर सुधीर थलवाल, लीडिंग लॉजिस्टिक्स राजेश बेनीवाल, लीडिंग सीमैन करमवीर, लैब तकनीशियन कृष्णपाल सिंह, अनुष्का, जीतेश आदि रहे।

# ग्राफिक एरा में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम

■समापन पर छात्रों की रंगारंग प्रस्तुति




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**भीमताल।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल परिसर में चल रहे भारतीय सामाजिक और सांस्कृतिक परिवेश पर आधारित अंतरराष्ट्रीय प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम का समापन विदेशी छात्रों की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ हुआ।

समापन समारोह में जब अंतरराष्ट्रीय छात्र-छात्राएं पारंपरिक पहाड़ी वेशभूषा में नृत्य करते नज़र आए, तो माहौल पूरी तरह भारतीय संस्कृति से सराबोर हो गया। पाठ्यक्रम के तहत छात्रों ने न केवल हिंदी भाषा का अध्ययन किया, बल्कि उसे बोलना और लिखना भी सीखा। इसके अलावा उन्होंने उत्तराखंड की पारंपरिक कला और खानपान की बारीकियों को भी नजदीक से जाना। छात्रों ने कुमाऊंनी पिछोड़ा बनाने की पारंपरिक विधि सीखी, साथ ही चटनी और मठ्ठा जैसी पारंपरिक खाद्य सामग्री भी खुद तैयार की। फार्मेसी कॉलेज की मेजबानी में हुए इस पाठ्यक्रम में कुमाऊं की स्वास्थ्य परंपराओं और लोक जीवनशैली को भी प्रमुखता से शामिल किया गया। समापन अवसर पर 'साड़ी वॉक' आयोजित की गई। समारोह में कैम्पस निदेशक ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और कार्यक्रम की सफलता पर खुशी जताई। कुमाऊं संस्कृति एवं विरासत केंद्र की प्रभारी डा. कविता ए. जोशी ने सभी विशेषज्ञों, छात्रों और सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

# अंजिना रिचर्ड्स बनीं ऑलसेंट्स की नई प्राचार्या

## आध्यात्मिक वातावरण में किया गया पदस्थापित, स्टाफ ने भक्ति भजन गाए



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** ऑल सेंट्स कॉलेज में शनिवार को एक गरिमामयी एवं आध्यात्मिक वातावरण में समारोह आयोजित किया गया। जिसमें अंजिना रिचर्ड्स को औपचारिक रूप से विद्यालय की नई प्राचार्या के रूप में पदस्थापित किया गया। साथ ही विद्यालय के नवनिर्मित प्री-प्राइमरी ब्लॉक का भी विधिवत उद्घाटन हुआ।

इस विशेष अवसर पर चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया, आगरा डायोसिस के प्रमुख एवं विद्यालय के अध्यक्ष, द मोस्ट रेव. बिजय कुमार नायक द्वारा मुख्य अनुष्ठान संपन्न कराया गया। उनके साथ डायोसेसन सचिव व आगरा डायोसिस सीएनआईडी ई बी के सचिव, डा. अविनाश चंद, आगरा डायोसिस के कोषाध्यक्ष अशीष हाबिल, रेवरेंड हेराल्ड, रेवरेंड नायक और रेवरेंड मुनव्वर ने भी इस पवित्र सेवा में भाग लिया और धार्मिक अनुष्ठानों का संचालन किया। समारोह की शुरुआत पवित्र बाइबिल से वचनों के पाठ से हुई, जिसके बाद विद्यालय के स्टाफ द्वारा भक्ति भजन गाए गए। ईश्वर की स्तुति करते हुए सभी ने प्रार्थना की कि वह अपना आशीर्वाद उन सभी बच्चों पर बनाए रखें जो इस प्रतिष्ठित संस्था का हिस्सा रहे हैं, वर्तमान में हैं या भविष्य में बनेंगे। समस्त विद्यालय परिवार ने अंजिना रिचर्ड्स के नेतृत्व में संस्था के नए अध्याय की शुरुआत का स्वागत करते हुए उनके सफल एवं प्रेरणादायी कार्यकाल की कामना की। समारोह में विद्यालय के शिक्षकगण तथा अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस ऐतिहासिक अवसर ने न केवल संस्थान की 155 साल की समृद्ध परंपराओं को रेखांकित कर इसके गौरवमय इतिहास का पुनः स्मरण कराया बल्कि यह भी संकेत दिया कि आने वाला समय विद्यालय के लिए शिक्षा, आध्यात्मिकता और नैतिक मूल्यों के समन्वय का एक स्वर्णिम अध्याय सिद्ध होगा।

# छात्रों के लिए बढ़ेंगे रोज़गार के अवसर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान एस. रावत की अध्यक्षता में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई,

■एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट

जिसमें भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के प्रतिनिधि वैभव दाधीच से ई2ई (एजुकेशन टू एम्प्लॉयमेंट) योजना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। यह योजना भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा प्रारंभ की जा रही है, जिसका उद्देश्य शिक्षण संस्थानों और औद्योगिक इकाइयों के बीच सेतु का निर्माण करते हुए छात्रों के लिए संभावित रोजगार के अवसर बढ़ाना है। इस योजना के तहत, देशभर के 100 शैक्षणिक संस्थानों में 100 इंडस्ट्री लाउंज स्थापित किए जाने की योजना है, जिसकी शुरुआत सितंबर 2025 से की जाएगी। कुमाऊँ विश्वविद्यालय इस योजना में अग्रणी भूमिका निभाते हुए भाग लेने वाले प्रारंभिक संस्थानों में से एक होगा।



बैठक के दौरान यह सहमति बनी कि विश्वविद्यालय सीआईआई को परिसर में कार्य संचालन हेतु स्थान प्रदान करेगा, जहां से सीआईआई अपनी गतिविधियां संचालित करेगी। सीआईआई के साथ पंजीकृत 9000 से अधिक उद्योगों से इस पहल के माध्यम से संपर्क स्थापित किया जाएगा। ये उद्योग विश्वविद्यालय के छात्रों से संपर्क कर उन्हें इंटर्नशिप, अप्रेंटिसशिप और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगे। कुलपति प्रो. दीवान एस. रावत ने इस अवसर पर कहा कि यह पहल न केवल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, बल्कि यह शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को पाटने का भी कार्य करेगी। उन्होंने इसे विश्वविद्यालय की शिक्षा से कौशल और फिर रोजगार की दिशा में एक सशक्त कदम बताया। प्रो. दीवान एस. रावत ने कहा कि यह पहल कुमाऊँ विश्वविद्यालय के सतत नवाचार, उद्योग-शैक्षणिक सहभागिता और छात्रों के समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। निकट भविष्य में विश्वविद्यालय परिसर में इंडस्ट्री लाउंज की स्थापना के साथ विद्यार्थियों को रोजगार-उन्मुख मार्गदर्शन एवं अवसर सुलभ कराए जाएंगे।

## जीआईसी भूमियाधार में निःशुल्क योग शिविर का आयोजन

**नैनीताल।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार और राज्य स्वच्छ गंगा मिशन नमामि गंगे उत्तराखण्ड के संयुक्त तत्वाधान में जीआईसी भूमियाधार में निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें डीएसबी परिसर की छात्रा प्रिया आर्या छात्र छात्राओं को योगाभ्यास करा रही हैं। यह शिविर 21 मई से शुरू किया गया था जिसका समापन 21 जून को किया जाएगा। प्रिया आर्या ने बताता कि इस शिविर में प्रतिभागियों को योग के नियमित अभ्यास से होने वाले लाभो की विस्तृत जानकारी दी जा रही है तथा इसका उद्देश्य योग के प्रति जागरुकता फैलाना और समाज को शारीरिक मानसिक और आत्मिक रूप से स्वस्थ बनाना है।

# नैनीताल में लंगूर, बंदरों का आतंक बढ़ा

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में कुत्तों के काटने के मामलों के साथ ही लगातार लंगूर बंदरों के आतंक में वृद्धि देखने को मिल रही है। विगत माह की तुलना में लगातार मंकी बाइट के केस में बढ़ौतरी देखी जा रही है। शहर में एक तरफ जहां कुत्तों का आतंक देखने को मिलता है वही अब लंगूर बंदरो के काटने के मामले भी लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बीते महीनों में डॉग बाइट के साथ ही लगातार लंगूर बंदरों के काटने पर इंजेक्शन लगाने अस्पताल पहुंच रहे लोगों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। इस वर्ष जनवरी माह में कुल 144 लोगों ने कुत्ते के काटने पर रेबीज का इंजेक्शन लगाए वही फरवरी में 144, मार्च में 173, अप्रैल में 146 और मई में कुल 146 लोगों को कुत्तों ने काटा। वहीं मंकी बाइट के मामलों में निरंतर वृद्धि हो रही है। जनवरी माह में जहां 6 लोगों को बंदरो ने काटा वही फरवरी में कुल 10 लोगों को बंदरों ने काटा, मार्च में 22 लोग बंदर के काटने पर इंजेक्शन लगाने अस्पताल पहुंचे, अप्रैल माह में कुल 14 लोगों को बंदरो ने काटा और मई में कुल 30 लोगों ने बंदर के काटने पर एंटी रेबीज वैक्सीन लगाई। इंजेक्शन कक्ष में मौजूद सूरज बिष्ट ने बताया कि बीते महीनों में मंकी बाइट के मामलों में लगातार बढ़ौतरी देखने को मिली है। इन दिनों अस्पताल में प्रतिदिन 5 से 6 मामले एंटीरेबीज इंजेक्शन लगाने पहुंच रहे हैं। जिसमें डॉग बाइट, मंकी बाइट और कैट बाइट के साथ रैट बाईट समेत अन्य मामले भी शामिल हैं।

शाखा प्रबन्धक महोदय भारतीय जीवन बीमा निगम रामनगर
विषयः जीवन बीमा पॉलिसी संख्या 242801197 को बैंक पक्ष से अमुक्त करने हेतू।
महोदय गोविन्द सिंह कनिहाल पुत्र पली श्री सूरत सिंह जीवन बीमा पॉलिसी संख्या 242801197. की आपकी शाखा में चल रही हैं जिसे उपरोक्त व्यक्ति द्वारा नैनीताल डि. को. बैंक लि. शाखा बैलपड़ाव नैनीताल के पक्ष में ऋण के सापेक्ष बन्धक करायी थी, ऋणी द्वारा वर्तमान में अपना सम्पूर्ण ऋण जमा कर दिया है। अतः आप से विनम्र निवेदन है कि पॉलिसी सं. 242801197 को बैंक के पक्ष से अयुक्त करने का कष्ट करेंगे।
**शाखा प्रबंधक**
**नैनीताल डिस्ट्रिक को.लि. बैंक शाखा बैलपड़ाव ( नैनीताल )।**

# लघु शोध प्रोजेक्ट की मौखिक परीक्षा



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**हल्दूचौड़।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के आदेशानुसार प्राचार्य प्रोफेसर डा. सीमा श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में राजनीति विज्ञान विभाग के बीए षष्ठम् सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लघु शोध प्रोजेक्ट के 100 अंकों की मौखिक परीक्षा का आयोजन वरिष्ठ प्रोफेसर डा. ललित मोहन पाण्डे के मार्गदर्शन में डा. गीता तिवारी के द्वारा सम्पन्न कराई गई।

प्रोफेसर डा. ललित मोहन पाण्डे ने लघु शोध प्रोजेक्ट मूल्यांकन के उपरान्त विद्यार्थियों को उनके द्वारा किए गए लघु शोध कार्य में से रिसर्च पेपर लेखन, पब्लिकेशन और भविष्य में स्नातकोत्तर करने के उपरान्त इसी टॉपिक पर और विस्तृत गहन शोध अनुसंधान कार्य को पूर्ण करने की विस्तृत जानकारी छात्र-छात्राओं को प्रदान की गई।

राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डा. गीता तिवारी पाण्डे ने अपने शोध निर्देशन में बीए षष्ठम सेमेस्टर के 32 विद्यार्थियों दीपक परिहार, रवि शर्मा, दीपा पाण्डे, दीप्ति सुयाल, दिव्यांशी सौरागी, दीया बिष्ट, गीता मिश्रा, ईशा उप्रेती, खुशबू बिष्ट, लक्षिता बिष्ट, मनीषा कोहली, मीनाक्षी जोशी, मेघा आर्या, नेहा कोरंगा, निक्की गोस्वामी, निशा आर्या, पूजा जोशी, पूजा पाण्डे, प्रिया चंद, रेनू, रोशनी कश्यप, रुखसार, सरस्वती आर्या, तनुजा कोरंगा, तारा पाण्डे, उमा, उमा पाण्डे, उषा जोशी, उषा खर्कवाल, वैशाली बिष्ट, विद्या जोशी, यशोदा कुलेगी को पंचम और षष्ठम सेमेस्टर में एक वर्ष तक राजनीति विज्ञान के विभिन्न शोध शीर्षकों पर गुणात्मक और मात्रात्मक फील्ड रिसर्च डाटा पर आधारित लघु शोध का कार्य पूर्ण कराया गया। इस अवसर पर डा. मंजू जोशी और डा. हेम चन्द्र पाण्डे भी उपस्थित रहे।

# लेकसिटी में घटे सैलानी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** पर्यटन नगरी नैनीताल में वीकेंड पर अपेक्षा के मुताबिक सैलानियों की आमद कम रही। होटलों में औसतन 80 प्रतिशत कमरे लग पाए। नगर में पर्यटक वाहनों की आमद भी 20 प्रतिशत कम रही। कैंची स्थापना दिवस पर हर वर्ष सैलानियों की आमद सर्वाधिक रहती है। मगर इस बार लगभग 30 प्रतिशत कम रही है। जिस कारण नगर पर्यटन कारोबारी निराश नजर आए। तल्लीताल टोल टैक्स के अनुसार गत दिवस तीन हजार से अधिक पर्यटक वाहनों ने एंट्री की थी, शनिवार देर रात तक लगभग दो हजार ही पहुंचे। इस बीच सैलानियों ने नगर के पर्यटन स्थल क्रमशः चिड़ियाघर, केव गार्डन, बॉटनिकल गार्डन, हिमालय दर्शन, वाटफॉल व हनुमानगढ़ी समेत अन्य पर्यटन स्थलों की सैर की। नौकायन गतिविधि सामान्य रही। मालरोड पर रौनक देखी गई। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि जून मध्य सीजन पीक पर रहता है। मगर इस बार सैलानियों की आमद कम हो चली है। सोशल मीडिया के वायरल वीडियो इसकी बड़ी वजह हैं, जो ट्रैफिक को लेकर वीडियो रील्स वायरल कर रहे हैं। इधर ट्रैफिक डायवर्ड करने के कारण भी सैलानी नैनीताल आने की बजाय दूसरे पर्यटन स्थलों में शरण ले रहे हैं। नगर के पर्यटन को लेकर यह अच्छा नहीं है। उन्होंने प्रशासन से ट्रैफिक में सुधार किए जाने की मांग की है। वहीं, नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ने मल्लीताल बैंड स्टैंड में पर्यटकों के मनोरंजन के लिए पीएसी बैंड बजाने को लेकर पत्र भेजा है। अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि बैंड स्टैंड में में सीजन के दौरान सैलानियों के मनोरंजन के लिए पीएसी बैंड का इतिहास कई दशक पुराना है। जिसे पुनः संचालित किया जाना चाहिए। इससे नगर के पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

# अघरिया में महीनों से पेयजल संकट

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**धारी।** क्षेत्र के ग्राम सभा अघरिया में पेयजल संकट कई महीनों से बना हुआ है। लापरवाह कर्मचारियों कि वजह से ग्राम वासियों को पेयजल

■परेशानी ने लोगों की दिनचर्या को बदल दिया

नहीं मिल पा रहा है। किसानों व विधालय जाने वाले बच्चों की दिनचर्या बदल गई है पानी कि वजह से बच्चे विधालय भी नहीं जा पा रहे है पीने के लिए तक पानी नही मिल पा रहा है।



गवालाकोट मे पम्पिंग का गंदा पानी आने से लोग उसको पीते नहीं है। साथ ना कभी टेंको कि सफाई कि जाती है ना ही टेंको मे ताला लगा है। ग्राम सभा में अगर एक छुट्टी पर जाता है तो उस दिन पम्प नहीं चलाया जाता है। ऐसे कर्मचारियो पर उच्च अधिकारी भी कुछ नहीं कर पाते हैं। ऐसे लापरवाह कर्मचारी अगर बने रहे तो पेयजल संकट हमेशा बना रहेगा। कई बार लोगों ने अधिकारियो को भी पेयजल संकट के बारे बताया लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। अघरिया गवालाकोट मे ग्रेवीटी पेयजल योजना को जल सस्थान विभाग ने खत्म कर दिया है आखिर क्यो। वही दूसरी तरफ ग्रेविटी का पानी बंद पड़ा हुआ है। ऐ ई हरीश द्विवेदी का कहना है कि जो कर्मचारी काम नही कर रहे हैं उनको हठाया जाएगा साथ ही जिन कर्मचारियों को 60 उम्र हो गई है उनको जल्द हटाया जाएगा। विभाग हमेशा कर्मचारियों को पानी के सफाई के लिए लिखवाड़ देता है लेकिन कर्मचारी उसको टेंक मे नही डालते हैं तो उनके ऊपर कार्यवाही कि जाएगी।

# दक्षिण अफ्रीका पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियन

**● डब्ल्यूटीसी फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया, 27 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट जीता**






**लंदन, वार्ता।** साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीत ली है। टीम ने शनिवार को डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया। साउथ अफ्रीका की टीम क्रिकेट के किसी भी फार्मेट में पहली बार वर्ल्ड चैंपियन बनी है। इतना ही नहीं, टीम ने 27 साल के बाद कोई आईसीसी टूर्नामेंट जीत लिया है।

टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। लंदन के द लाड्र्स स्टेडियम में मैच के चौथे दिन लंच से पहले साउथ अफ्रीका ने 282 रन का टारगेट 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। ऐडन मार्करम ने 136 रन बनाए, जबकि टेम्बा बावुमा ने 66 रन की पारी खेली। काइल वेरियन ने 84वें ओवर में मिचेल स्टार्क के खिलाफ सिंगल लिया और अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिला दी। वे 4 रन बनाकर डेविड बेडिंघम (21 रन) के साथ नाटआउट रहे। मार्करम प्लेयर आफ द मैच रहे। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 218 रन बनाते हुए साउथ अफ्रीका को 282 रन का टारगेट दिया। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने 212 और साउथ अफ्रीका ने 138 रन बनाए। यहां कंगारू टीम को 74 रन की बढ़त मिली थी। 84वें ओवर की चौथी बाल पर काइल वेरिययन ने एक रन लेकर साउथ अफ्रीका को 5 विकेट से जीत दिला दी। टीम पहली बार क्रिकेट के किसी फार्मेट में वर्ल्ड चैंपियन बनी है। साउथ अफ्रीका ने 27 साल बाद कोई आईसीसी टाइटल जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में अपना पहला आईसीसी खिताब जीता था। 84वें ओवर की तीसरी बाल पर काइल वेरियन को जीवनदान मिला। स्टार्क के ओवर की तीसरी बाल वेरियन के बैट का बाहरी किनारा लेकर विकेट कीपर एलेक्स के दस्तानों पर गई। कैच हुआ, लेकिन फील्ड अंपायर्स ने वेरियन को नाटआउट करार दिया। ऐसे में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस रिव्यू नहीं ले सके, क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने सभी रिव्यू पहले ही गंवा दिए थे। 81वें ओवर की आखिरी बाल पर साउथ अफ्रीका ने 5वां विकेट गंवाया। यहां ऐडन मार्करम 136 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ट्रैविस हेड ने शार्ट मिडविकेट पर कैच किया। ऑस्ट्रेलिया के लिए दूसरी नई बाल से जोश हेजलवुड बालिंग करने आए। साउथ अफ्रीकी पारी के 80 ओवर पूरे होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने नई बाल की मांग की। बाल बदलने के बाद उन्होंने जोश हेजलवुड को ओवर सौंपा। 282 रन का टारगेट चेज कर रही साउथ अफ्रीका ने 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। 75वें ओवर की पहली बाल पर बेडिंघम ने एक रन लेकर टीम स्कोर 250 पार पहुंचाया। 71वें ओवर द. अफ्रीका ने चौथा विकेट गंवा दिया है। यहां ट्रिस्टन स्टब्स 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल स्टार्क ने अपने ओवर की तीसरी बाल पर बोल्ड कर दिया। पिछली बाल पर स्टब्स विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच होने से बचे थे। यहां ऑस्ट्रेलिया ने रिव्यू भी गंवाया। 69वें ओवर में ट्रिस्टन स्टब्स रन आउट होने से बच गए। उन्होंने मिचेल स्टार्क के ओवर की आखिरी बाल पर मिड आफ की ओर से खेला और रन लेने के लिए निकल पड़े। पैट कमिंस ने तेजी से आकर बाल नान स्ट्राइक एंड पर थ्रो की। यह थ्रो स्टंप पर नहीं लगा और स्टब्स आउट होने से बच गए। अगर बाल स्टंप पर लगती तो स्टब्स को पवेलियन लौटना पड़ता। अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा 66 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें 59वां ओवर डाल रहे कमिंस ने कैच आउट कराया और शतकीय साझेदारी को तोड़ी। ओवर की आखिरी बाल पर बावुमा को एलेक्स कैरी ने कैच किया।

## चोटिल स्टीव स्मिथ ने नहीं करायी सर्जरी

### विंडीज के खिलाफ सीरीज तक फिट होने में संशय

**लंदन, वार्ता।** लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे दिन शुक्रवार को कैच लेने के दौरान अंगुली में चोट खाने वाले ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने कम्पाउंड डिस्लोकेशन की सर्जरी से बचने में सफलता प्राप्त की है, लेकिन वेस्टइंडीज में ऑस्ट्रेलिया की आगामी टेस्ट सीरीज के लिए फिट होने के लिए उन्हें अभी भी समय की कमी का सामना करना पड़ सकता है। तेम्बा बावुमा का तेज कैच लपकने के प्रयास मे स्मिथ चोट खा बैठे थे। मैदान से बाहर निकलते ही वह सीधे अस्पताल गए जहां घाव को साफ किया गया, टांके लगाए गए और उंगली को स्प्लिंट में रखा गया और यह समझा जाता है कि अगर वह स्प्लिंट के साथ ऐसा करने में सक्षम हैं तो वह बल्लेबाजी करने में सक्षम होंगे, जिसे उन्हें आठ सप्ताह तक पहनने की आवश्यकता होगी, हालांकि घाव के लगभग एक पखवाड़े में ठीक होने की उम्मीद है। मैदान में उन पर पड़ने वाले प्रभाव का भी आकलन करने की आवश्यकता होगी और यह स्लिप में क्षेत्ररक्षण करने की उनकी क्षमता को बाधित कर सकता है।

## एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण स्थगित

**● बीसीसीआई और ईसीबी ने अहमदाबाद दुर्घटना के कारण लिया फैसला, पहला टेस्ट 20 जून से**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का अनावरण स्थगित कर दिया गया है। अहमदाबाद विमान दुर्घटना के बाद यह इस आयोजन को स्थगित करने (या शायद इसे पूरी तरह से रद्द करने) का फैसला लिया गया है। इस बार भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के विजेता को एक नई ट्रॉफी दी जाएगी, जो सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी। यह दोनों दिग्गज खिलाड़ियों के सम्मान में एक नई पहल है। हालांकि नाम बदलने की अधिकारिक घोषणा अब तक नहीं हुई है। ट्रॉफी का अनावरण शनिवार (14 जून) को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के दौरान किया जाना था। हालांकि इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने लाड्र्स में होने वाली सेरेमनी को आपसी सहमति से रद्द करने का फैसला किया है। ईसीबी के अधिकारी ने शनिवार को क्रिकबज को बताया, भारत में हुई दुखद घटना को देखते हुए नई तारिख की घोषणा में कुछ समय लग सकता है। बीसीसीआई अभी भी घोषणा के लिए सही समय का इंतजार कर रहा है। 2007 से पटौदी ट्रॉफी आई पटौदी ट्रॉफी 2007 में भारत के 1932 में अपने पहले टेस्ट की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए अस्तित्व में आई थी। 21 साल की उम्र में पटौदी सबसे कम उम्र के भारतीय टेस्ट कप्तान बने थे। उनके पिता इ्फ्तिखार अली खान पटौदी ने इंग्लैंड और भारत दोनों का प्रतिनिधित्व किया था। सचिन तेंदुलकर के नाम सबसे ज्यादा 200 टेस्ट मैच खेलना और सबसे ज्यादा 15,921 टेस्ट रन बनाने का रिकार्ड है। वहीं, जेम्स एंडरसन ने पिछले साल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। एंडरसन दूसरे सबसे ज्यादा 188 टेस्ट मैच खेलने वाले खिलाड़ी हैं। वे टेस्ट में तीसरे सबसे ज्यादा 704 विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। लीड्स में 20 जून को खेला जाएगा पहला टेस्ट भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे। पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में शुरू होगा, जबकि अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के द ओवल में खेला जाएगा। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज नहीं जीत सका है। ऐसे में टीम की नजर सीरीज जीतने पर होगी।

## जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग आज से शुरू

**मुंबई, वार्ता।** दुनिया की पहली फ्रैंचाइज़-आधारित रग्बी लीग जीएमआर रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का पहला संस्करण 15 जून से शुरु होगा जिसमें छह टीमें हिस्सा लेंगी। लीग में कुल 34 मैच खेले जायेंगे, जिसमें चार दिन तीन गेम खेले जाएंगे, जबकि प्रत्येक दिन दो गेम होंगे। प्रतियोगिता का फिनाले 29 जून को निर्धारित है। सभी मैच मुंबई के शाहजी राजे भोसले स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (अंधेरी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स) में होंगे। लीग में बेंगलुरु ब्रेवहाट्र्स, चेन्नई बुल्स, दिल्ली रेड्ज़, हैदराबाद हीरोज, कलिगा ब्लैक टाइगर्स और मुंबई ड्रीमर्स फ्रेंचाइजी की टीमे हिस्सा लेंगी। लीग में न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, फिजी, अर्जेंटीना, ग्रेट ब्रिटेन, आयरलैंड, यूएसए और स्पेन के 30 मार्की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे इसके अलावा, कनाडा, हांगकांग और जर्मनी के 18 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी इसमें शामिल होंगे। लीग में 71 की नीलामी पूल से चुने गए 30 भारतीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। लीग में खेल के सर्वश्रेष्ठ कोच भी शामिल होंगे, जिनमें माइक फ्राइडे (पूर्व यूएसए 7 हेड कोच), बेन गॉलिंग्स (इंग्लैंड 7 लीजेंड, पूर्व फिजी 7 हेड कोच), डीजे फोर्ब्स (न्यूजीलैंड 7 आइकॉन), टॉमासी कामा (न्यूजीलैंड 7 हेड कोच, न्यूजीलैंड 7 लीजेंड), पाको (स्पेन 7 हेड कोच) और टिम (ऑस्ट्रेलिया महिला 7 हेड कोच) शामिल हैं। इस अवसर पर रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा कि रग्बी प्रीमियर लीग न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर भी खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण होने जा रहा है।

## 10मीटर एयर पिस्टल: सुरुचि ने विश्व कप में जीता गोल्ड मेडल



**● ओलंपिक सिल्वर मेडलिस्ट को हराया भारत की झोली में आया टूर्नामेंट में पहला गोल्ड**

**म्यूनिख, वार्ता।** विमेंस 10 मीटर एयर पिस्टल की नेशनल चैंपियन सुरुचि ने म्यूनिख में आईएसएसएफ (इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन) वर्ल्ड कप में भारत को पहला गोल्ड दिलाया। उन्होंने फाइनल में 241.9 अंक हासिल किए और पेरिस ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट कैमिल जेद्रजेवस्की को 0.2 अंकों से पीछे छोड़ दिया। कैमिल जेद्रजेवस्की को सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। वहीं, चीन की याओ चियानशुआन ने ब्रान्ज मेडल जीता। सुरुचि का वर्ल्ड कप में लगातार तीसरा गोल्ड सुरुचि का लगातार तीसरे वर्ल्ड कप स्टेज में गोल्ड मेडल है। इससे पहले उन्होंने ब्यूनस आयर्स और लीमा में हुए वर्ल्ड कप में भी उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था। ब्यूनस आयर्स उनका पहला इंटरनेशनल वर्ल्ड कप था। हरियाणा की रहने वाली सुरुचि ने पिछले साल दिसंबर में हुए नेशनल चैंपियनशिप में गोल्ड जीत कर चैंपियन बनी थी। सुरुचि पिछले साल दिसंबर में हुए नेशनल चैंपियनशिप में चैंपियन बनी थी। सुरुचि शुरुआती सीरीज में टाप पर रही सुरुचि ने फाइनल में शुरुआती सीरीज में 52.1 अंक लेकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन दूसरी पांच- शाट सीरीज के अंत तक वह दूसरे स्थान पर खिसक गईं। 11वीं शाट में 9.7 के स्कोर के बाद वह चौथे स्थान पर आ गईं। उसके बाद उन्होंने वापसी की। यहीं से उनके प्रदर्शन में तेजी आई। 12वीं शाट में शानदार 10.8 स्कोर कर उन्होंने फिर से बढ़त हासिल की। वहीं, 18वीं शाट में कैमिल और याओ ने बढ़त बना ली। इसके बाद याओ ने अपनी 22वीं शाट में 9.4 स्कोर किया, जिससे सुरुचि कैमिल के पीछे दूसरे स्थान पर आ गईं। अंतिम दो शाट में वह कैमिल से 0.5 अंक पीछे थीं। 23वीं शाट में सुरुचि ने 10.5 जबकि कैमिल ने 9.5 स्कोर किया, जिससे भारतीय शूटर 0.5 अंक से आगे निकल गईं। आखिरी शाट में दोनों ने 9 स्कोर किया, लेकिन सुरुचि ने बढ़त बनाए रखी और गोल्ड मेडल जीत लिया।

## बदले गए बाउंड्री पर कैच पकड़ने के नियम

**● गेंद को एक बार ही हवा में उछाल सकेंगे, अक्टूबर 2026 में एमसीसी में शामिल किए जाएंगे**



**लंदन, वार्ता।** मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने बाउंड्री पर कैच पकड़ने के नियमों में बदलाव किए हैं। ये बाउंड्री से बाहर जाकर बाल उछालने पर लिए जाने वाले कैच से संबंधित हैं। यह बदलाव एमसीसी अक्टूबर 2026 से शामिल करेगा, जबकि आईसीसी अगले महीने से इस नियम को शामिल कर लेगा। 17 जून से श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच होने वाले टेस्ट से यह नियम लागू हो जाएगा।

बाउंड्री के बाहर जाकर बाल उछाली तो 2 कंडीशन रहेंगी-पहली- पहले कई मौकों पर बाउंड्री पर खड़े खिलाड़ी हवा में जा रही गेंद को एक बार बाउंड्री के अंदर रहते हुए उछाल देते थे, फिर बाउंड्री पार करके हवा में उछाल देते थे और बाउंड्री के अंदर आकर कैच ले लेते थे। अब इसे कैच नहीं माना जाएगा और बल्लेबाज को रन मिलेगा। दूसरी- किसी खिलाड़ी ने बाउंड्री के बाहर जाकर हवा में उछलकर बाल अंदर फेंकी, फिर दूसरे खिलाड़ी ने कैच किया तो यह तभी मान्य होगा जब बाल उछालने वाला खिलाड़ी भी बाउंड्री के अंदर हो। बिग बैश लीग में माइकल नेसेर के बाउंड्री कैच पर उठा था सवाल 2023 में बिग बैश लीग (बीबीएल) में माइकल नेसेर ने बाउंड्री पर एक कैच पकड़ा था, जिस पर सवाल उठे थे। इसके बाद ही आईसीसी ने मेरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) को कैच के नियमों की समीक्षा करने के लिए कहा था। नेसेर के कैच के बारे में बताते हुए एमसीसी ने कहा कि फील्डर ने बाउंड्री के अंदर कैच पूरा करने से पहले ष्बनी हापष किया। बनी हाप मतलब जब कोई खिलाड़ी बाउंड्री के बाहर जाने के बाद हवा में उछलकर गेंद को अंदर फेंककर कैच पकड़ता है। हालांकि यह नियम के मुताबिक था, लेकिन नोट में कहा गया कि ऐसा लगा कि हकीकत में फील्डर ने बाउंड्री के काफी बाहर जाकर गेंद को उछाला और फिर कैच लिया था। माइकल नेसेर ने बीबीएल 2023 के दौरान एक शानदार बाउंड्री कैच लिया, लेकिन अब ऐसे प्रयास कैच नहीं माने जाएंगे। 2020 में भी बीबीएल में मैथ्यू वेड के बाउंड्री पर कैच आउट को लेकर उठा था सवाल साल 2020 में बीबीएल में हाबर्ट हरिकेंस और ब्रिसबेन हीट के बीच खेले गए मैच के दौरान भी मैथ्यू वेड के बाउंड्री पर कैच आउट होने को लेकर सवाल उठे थे। दरअसल पहली पारी में हाबर्ट हरिकेंस के कप्तान वेड ने 15वें ओवर की चौथी गेंद पर बाउंड्री पर शाट खेल दिया। बाउंड्री पर खड़े ब्रिसबेन हीट के मैट रैनशा ने हवा में उड़कर गेंद को अंदर की ओर फेंक दिया।

## अवनि प्रशांत हुलेनकोर्ट महिला ओपन में दूसरे स्थान पर

**हुलेनकोर्ट, वार्ता।** भारत की अवनि प्रशांत ने यूरोपीय टूर के हुलेनकोर्ट महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन की बदौलत तीन अंडर 69 का कार्ड खेल कर दूसरे स्थान पर कब्जा बनाये रखा है। दूसरे दौर में अवनि का कुल स्कोर अब सात अंडर पर है और वह जर्मनी की हेलेन ब्रीम (68-68) से सिर्फ एक स्ट्रोक पीछे है। अवनि के अलावा कट में जगह बनाने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर (72-73) संयुक्त 38वें स्थान पर और त्वेसा मलिक (76-70) संयुक्त 50वें स्थान पर हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य भारतीय खिलाड़ी वाणी कपूर (76-73), स्नेहा सिंह (74-75), अमनदीप द्राल (74-76) और हिताशी बक्शी (79-74) कट में जगह बनाने से चूक गयी हैं।

## नेपाल-वेस्टइंडीज के बीच ऐतिहासिक टी-20 सीरीज सितम्बर में

**एंटीगुआ, वार्ता।** नेपाल और वेस्टइंडीज के बीच पहली बार सितम्बर के अंत में शारजाह में तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए आमने-सामने होंगी। यह सीरीज वेस्टइंडीज को 2026 आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले खुद को तैयार होने का मौका देगी। ये मैच रोहित पौडेल की टीम के लिए एशिया/ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालीफायर अभियान से पहले अंतिम तैयारी होगी।

## भारत को मिलेगा अभ्यास करने का फायदा: कृष्णा



**● इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज को लेकर उत्साहित हूं**

**बेकेनहैम, वार्ता।** इंग्लैंड दौरे पर गयी भारतीय टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरु हो रही टेस्ट श्रृंखला से पहले उनकी टीम को अभ्यास मैचों में खेलने का फायदा मिलेगा।

बीसीसीआई टीवी से बात.चीत में कृष्णा ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले कुछ अभ्यास मैच खेलने का फायदा निसंदेह टीम को मिलेगा। हम सभी के लिए मैदान पर कुछ समय बिताना बेहद महत्वपूर्ण है।

यह एक बढ़िया और सख्त पिच लग रही है। गेंदबाजों ने यहां अच्छी गेंदबाजी की है जबकि बल्लेबाजों ने भी जज्बा दिखाया है। जब आप अपने आपस में ही मैच खेलते हैं तो बहुत अच्छा लगता है। आईपीएल में अपनी शानदार गेंदबाजी के कारण सर्वाधिक विकेट लेकर पर्पल कैप हासिल करने वाले तेज गें.दबाज ने उम्मीद जाहिर की कि इंग्लैंड में मौका मिलने पर वह अपनी फार्म को बरकरार रखना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि मैने टीम की जरूरतों के अनुसार खेलना सीख लिया है।

अब इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला को लेकर उत्साहित हूं। उन्होंने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि जब आपका मौका आए तो आप उसके लिए तैयार रहें लेकिन आप वास्तव में लंबे समय तक ध्यान केंद्रित नहीं रख सकते हैं, खासकर जब आप बाहर बैठे हों, इसलिए आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप थोड़ा मौज-मस्ती भी करें। कृष्णा ने कहा कि आपको यह सुनिश्चित करना है कि विशेष परिस्थितियों में अपनी टीम की मदद की जाये। आप पूरी तरह से तैयार रहें, क्योंकि खेल में कुछ भी हो सकता है, यही अपने आप में क्रिकेट की खूबसूरती है।

## भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए इंग्लैंड महिला टीम घोषित

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए 14 सदस्यीय महिला टीम घोषित कर दी है। टीम में स्टार स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन की वापसी हुई है। आईसीसी महिला वनडे और टी-20 गेंदबाज रैंकिग में क्रमशः नंबर 1 और नंबर 4 पर रहीं एक्लेस्टोन ने क्रिकेट से अस्थायी ब्रेक के बाद वापसी की है। वेस्टइंडीज पर टी-20 और वनडे सीरीज में 3-0 की शानदार जीत के बाद इंग्लैंड की टीम पहले से ही आत्मविश्वास से भरी हुई है। इस सीरीज से चार्लोट एडवर्ड्स के मुख्य कोच और नेट साइवर-ब्रंट की कप्तानी की सफल शुरुआत हुई है। पिछले महीने वेस्टइंडीज सीरीज से बाहर रहने के बाद तेज गेंदबाज लॉरेन फाइलर की भी टीम में वापसी हुई है। आईसीसी महिला खिलाड़ी रैंकिग में तेजी से आगे बढ़ रही एमी जोन्स को भी टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड टीम : एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, एमी जोन्स, नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), पैगे स्कोल्फील्ड, लिसी स्मिथ, डैनी वायट-हॉज, इस्सी वोंग। एडवर्ड्स ने भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के बारे में अपनी उत्सुकता जाहिर की।

# सरकार की 11 साल की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाएंः गौतम

## सुशासन व गरीब कल्याण के लिए ईमानदारी से काम कर रही है केंद्र सरकार

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा होटल प्रकाश में सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सिविल लाइन मंडल में संकल्प सभा का भव्य आयोजन किया गया। सभा में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने कहा कि विकसित भारत का अमृत काल भाजपा की दूरदर्शिता और संकल्पबद्ध शासन का परिचायक है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने न केवल देश को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दिलाई, बल्कि गरीब, किसान, महिला, युवा और श्रमिक वर्ग के लिए ठोस और प्रभावशाली योजनाएं भी लागू की है।



विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा की संकल्प सभा का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा बीते 11 वर्षों में किए गए ऐतिहासिक कार्यों, योजनाओं और जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि रुड़की विधानसभा में भी विकास के कई कार्य भाजपा शासन में संभव हुए हैं। सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति हुई है।

राज्यमंत्री शोभाराम प्रजापति ने कहा की भाजपा की नीति सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास आज जमीनी स्तर पर देखने को मिल रही है। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जनधन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना और हर घर नल योजना जैसी योजनाओं ने आमजन को सीधा लाभ दिया है। जिलाध्यक्ष डॉ. मधु सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार की 11 वर्षों की यात्रा जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण की मिसाल है। उन्होंने कहा कि रुड़की विधानसभा में भी विकास के कई कार्य भाजपा शासन में संभव हुए हैं। सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति हुई। मेयर अनीता देवी अग्रवाल ने कहा कि भाजपा एक राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि एक राष्ट्र निर्माण का अभियान है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में डबल इंजन की सरकार ने विकास की गति को दुगुना किया है। वहीं दूसरी ओर इस अवसर पर अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नशा मुक्ति केंद्र में युवक की मौत, केंद्र संचालकों पर मारपीट कर हत्या का आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** नशा मुक्ति केंद्र के संचालक एवं कमर्चारियों पर युवक के साथ मारपीट कर जान से मारने का आरोप मृतक के परिजनों ने लगाया है। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कारवाई की मांग की गई है। वहीं पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी है। सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस को करौंदी निवासी विनोद कुमार ने तहरीर देकर बताया कि उनका भतीजा बोबी पुत्र विजयपाल नशे का आदि था बीती नौ जून को उन्होंने उसे हरिद्वार रोड पर बेलड़ी स्थित एक नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाया था। उन्होंने बताया कि 13 जून को नशा मुक्ति केंद्र से एक फोन बॉबी की पत्नी पर आया और फोन करने वाले ने बताया कि बॉबी की तबियत खराब है और उसे जौलीग्रांट अस्पताल लेकर जा रहे हैं वहीं डेढ़ घंटे बाद फिर से फोन आया और उन्होंने कहा कि उसकी मृत्यु हो गई है और वह शव को लेकर घर आ रहे हैं। विनोद कुमार के अनुसार शाम तीन बजे नशा मुक्ति केंद्र से एक एम्बुलेंस में बॉबी का शव लेकर कुछ लोग आए और घर के किसी सदस्य से बिना बात किए शव को घर में डालकर चले गए। आरोप है कि उसके शरीर पर चोटों के निशान थे और खून भी निकल रहा था। आरोप है कि अनमोल नशा मुक्ति केंद्र के लोगों ने बॉबी के साथ मारपीट कर उसकी हत्या की है। वहीं इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# डीएम के आदेश पर खननमाफियाओं पर बड़ी कार्रवाई, क्रेशर सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर कोतवाली भोगपुर क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ डीएम के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए दो स्टोन क्रेशर को सीज कर दिया गया है। एक स्टोन करेसर स्वामी के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया है।

जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित के द्वारा अवैध खनन करने व लेने वालों के खिलाफ टीम बनाई थी। डीएम के द्वारा बनाई गई टीम एसडीएम के नेतृत्व में लक्सर कोतवाली क्षेत्र के भोगपुर पहुंची प्रशासन की टीम ने स्टोन क्ररेशरों पर कार्रवाई करते हुए स्टोन क्रेशर सील होने के बाद भी अवैध खनन संचालित किये जा रहे थे जिसमे हिमगिरी स्टोन क्रशर के मालिक के खिलाफ मुकदमे की भी करवाई की गई। वही छापेमारी के दौरान गंगोत्री और नारायण स्टोन क्रेशर पर भी खनन सामग्री बताई गई मात्रा से ज्यादा मौके पर पाई गई जिस पर दोनों स्टोन क्रशरों को सील कर दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से स्टोन क्रेशर संचालको में हडकंप मचा हुआ है। वहीं जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित ने कहा कि जहां-जहां से भी शिकायत मिल रही है उसमें राजस्व विभाग माइनिंग विभाग पुलिस विभाग की टीम बनाई गई है जो भी शिकायत प्राप्त होगी उसको बारीकी से जांचा जाएगा अगर शिकायत सही पाई गई तो उन स्टोन क्रेशर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## भगवानपुर में अवैध कालोनियों पर चला एचआरडीए का पंजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण की कार्यवाही हर रोज देहात क्षेत्र में बड़े स्तर पर की जा रही है। भगवानपुर क्षेत्र में बिना अनुमति लिए जो कालोनियां काटी जा रही है उन पर एचआरडीए का बुलडोजर गरज रहा है जिसका असर ये है कि अवैध कालोनी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। भगवानपुर के मशहूर सम्राट की कालोनी पर भी आज बुलडोजर चलाया गया साथ ही प्रताप कालोनी पर भी लगातार जो रही। इस तरह की कार्यवाही से राजस्व को अच्छा खासा मुनाफा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# कांग्रेस नेता ने किया स्वैच्छिक रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# एसपी देहात सुयाल व सचिन ने किया रक्तवीरों को सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** विश्व रक्तदाता दिवस पर कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री सचिन गुप्ता द्वारा विशाल स्वैच्छिक रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सचिन इंटरनेशनल के हाल में किया गया,जिसमें सैकड़ों एनसीसी कैडेटों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों द्वारा रक्तदान किया गया।

जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का उद्घाटन एसपी देहात शेखर चंद सुयाल ने फीता काटकर किया।उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। जब कोई व्यक्ति रक्तदान करता है,तो इससे जहां किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है, वही रक्तदान करने वाले व्यक्ति में नया खून बहुत तेजी से बनता है और दो दिन में रक्त की पूर्ति हो जाती है। उन्होंने रक्तदान करने वाले सीसी कैंडिडेट तथा कार्यक्रम संयोजक सचिन गुप्ता को बधाई दी।कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री तथा कार्यक्रम संयोजक सचिन गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सुखमय जीवन का आधार है,इसलिए



अपने स्वास्थ्य के प्रति सभी को जागरूक होना चाहिए तथा रक्तदान करने से मनुष्य के अंदर ताजगी और स्फूर्ति आती है।उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का कार्य नहीं है।समय-समय पर उनके द्वारा इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।इस दौरान एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल का सम्मान सचिन गुप्ता द्वारा किया गया तथा रक्तवीरों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी रामकुमार वर्मा,डॉक्टर संतोष कुमार शर्मा,डॉक्टर देवेश शर्मा, डॉक्टर नवीन कुमार, समाज सेविका पूजा गुप्ता, रवि कपूर, डॉ० अखिल सैनी, मनोज गोयल, वीके गुप्ता, हेमेंद्र चौधरी, दीपक अरोड़ा, वैभव गुप्ता, सौरभ चौरसिया, रजनीश कुमार, दीपक वर्मा, टोनी गंगा भक्त,रितु काण्डयाल, शकील अहमद, सलमान अहमद, रईस अहमद, नासिर हुसैन, सलमान फरीदी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पार्क करते समय नाले में गिरी कार, जायरीन हुए घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** दरगाह में जियारत करने आये जायरीनो की कार नाले में गिर गई। जिसमें कार में बैठे जायरीनों को हल्की फुल्की चोट आई हैं।आसपास के दुकानदारों में तत्काल मोके पर पहुचकर गाड़ी को बाहर निकलवाया। इससे पहले भी कई बार जायरीनों की कार पार्किंग करते समय नाले में गिर चुकी हैं।

विश्व प्रसिद्ध में धार्मिक स्थल होने के कारण पिरान कलियर में हर साल लाखों तीर्थयात्री(जायरीन)आते हैं। लेकिन यहां पार्किंग की समस्या एक आम बात है। पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था न होने के कारण, यात्रियों को अक्सर अपने वाहनों को सड़कों पर या खुले स्थानों पर पार्क करना पड़ता है,जिससे यातायात बाधित होने जैसी समस्या बढ़ जाती हैं। हर साल दरगाह की ओर से पार्किंग के ठेके छोड़े जाते है। लेकिन पार्किंग के लिए कोई स्थान चिन्हित नही किया हुआ। दरगाह क्षेत्र में गाड़ी कही भी पार्क करने पर ठेकेदार वही पर पार्किंग पर्ची लगाकर वसूली करता हैं।लेकिन पार्किंग पर्याप्त व्यवस्था नही करता हैं। कुछ जायरीन इसका विरोध भी करते हैं। शनिवार की दोपहर में जायरीनो की एक कार वीआईपी रोड पर खाली मैदान में पार्किंग करते हुए नाले में जा गिरी जिस कारण कार में बैठे यात्रियों को हल्की फुल्की चोट आई हैं। आसपास के लोगो ने इकठ्ठा होकर कार को बाहर निकाला।इसके बाद जयरीनो ने राहत की सांस ली।कलियर में धार्मिक स्थलों होने के कारण भीड़भाड़ के समय वाहनों की पार्किंग एक बड़ी समस्या बन जाती है। इससे न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि यात्रियों को भी असुविधा होती है

# पॉक्सो के मामले में फरार चल रहा पांच हजार का इनामी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** देह० यापार और पोक्सो में फरार चल रहे पांच हजार के इनामी आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया हैं।

थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनैतिक देहव्यापार ओर पोक्सो समेत अन्य गम्भीर धाराओं में दर्ज मुकदमे में फरार चल रहे पांच हजार के इनामी आदिल पुत्र इस्लाम निवासी अशोक बस्ती नवी करीम पहाड़गंज माध्य दिल्ली को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया हैं। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। टीम में धनौरी चौकी प्रभारी उमेश कुमार, हेड कांस्टेबल सोनू चौधरी, होमगार्ड अंकित कुमार शामिल रहे।

# अंजुमन फरोग ए उर्दू ने ऑल इंडिया मुशायरा का किया आयोजन

# जंग में कौन निकलता है घरों से बाहर तूने आवाज लगाई थी के आजा, निकलें

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** अंजुमन फरोग ए उर्दू मंगलौर के द्वारा मदर इशरत हाई स्कूल मंगलौर में एक ऑल इंडिया मुशायरा का आयोजन किया गया। जिसमें देश के प्रसिद्ध शायर और शायरात ने शिरकत की। मुशायरे की अध्यक्षता समाजसेवी सैयद अली हैदर जैदी ने की। कुंवर जावेद इकबाल ने मुशायरे की शमा रोशन की। जुल्फिकार अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में शरीक हुए। रातभर चले मुशायरे में शहजादा गुलरेज, इकबाल अशहर, डाक्टर नदीम शाद, खुर्शीद हैदर, हिमांशी बाबरा, इब्राहीम अली जीशान, मुमताज नसीम, काशिफ



रजा, सज्जाद झंझट, वसीम राजपुरी, जावेद आसी, मयंक वर्मा ने अपना कलाम पेश किया। अल्तमश अब्बास के संचालन में सम्पन्न मुशायरे में युवा शायरों इब्राहीम अली जीशान और हिमांशी बाबरा को विशेष रूप से सराहा गया। मुशायर के आयोजक हाजी खलील अहमद और अमजद उस्मानी ने शायरों और मेहमानों का स्वागत किया। मुशायरे में पसंद किए गए कुछ शायरों के शेर पेश है। इकबाल अशहर ने कहा कि 'अजीम लोग थे टूटे तो इक वकार के साथ किसी से कुछ ना कहा बस उदास रहने लगे। इब्राहीम अली जीशान ने कहा 'जंग में कौन निकलता है घरों से बाहर तूने आवाज लगाई थी के आजा, निकले।' हिमांशी बाबरा ने कहा 'तू के मसरूफ है दुनिया की परेशानी में तुझको किस मुंह से परेशानी बताऊं मैं भी। खुर्शीद हैदर ने कुछ यूं कहा गैर परों पर उड़ सकते हो हद से हद दीवारों तक अम्बर तक तो वही उड़ेंगे जिनके अपने पर होंगे।

# कर्णवाल ने लगाए राकेश परिवार पर गंभीर आरोप

शाह टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** राज्यमंत्री देसराज कर्णवाल ने आज भगवानपुर क्षेत्र में अपने कार्यालय पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस की विधायक ममता राकेश और भाजपा के नेता सुबोध राकेश पर आरोप लगाया कि दोनों देवर भाभी ने मिलकर उनकी भतीजी ब्लॉक प्रमुख करुणा कर्णवाल को बहका कर अनैतिक कार्य करवा रहे है जिसके चलते एक करोड़ से अधिक कार्य अधर में लटके हुए थे पर आज जब यह कार्य शुरू कराए गए दो दोनों जनप्रतिनिधियों ने मौके पर पहुँचकर हो रहे। कार्य में बाधा डालने का पर्याय किया पर उन्होंने वह काम शुरू करवा दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि राकेश परिवार हमेशा से विकास और क्षेत्र की जनता के दुश्मन रहे है। कभी किसी के भले नही है।

# कारोबार में साझेदारी का झांसा देकर 3.45 लाख हड़पे

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** कारोबार में साझेदार बनाने का झांसा देकर युवक से 3.45 लाख की रकम हड़प ली गई। छह माह बाद भी रकम वापस नहीं मिलने पर युवक को ठगी का अहसास हुआ। युवक ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ लक्सर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार लक्सर निवासी मोहित पंवार ने पुलिस को बताया कि आरोपी रोहित कुमार व उसके पिता आनंद कुमार सेठ निवासी बंघेडी महावतपुर कोतवाली सिविल लाइन रुड़की के साथ उसकी जान पहचान थी। दोनों ने उसे अपने कारोबार में साझेदार बनाने का प्रस्ताव देते हुए कुछ समय के लिए उससे पैसे उधार मांगे थे। उनकी बातों पर भरोसा कर उसने 24 अक्तूबर 2024 से 17 नवंबर 2024 के बीच उनके बताए गए श्री साई ट्रांसपोर्ट कंपनी के महाराष्ट्र और रुड़की में संचालित बैंक खातों में 3.45 लाख की रकम अलग - अलग किस्तों में ट्रांसफर करा दी। छह माह से अधिक का समय बीतने के बाद भी आरोपियों ने उसकी रकम वापस नहीं की। कई बार तकादा करने के बावजूद पैसे वापस नहीं मिलने पर वह उनके घर पहुंचा।

वहां आसपास के लोगों ने उन्हें बताया कि आरोपी पिता-पुत्र इसी प्रकार लोगों को अपनी ठगी के जाल में फंसाकर उनसे रकम ठगते हैं। तब उसे ठगी का अहसास हुआ। मोहित पंवार ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# बस की टक्कर से महिला की मौत, तीन घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**नारसन।** नारसन बॉर्डर के पास तेज रफ्तार बस ने एक रेहड़े और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। तीन अन्य घायल हो गए। घटना के दौरान बस की चपेट में आई बाइक के काफी दूर तक घिसटने से उसमें आग लग गई। शनिवार सुबह लगभग छह बजे दिल्ली की ओर जा रही एक निजी बस ने नारसन बॉर्डर के पास नियंत्रण खो दिया। बस ने हाईवे पर आगे चल रहे पहले एक रेहड़े को टक्कर मारी और फिर एक मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। रेहड़े पर सवार महिला सुरेशो पत्नी सुरेन्द्र निवासी बरला (70) की मौके पर मौत हो गई। रेहड़ा चालक सुरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। चपेट में आई बाइक को बस घसीटते हुए करीब 100 मीटर तक ले गई। इससे बाइक में आग लग गई। हादसे में बाइक सवार निशांत पुत्र राजेंद्र निवासी अलमासपुर मुजफ्फरनगर गंभीर घायल हो गए। तनिष्क पुत्र सुशील निवासी रामपुरी मुजफ्फरनगर को सामान्य चोटें आई हैं। वहीं चालक बस को चेकपोस्ट के पास छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि बस चालक मौके से फरार हो गया है। बस को कब्जे में ले लिया गया है। चालक की तलाश जारी है। इस घटना के बाद नारसन बॉर्डर पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित हो गया। नारसन चौकी प्रभारी हेमदत्त भारद्वाज ने बताया कि नारसन बॉर्डर के पास सड़क दुर्घटना की सूचना पर पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी नारसन भेजा है। बस में सवार अन्य यात्रियों को पूछताछ के बाद दूसरी बस से रवाना किया गया। बस, रेहड़ा, बाइक को चौकी लाया गया।

# विजिलेंस ने कई घरों में बिजली चोरी पकड़ी, केस दर्ज

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र में बिजली चोरी के मामले थम नहीं रहे हैं। विजिलेंस टीम ने क्षेत्र के गांवों में ताबड़तोड़ छापे मारकर कई घरों में बिजली चोरी पकड़ी। विभाग की ओर से 10 आरोपियों के खिलाफ लक्सर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। क्षेत्र में विद्युत चोरी की शिकायतों पर देहरादून से पहुंची विजिलेंस टीम ने क्षेत्र के रायसी, महाराजपुर, खानपुर ब्रहमपुर, कबूलपुर रायघटी आदि गांवों में छापे मारे। छापे के दौरान यहां कई घरों में बिजली चोरी के मामले पकड़े गए। टीम ने बिजली चोरी में इस्तेमाल हो रहे केबल आदि जब्त कर लिए। विभागीय कार्रवाई से बिजली चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया। कुछ लोग घरों को बंद करके इधर-उधर हो गए। विभाग के जेई मनोज कुमार सैनी की ओर से आरोपी विपिन, सुमित, राजवीर, ओमदत्त, संजय सिंह, नौबहार, मुकेश, मदन, अनिल और विकास के खिलाफ बिजली चोरी के आरोप में पुलिस को तहरीर दी गई।

# गन्ना समिति में डेलिगेट्स चुनाव लड़ने वालों की भारी भीड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर गन्ना समिति में डेलिगेट्स के चुनाव लड़ने वालों की भारी भीड़ दिखाई दी। चुनाव लड़ने व लड़ाने वाले किसानों ने बताया कि गन्ना समिति के चुनाव 5 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। अब दोबारा से चुनाव होने की तैयारी या प्रतिक्रिया चल रही है।

उन्होंने कहा पूरी लक्सर तहसील के किसान यहां पर चुनाव में पर्चा भरने के लिए मौजूद है। उसके बाद भी गन्ना समिति की ओर से किसानों के लिए कोई सुविधा नहीं की गई। किसान पानी के लिए इधर-उधर फिर रहे हैं जितना किसान अन्नदाता लोगों का काम करता है इतना और कोई नहीं करता एक नेता की मीटिंग में न जाने कितने टैंकर पानी के और टेंट लगा दिए जाते हैं और किसान चुनाव लड़ने का पर्चा भर रहे हैं उनके लिए पानी की भी कोई सुविधा गन्ना समिति की ओर से नहीं की गई है। उन्होंने कहा



आज गन्ना समिति के पर्चे भरे जा रहे हैं यह प्रक्रिया कई दिन तक जारी रहेगी क्योंकि परचो की जांच होगी। उसके बाद डायरेक्टर के चुनाव होंगे डायरेक्टर के चुनाव के बाद अध्यक्ष के चुनाव होकर यह प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। देखना यह होगा कि किस-किस की किस्मत का सितारा बुलंद होता है और कौन-कौन इस चुनावी प्रकरण में कामयाब होकर गद्दी पर बैठता है यह तो अभी भविष्य के गर्भ में छिपा है।

# रक्तदान के लिए उमड़ा एनसीसी कैडेट्स का जनसैलाब

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर 84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी, रुड़की के अंतर्गत आने वाले विश्वविद्यालय व महाविद्यालयो में अध्यनरत अट्ठारह वर्ष से अधिक आयु के एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। दे हेल्पिंग हैंड संस्था के अध्यक्ष नौशाद हाशमी द्वारा आयोजित व होटल सचिन इंटरनेशनल की चेयरपर्सन पूजा गुप्ता द्वारा प्रायोजित इस महा रक्तदान शिविर में 223 यूनिट रक्तदान किया गया।

रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि एसपी देहात (हरिद्वार) शेखर चंद सुयाल व समाजसेवी सचिन गुप्ता रहे जिनके द्वारा एनसीसी कैडेट्स द्वारा किए जा रहे हैं इस जन सेवा कार्य की उन्मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई व एनसीसी कैडेट्स को उज्ज्वल भविष्य हेतु भरपूर आशीर्वाद दिया गया। एसपी देहात द्वारा अपने संबोधन में एनसीसी कैडेट्स को अपने जीवन में निरंतर रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया गया व रक्तदान से होने वाले फायदे के बारे में भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर श्रीमती पूजा गुप्ता द्वारा एनसीसी कैडेट्स का मनोबल बढ़ाया गया व उन्हें बताया गया की मानवता की सेवा ही मनुष्य का धर्म होना चाहिए । उन्होंने बताया कि रक्त कोई ऐसी वस्तु नहीं जो किसी फैक्ट्री में बनती हो, यह एक मनुष्य द्वारा दूसरे मनुष्य के लिए किए जाने वाला सर्वोच्च दान है। इस अवसर पर दे हेल्पिंग हैंड संस्था के अध्यक्ष नौशाद हाशमी द्वारा एनसीसी कैडेट्स की सामाजिक कार्यों में ली जा रही रुचि की भरपूर प्रशंसा की गई व कैडेट्स को इस प्रकार के कार्य लगातार करते रहने हेतु प्रेरित किया गया। इस रक्तदान शिविर के आयोजन में 84 उत्तराखंड



बटालियन एनसीसी के प्रशिक्षण प्रभारी रवि कपूर का विशेष योगदान रहा जिनके द्वारा एनसीसी कैडेट्स को लगातार सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित किया जा रहा है । इस कार्यक्रम में केएलडीएवी (पीजी) कॉलेज, रुड़की के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉक्टर) नवीन कुमार नोडल अधिकारी रहे व रक्तदान शिविर उनकी देखरेख में ही संपन्न हुआ। दी हेल्पिंग हैंड संस्था से सचिव रियासत अली, सरफराज, रहमान, सुशील, पूजा, अकरम, अखलाक, इनाम, खुशी अब्बासी, शावेज, बीएल शर्मा, अजय कुमार, निशांत फातिमा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु उपस्थित रहे। रक्तदान करने वालों में सहयोगी एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार, लेफ्टिनेंट रामकुमार, लेफ्टिनेंट संजय कसाना, डॉ संतोष कुमार शर्मा, पूर्व बीएचएम सत्येंद्र सिंह व एनसीसी कैडेट्स गौरी त्यागी, दिव्या कठैत, येशी, सलोनी, प्रांजल, सिया रावत, अक्षनंदा चंदेल, प्रिया, प्रशांत गिरी आदि द्वारा रुड़की ब्लड सेंटर के इंचार्ज डॉक्टर अखिल सैनी व उनकी टीम की देखरेख में रक्तदान किया।




नई दिल्ली। जंतर-मंतर पर निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते अभिभावक।

# ईरान में जनरल हातमी बने सेना के मुख्य कमांडर

## खामेनेई ने सुरक्षा और इजरायल को जवाब देने के लिए अपने भरोसेमंद अफसरों के हाथ में सैन्य नेतृत्व सौंपा

**तेहरान।** इजरायली हमलों में अपने शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत के बाद ईरान ने नए अफसरों की तैनाती कर दी है। ईरान के कमांडर इन चीफ अयातुल्ला अली खामेनेई ने ईरान की सुरक्षा और इजरायल को जवाब देने के लिए अपने भरोसेमंद अफसरों के हाथ में सैन्य नेतृत्व सौंपा है।

खामेनेई ने मेजर जनरल अमीर हातमी को ईरानी सेना का मुख्य कमांडर बनाया है। जबकि मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को सशस्त्र बलों का चीफ आफ स्टाफ बनाया है। मेजर जनरल अमीर हातमी 2013 से 2021 तक ईरान के रक्षा मंत्री रह चुके हैं। अपने आदेश में अयातुल्ला अली खामेनेई ने हातमी के समर्पण, क्षमता और अनुभव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में सेना में परिवर्तनकारी और



क्रांतिकारी बदलाव आएंगे। इसके अलावा खामेनेई ने इजरायली हमले में पूर्व चीफ आफ स्टाफ आफ द आर्म्ड फोर्सेज (सीएसएएफ) जनरल मोहम्मद होसैन बाघेरी की मौत के बाद मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को चीफ आफ स्टाफ बनाया है। आदेश में खामेनेई ने कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद होसैन बाघेरी की मौत के बाद मेजर जनरल सैय्यद

■ **मेजर जनरल सैय्यद अब्दुलरहीम मौसवी को सशस्त्र बलों का चीफ ऑफ स्टाफ बनाया**

■ **मेजर जनरल अमीर हातमी 2013 से 2021 तक ईरान के रक्षा मंत्री रह चुके हैं**

अब्दुलरहीम मौसवी की सराहनीय सेवा और अनुभव के मद्देनजर उनको सशस्त्र बलों के चीफ आफ स्टाफ के रूप में नियुक्त किया जाता है। इजरायली हमलों में लेफ्टिनेंट जनरल होसैन सलामी की मौत के बाद मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर को आईआरजीसी का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया। खामेनेई ने कहा कि मेजर जनरल मोहम्मद पाकपुर की सराहनीय सेवाओं और बहुमूल्य अनुभव को देखते हुए उन्हें इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर का कमांडर-इन-चीफ नियुक्त किया जाता है। अयातुल्ला अली खामेनेई ने लेफ्टिनेंट जनरल घोलामाली रशीद की मौत के बाद मेजर जनरल अली शादमानी को खतम अल-अनबिया (पीबीयूएच) सेंट्रल मुख्यालय का कमांडर नियुक्त किया गया है। इजरायल के हमलों में ईरान के शीर्ष सैन्य अफसरों की मौत हुई है। इसमें आईआरजीसी के कमांडर मेजर जनरल होसैन सलामी, ईरान के सशस्त्र बलों के पूर्व चीफ आफ स्टाफ मेजर जनरल मोहम्मद बाघेरी शामिल थे। इसके अलावा आईआरजीसी की वायु सेना के प्रमुख आमिर अली हाजीजादेह की भी मौत हो गई। इजरायल ने शुक्रवार को ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले किए।

# तेहरान ने दिया वॉशिंगटन को अल्टीमेटम

## इजरायल पर हमला जारी रहेंगे, पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाएगा ईरान

**तेहरान/संयुक्त राष्ट्र।** ईरान की सेना ने कहा है कि वह इजरायल पर हमला जारी रखेगी और पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमला करने की भी योजना बना रही है। ईरानी सेना के अनुसार अमेरिका ईरानी ठिकानों पर इजरायल की ओर से किए गए मिसाइल हमलों का सक्रिय सहयोगी था। ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'फ़ार्स न्यूज़' ने शनिवार को एक अज्ञात्ु ोत का हवाला देते हुए सरकार की योजनाओं का खुलासा किया।

सूत्र ने एजेंसी को बताया कि यह युद्ध इज़रायली शासन के आक्रमण द्वारा शुरू किया गया था। अब यह इजरायल द्वारा कब्जा किए गए सभी क्षेत्रों और उस क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों तक फैल जाएगा। हमलावरों को ईरान से निर्णायक और बड़े पैमाने पर जवाब मिलेगा। फ़ार्स न्यूज़ के अनुसार सेना के आत्मघाती अरेश ड्रोन कथित तौर पर 'कब्जे वाले क्षेत्रों' में इज़रायल में लक्षित लक्ष्यों पर सफलतापूर्वक हमला करने में सक्षम हैं। आईआरजीसी ने कहा कि प्रतिक्रिया (जिसका कोड नाम ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस आईआईआई था) में एयरोस्पेस डिवीजन ने सिलसिलेवाल मिसाइलें दागीं और रणनीतिक इज़राईली लक्ष्यों के खिलाफ सशस्त्र ड्रोन तैनात किए। बयान में कहा



■ **इजरायल से बातचीत करना अब अर्थहीन है, अमेरिका की अनुमति के बिना नहीं हो सकता था हमला**

■ **आईएईए के महानिदेशक ग्रॉसी ने ईरान पर इजरायली हमलों के बाद संयम बरतने का आह्वान किया**

गया है कि ऑपरेशन में 'सटीक और स्मार्ट हथियार प्रणालियों के संयोजन' का इस्तेमाल किया गया, विशेष रूप से इज़राइली सैन्य केंद्रों और एयरबेसों को लक्षित किया गया, जहां से शासन ने अपने आपराधिक आक्रमण की शुरुआत की थी। एजेंसी ने कहा कि ईरान इज़रायल पर हमला करना जारी रखेगा और पहले उठाए गए कदमों तक खुद को सीमित नहीं रखेगा। वहीं ईरान ने इजरायल पर अपने क्षेत्र में हमला करने का आरोप लगाया है और कहा है कि इस समय उससे किसी भी तरह की बातचीत करना 'अर्थहीन' है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता एस्माईल बाकेई ने 'तस्नीम समाचार' एजेंसी से बातचीत में अमेरिका पर इजरायल के हमले का समर्थन करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह हमला अमेरिका की अनुमति के बिना नहीं हो सकता था।

बाकेई ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम पर लगाम लगाने के लिए हाल के महीनों में अमेरिका की ओर से की गई वार्ता के बारे में कहा कि दूसरे पक्ष ने इस तरह से काम किया है कि बातचीत निरर्थक हो गई है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजरायल को चेतावनी दी है कि उसके हमले में देश के सैन्य कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि इजरायल हमारे घातक हमले और 'कड़ी सज़ा' के लिए तैयार रहे। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि सैन्य अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक उसके क्षेत्र में हमले होते रहेंगे। इसी बीच अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने शुक्रवार को ईरान पर इजरायली हमलों के बाद अधिकतम संयम बरतने का आह्वान किया। ग्रॉसी ने सुरक्षा परिषद की एक आपातकालीन बैठक में कहा कि मैं दोहराता हूं कि परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा और संरक्षा को खतरे में डालने वाली कोई भी सैन्य कार्रवाई ईरान क्षेत्र और उससे परे के लोगों के लिए गंभीर परिणाम पैदा कर सकती है। उन्होंने कहा कि लोगों और पर्यावरण दोनों को नुकसान से बचाने के लिए संदर्भ या परिस्थितियों की परवाह किए बिना परमाणु सुविधाओं पर कभी भी हमला नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे हमलों का परमाणु सुरक्षा, संरक्षा और सुरक्षा उपायों के साथ-साथ क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

### ईरान के अराश ड्रोन ने इजरायल के ठिकानों पर किया हमला

**तेहरान।** ईरान के अराश कामिकेज़ ड्रोन ने शनिवार सुबह सटीक निशाना साधते हुए इजरायल में ठिकानों पर हमला किया और उन्हें नष्ट कर दिया।

ईरान की अर्ध-सरकारी न्यूज एजेंसी तस्नीम ने अपनी रिपोर्ट बताया है कि अराश एक मानव रहित हवाई वाहन या फिर ड्रोन है जिसकी परिचालन सीमा 2000 किलोमीटर से अधिक है। इसे ईरान के सैन्य विशेषज्ञों द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स ने एक बयान में कहा कि उसने इज़रायल में सैन्य केंद्रों और हवाई ठिकानों सहित कई लक्ष्यों के खिलाफ सैन्य अभियान शुरू किया है। ईरान ने इजरायल के हवाई हमलों के बदला लेने के लिए इसे शुरू किया है। गौरतलब है कि इजरायल की ओर से किए गए हमले में ईरान के कई शीर्ष रैंकिंग वाले सैन्य कमांडर, प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक और निर्दोष नागरिक मारे गए थे। ईरान की सेना ने कहा है कि कई अराश कामिकेज़ ड्रोन ने सफलतापूर्वक कब्जे वाले क्षेत्रों में प्रवेश किया और अपने लक्ष्यों को निशाना बनाया। ईरान ने कब्जे वाले फ़लस्तीन में इजरायल के कई ठिकानों पर कम से कम पांच बैलिस्टिक मिसाइल दागे हैं। इसके कारण देर रात से शनिवार तड़्के तक इज़रायल में अलर्ट सायरन लगातार बजते रहे। ईरानी मीडिया में फुटेज में कब्जे वाले क्षेत्रों में व्यापक मलबे को दिखाया गया है। वहीं, इज़राइल की मीडिया ने इस तबाही को इतिहास में अभूतपूर्व बताया है।

# ईरान के न्यूक्लियर ठिकाने पर फैला रेडिएशन

**न्यूयार्क।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निद. ेशक राफेल ग्रोसी ने पुष्टि की है कि इजरायली हमले में ईरान के परमाणु ठिकाने पर रेडिएशन और केमिकल लीक हुआ है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को हालात की जानकारी देते हुए राफेल ग्रोसी ने यह जानकारी दी। ग्रोसी ने कहा कि इजरायली हमले में नतांज परमाणु ठिकाने के ऊपरी और जमीनी ढांचा तबाह हो गया है। हालांकि जमीन के भीतर मौजूद यूरेनियम संवर्धन केंद्र को नुकसान पहुंचने के कोई संकेत अभी नहीं मिले हैं।

हालांकि विद्युत आपूर्ति बाधित होने से सेंट्रीफ्यूज प्रभावित हुए होंगे। नतांज साइट पर रेडियोएक्टिव और केमिकल प्रदूषण हुआ है। ग्रोसी ने बताया कि साइट के बाहर मौजूद रेडिएशन सामान्य स्तर का है और उससे पर्यावरण और लोगों को कोई नुकसान नहीं होगा। ग्रोसी ने कहा कि परमाणु केंद्र के भीतर जो रेडिएशन मौजूद है, वह अल्फा पार्टिकल्स हैं, जिन्हें सुरक्षा प्रबंधों से मैनेज किया जा सकता है। एजेंसी ईरान के परमाणु रेगुलेटरी अथारिटी के लगातार संपर्क में है और नुकसान की समीक्षा कर सुरक्षा सुनिश्चित कर रही है। ग्रोसी के अनुसार, ईरान ने उनके परमाणु केंद्रों पर हुए हमलों

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को हालात की जानकारी देते हुए अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा ऐजेंसी ने किया दावा**

की जानकारी दी, जिनमें फोर्डो फ्यूल एनरिचमेंट प्लांट और एसफहान काम्पलेक्स शामिल हैं। इन केंद्रों का इस्तेमाल यूरेनियम संवर्धन के लिए किया जा रहा है। एजेंसी के प्रमुख ने परमाणु केंद्रों पर हमले पर चिंता जाहिर की और कहा कि परमाणु केंद्रों पर कभी भी हमले नहीं होने चाहिए क्योंकि इससे लोगों के साथ ही पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इस तरह के हमले परमाणु सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। ईरान की राजधानी तेहरान से 241 किलोमीटर दूर स्थित नतांज परमाणु केंद्र ईरान का यूरेनियम संवर्धन के लिए सबसे अहम केंद्र है। ईरान फिलहाल 60 प्रतिशत तक यूरेनियम संवर्धन इसी केंद्र पर कर रहा है। आपरेशन राइ. जंग लायन के जरिए इजरायल ने ईरान के परमाणु ठिकानों के साथ ही 200 से ज्यादा जगहों को निशाना बनाया गया। इन हमलों में ईरान के परमाणु केंद्रों को तो नुकसान पहुंचा ही है, साथ ही ईरान की सेना के कई शीर्ष कमांडर और दो परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं।

# पिज्जा के बढ़े ऑर्डर से हुआ दिलचस्प खुलासा!

**वाशिंगटन।** इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष अब अपने चरम की तरफ पहुंचता दिख रहा है, जब इजरायल ने ईरान पर एयरस्ट्राइक की तब अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि इजरायल ने अमेरिकी को जानकारी नहीं दी। हालांकि, कुछ घंटों बाद ही इजरायल के राष्ट्रपति बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका को ईरान पर इजरायल के हमले के बारे में 'सबकुछ' पता था।

जब यह पूरा घटनाक्रम शुरू भी नहीं हुआ था तब अमेरिका के सैन्य कार्यालय-पेंटागन में कुछ ऐसा हो रहा था, जिससे दुनिया में कहीं न कहीं कुछ बड़ा होने के संकेत मिलने लगे थे। यह है अमेरिका के सैन्य मुख्यालय के आसपास बड़ी मात्रा में पिज्जा आर्डर्स होना। फिलहाल तो इसे थ्योरी ही माना जा रहा है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि

## पेंटागन से मिले कुछ खास संकेत




अमेरिका को पहले से थी इजरायल के ईरान पर हमले की भनक

पेंटागन में जब कभी ऐसा होता है तब वैश्विक संकट के पैदा होना लगभग तय होता है। इस खास घटनाक्रम को अमेरिका में 'पिज्जा इंडेक्स' का नाम तक दिया गया है। एक्स पर एक अकाउंट है। नाम है- पेंटागन पिज्जा रिपोर्ट। यह अकाउंट अमे. रिका के आर्लिंग्टन काउंटी में मौजूद पिज्जा डिलीवरी आउटलेट्स में पिज्जा के ऑर्डरों और डिलीवरी की निगरानी रखता है। आर्लिंग्टन काउंटी, वर्जीनिया राज्य में वही जगह है, जहां पेंटागन का दफ्तर है। पेंटागन पिज्जा रिपोर्ट नाम के अकाउंट का दावा है कि वह स्थानीय पिज्जा की दुकानों पर नजर रखता है और अगर गूगल मैप्स पर इन आउटलेट्स के बाहर जाम की स्थिति या सड़क के व्यस्त होने की स्थिति दिखती है, तो इसका मतलब है कि दुनिया में कहीं कुछ बड़ा होने वाला है।

# विलशायर संघीय भवन की सुरक्षा के लिए 200 मरीन तैनात

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सरकार ने आव्रजन नीति के खिलाफ बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद विलशायर फेडरल बिल्डिंग की सुरक्षा के लिए लॉस एंजिल्स में 200 से अधिक मरीन तैनात किए हैं।

'सीबीएस न्यूज' की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना के मेजर जनरल स्कॉट शेरमेन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मरीन को नागरिकों के उपद्रव को नियंत्रित करने का पूरा प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें हालांकि संघीय इमारत की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है, इसलिए वे केवल उस बिंदु तक ही अशांति को नियंत्रित करेंगे। कानून प्रवर्तन गतिविधियों में भाग नहीं लेंगे। शेरमेन टास्क फोर्स 51 के कमांडर हैं, जिसमें कैलिफोर्निया आर्मी नेशनल गार्ड के 4,000 से

■ **शेरमेन टास्क फोर्स 51 के कमांडर हैं**

अधिक सैनिक और करीब 700 मरीन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रविवार से तैनात किए गए नेशनल गार्ड सैनिकों ने भी कानून प्रवर्तन गतिविधियों में भाग नहीं लिया है। इनके यहां पहुंचने के बाद से कोई भी सैनिक घायल नहीं हुआ है। उन्होंने संघीय कानून प्रवर्तन कर्मियों ने प्रदर्शनकर्मियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि अन्य 500 तैनात मरीन को लॉस एंजिल्स में क्या कार्यभार सौंपा जाएगा। शेरमैन ने कहा कि वह भविष्य के अभियानों के बारे में अनुमान नहीं लगा सकते, लेकिन हालिया प्रशिक्षण संघीय संपत्ति की रक्षा पर केंद्रित रहा है।

# ईरान के पास बातचीत का दूसरा मौका, वरना कुछ नहीं बचेगा: ट्रम्प

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इजरायली हमलों के बीच ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि ईरान जल्द से जल्द परमाणु समझौते पर सहमत हो जाए और अपने परमाणु कार्यक्रम को बंद कर दे। ट्रम्प ने कहा कि ईरान के पास यह दूसरा मौका है लड़ाई को और बढ़ने से रोकने का वरना कुछ नहीं बचेगा।

वहीं इजरायल ने ईरान पर हमले जारी रखने की बात कही है। ईरान और इजरायल के बीच जारी संघर्ष के बीच ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ पश्चिम एशिया के हालात पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने कहा कि उनका ईरान पर हमले में कोई हाथ नहीं है, लेकिन ट्रम्प ने



कहा कि इजरायल ने उनके हथियारों का इस्तेमाल करके ही ईरान के परमाणु केंद्रों और बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन केंद्रों पर हमला किया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अमेरिका दुनिया में सबसे खतरनाक हथियार बनाता है। इजरायल के पास ऐसे बहुत सारे हथियार हैं और उन्हें ये भी पता है कि इन हथियारों का कैसे इस्तेमाल करना है। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष छिड़ने के बाद अमेरिका ने अपने युद्धक जहाजों को पश्चिम एशिया में तैनात कर दिया है। ये बदलाव इजरायल की मदद के लिए किया गया है। अमेरिका का डेस्ट्रायर यूएसएस थामस हडनर भूमध्यसागर की तरफ रवाना हो गया है। एक और डेस्ट्रायर भी पूर्वी भूमध्य सागर की तरफ बढ़ रहा है। ईरान के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि इजरायल के हमले के बाद अमेरिका के साथ परमाणु समझौते पर चर्चा करना अर्थहीन है।

# रूस सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक बना रहेगा: एफएओ

**मॉस्को।** संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के आंकड़ों के अनुसार रूस कम से कम दो साल तक सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक देश बना रहेगा।

रूस की संवाद समिति ने एफएओ के हवाले से कहा है कि चालू तथा अगले कृषि वर्ष के दौरान गेहूं के कुल वैश्विक निर्यात में रूस का योगदान 20 प्रतिशत से ऊपर रहने की संभावना है।

एफएओ की गुरुवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि 2024-25 कृषि वर्ष में वैश्विक गेहूं निर्यात लगभग आठ प्रतिशत घटकर 19. 33 करोड़ टन रहने का अनुमान है। यह चार साल के निर्यात का न्यूनतम स्तर होगा। संयुक्त राष्ट्र के इस संगठन के अनुसार अगले कृषि वर्ष में वैश्विक स्तर पर गेहूं का निर्यात में ज्यादा से ज्यादा 3.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 20.06 करोड़ टन तक रहेगा।

रिपोर्ट में एफएओ के विश्लेषकों ने लिखा है 'रूस दुनिया के सबसे बड़े गेहूं निर्यातक की अपनी स्थिति को बनाये रख सकता है।' संगठन के पूर्वानुमानों के अनुसार, 2024-25 कृषि वर्ष में रूस से गेहूं का निर्यात 4.26 करोड़ टन होगा, जो पिछले तीन साल के उसके औसत वार्षिक निर्यात 4.20 करोड़ टन से थोड़ा अधिक है। अगले फसल वर्ष में यह बढ़कर 4.65 करोड़ टन तक पहुंच सकता है।

# चीन में चक्रवाती तूफान वुटिप के लिए येलो अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने शनिवार को शक्तिशाली उष्णकटिबंधीय चक्रवाती तूफान वुटिप के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और साल के इस पहले तूफान से देश के दक्षिणी हिस्सों में तेज हवाएं और भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार तूफान आज तड़के पांच बजे 19.8 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 108.8 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया। अभी तूफ़ान 20-25 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से उत्तर-पूर्व की ओर बढ़ रहा है और इसके दोपहर तक दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत के लेइझोउ से गुआंग्शी के बेइहाई तट तक पहुंचने के आसार हैं।

# विमान हादसे के बाद दुनियाभर में शोक जारी

## अलग-अलग देशों में प्रवासी भारतीय विमान हादसे में मरने वालों को दे रहे हैं श्रद्धांजलि

**वाशिंगटन/लंदन।** अहमदाबाद विमान हादसे के बाद दुनियाभर में शोक की लहर है। अलग-अलग देशों में प्रवासी भारतीय विमान हादसे में मरने वालों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। अमेरिका में भारतीय अमेरिकी समुदाय ने बड़ी संख्या में हुई मौतों पर दुख जताया है। भारतीय अमेरिकियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी है।


वहीं अमेरिका के मंदिरों और भारतीय-अमे. रिकी संघों में प्रार्थना सभाओं और शोक सभाओं की योजना बनाई जा रही है। इसके अलावा यूके में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारतीय समुदाय ने मृतकों को नमन किया। गुजरात से आए भारतीय अमेरिकियों की बड़ी आबादी वाले ह्यूस्टन में इंडो-अमेरिकन चैंबर आफ कामर्स आफ ग्रेटर ह्यूस्टन के संस्थापक सचिव जगदीप अहलूवालिया ने कहा कि यह बहुत बड़ी त्रासदी है। मैंने पिछले साल ह्यूस्टन और गुजरात के बीच

■ **इसके अलावा यूके में भारतीय उच्चायोग के बाहर भारतीय समुदाय ने मृतकों को नमन किया**

व्यापारिक संबंध बनाने में मदद करने के लिए अहमदाबाद का दौरा किया था। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं। अहमदाबाद के मूल निवासी और ह्यूस्टन के चिकित्सक डा. पटेल ने कहा कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद दुर्घटना हुई। मैं वहां मेडिकल स्कूल गया था। कृपया मेरे साथ मिलकर प्रियजनों के प्रति संवेदना और शक्ति प्रकट करें। सभी 242 यात्रियों और उनके परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। नासा की भूतपूर्व इंजीनियर और स्थानीय अधिवक्ता डा. वीना अंबरदार ने कहा कि समुदाय हिल गया है। हम सभी लोग इस दर्द को साझा करते हैं। हमारी संवेदनाएं हर शोक संतप्त परिवार और चौबीसों घंटे काम करने वाली बहादुर मेडिकल टीमों के साथ हैं। हृदय रोग विशेषज्ञ और ह्यूस्टन में लंबे समय से रह रहे डा. निक निकम ने कहा कि यह दिल दहला देने वाला है। ड्रीमलाइनर 787 ने लाखों मील सुरक्षित उड़ान भरी है। यह पहली घातक दुर्घटना है। मेडिकल छात्रों सहित कई युवा लोगों की जान चली गई। कई सवाल हैं, लेकिन कोई जवाब इस दुख को कम नहीं कर सकता। हमारी प्रार्थनाएं परिवारों और भारत के साथ हैं। ओम शांति। हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक सुहाग शुक्ला ने कहा कि त्रासदी ने हमारे दिल को तोड़ दिया है। हमारी प्रार्थनाएं एअर इंडिया के यात्रियों के परिवारों, मेडिकल छात्रों, सिविल अस्पताल के निवासियों और कर्मचारियों तथा इसके अधीक्षक डा. राकेश जोशी के साथ हैं।

# सिडनी में घर में आग लगने से एक महिला की मौत

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य के सिडनी में शुक्रवार रात एक घर में आग लगने से एक महिला की मौत हो गई और एक पुरुष को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने शनिवार को एक बयान में कहा कि सिडनी के इनर-वेस्ट में पीटरशैम में एक घर में शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 11:50 बजे लग लगी। पुलिस ने आस-पास के घरों को खाली कराया, जबकि अग्निशमन और बचाव दल ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया। घर के अंदर एक महिला (82) का शव मिला जबकि दूसरे 57 वर्षीय व्यक्ति का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया।



# महज 500 रुपये लेकर मुंबई जा पहुंची थी दिशा पाटनी

## वर्षों तक परेशान रहीं थी नेशनल क्रश कही जाने वाली दिशा

**मुंबई।** दिशा पाटनी बॉलीवुड की सबसे फिट और ग्लैमरस एक्ट्रेस मानी जाती हैं। उनके बोल्ड अंदाज और स्टाइलिश लुक के लिए कई लोग उन्हें नेशनल क्रश भी कहते हैं। एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी में प्रियंका झा के किरदार से दिशा ने सबका दिल जीता, वहीं मलंग, भारत और राधे जैसी फिल्मों से उन्होंने पापुलैरिटी हासिल की।

दिशा पाटनी का जन्म 13 जून 1992 को उत्तर प्रदेश के बरेली में हुआ। वो एक कुमाऊंनी राजपूत परिवार से हैं। उनके पिता जगदीश सिंह पाटनी यूपी पुलिस में DSP रह चुके हैं और मां स्वास्थ्य विभाग में अधिकारी। उनकी बड़ी बहन खुशबू पाटनी भारतीय सेना की पूर्व मेजर हैं और एक छोटा भाई सूर्यांश भी है। दिशा पाटनी को लोग भले ही फैशन आइकान मानते हों, लेकिन खुद दिशा इस टैग को मानने से इनकार करती हैं। रेडिफ को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, मैं थोड़ी टाम बाय हूं। बचपन में मेरे बाल आर्मी कट हुआ करते थे और मैं लड़कों जैसी दिखती थी। उन्होंने बताया था कि उन्हें आरामदायक कपड़े पहनना पसंद हैं, जैसे बास्केटबाल शाट्र्स, लूज हूडी और टी-शर्ट। दिशा शुरू से पढ़ाई में तेज थीं। उन्होंने एमिटी यूनिवर्सिटी, लखनऊ से बायोटेक्नोलाजी में इंजीनियरिंग शुरू की थी, लेकिन दूसरे साल में ही ग्लैमर की दुनिया में किस्मत आजमाने के लिए पढ़ाई छोड़ दी। 2018 में एक इंटरव्यू में अपने शुरुआती संघर्षों को याद करते हुए दिशा पाटनी ने कहा था, मैं बहुत पॉजिटिव इंसान हूं।

शायद उस वक्त मैं तैयार नहीं थी। मैंने अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ दी थी और मुंबई आ गई थी। एक कॉलेज की लड़की के लिए एक नए शहर में आना, जहां कोई जान-पहचान न हो, आसान नहीं था। मैं अकेले रह रही थी, अपने पैसे खुद कमा रही थी और कभी भी अपने परिवार से पैसे नहीं मांगे। मैं सिर्फ रु. 500 लेकर मुंबई आई थी और कुछ समय बाद मेरे पास बिल्कुल भी पैसे नहीं बचे थे। दिशा पाटनी ने आगे कहा था, मैं बहुत सारे आडिशन देती थी, ज्यादातर टीवी विज्ञापनों के लिए। मेरे ऊपर लगातार यह प्रेशर होता था कि अगर इस महीने कोई काम नहीं मिला, तो किराया कैसे दूंगी। उस समय मुझे जो भी काम मिला, वो सिर्फ काम था, जब तक कि मुझे एक्टिंग से प्यार नहीं हो गया। दिशा पाटनी ने यह भी कहा था कि उन्हें करियर की शुरुआत में कई रिजेक्शन झेलने पड़े। उनकी पहली फिल्म से भी उन्हें हटा दिया गया था, लेकिन वह मानती हैं कि हर रिजेक्शन इंसान को मजबूत बनाता है।

# पांच साल बाद स्क्रीन पर होगी काजोल की वापसी

**मुंबई।** 27 जून को काजोल फिल्म मां के जरिए बड़े पर्दे पर अपना कमबैक कर रही हैं। वो पांच साल के गैप के बाद स्क्रीन पर दिखने वाली है। इस बीच में उन्होंने ओटीटी प्लेटफार्म पर अपना डेब्यू किया और कई अच्छे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। दैनिक भास्कर को दिए इंटरव्यू में काजोल ने अपने कमबैक, ओटीटी के बढ़ते प्रभाव और पति अजय के साथ काम करने को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर किया है। शैतान में अजय ने जिम्मेदार पिता का रोल निभाया था। इसकी अगली कड़ी में मां के रूप में आप हैं। क्या इस ट्राइलाजी की अगली फिल्म में आप दोनों साथ दिखेंगे? वैसे तो पता नहीं लेकिन आपके मुंह में घी-शक्कर। हम जरूर आपकी विश पूरी करने की कोशिश करेंगे। अजय बहुत अच्छे और जिम्मेदार प्रोड्यूसर हैं। वो बहुत ज्यादा इंवाल्वड रहें। वो उन प्रोड्यूसर में से नहीं हैं कि चलो बस पेपर साइन कर दिया। स्क्रिप्ट, फिल्म का क्लाईमैक्स, वीएफएक्स इन सबमें अजय बहुत ज्यादा शामिल थे। वीएफएक्स तो एक अलग ही फिल्म है, जिसमें आपको सब कुछ इमेजिन करना पड़ता है। अजय ने सब कुछ अच्छे से किया। मैं बहुत ज्यादा डरती हूं इसलिए मैं हारर फिल्में देखती नहीं हूं। हारर फिल्म में काम कर लिया है।



# वायरल हो गया सिद्धांत और चै-सू बिन का रोमांटिक वीडियो

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी और साउथ कोरिया की मशहूर अभिनेत्री चै सू-बिन इंटरनेशनल ब्रांड के लिए शूट किए गए विज्ञापन में साथ नजर आए।



सिद्धांत चतुर्वेदी और चै सू-बिन हाल ही में एक इंटरनेशनल ब्रांड के लिए शूट किए गए विज्ञापन में साथ नजर आए। यह विज्ञापन फिल्मी अंदाज में शूट किया गया है, जिसमें बारिश में उनकी मुलाकात किसी रोमांटिक के-ड्रामा जैसी लग रही है। जैसे ही यह विज्ञापन सामने आया, सोशल मीडिया पर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस विज्ञापन को सबसे पहले एक जापानी अकाउंट से शेयर किया गया था और बैकग्राउंड में इंग्लिश इंडी-पॉप गाना बज रहा था। यह कॉम्बिनेशन पूरी दुनिया में छा गया।

# कैंसर सर्जरी के बाद घर लौटीं दीपिका कक्कड़

**मुंबई।** हाल ही में दीपिका कक्कड़ का सेकेंड स्टेज लिवर कैंसर की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के 11 दिन बाद उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज मिल गया है। घर आकर बेटे रूहान से मिलकर वो काफी खुश नजर आ रही हैं। उन्होंने सर्जरी के बाद इंस्टाग्राम पर पहला पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वो फैंस को हेल्थ अपडेट दे रही हैं। साथ ही उन्होंने ट्रीटमेंट में जुड़े सभी डाक्टर्स और फैंस को उनके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया कहा है। दीपिका अपने इंस्टाग्राम पर लिखती हैं- 11 दिन हो गए हैं और अब मैं घर पर हूं। ट्यूमर से फ्री, लेकिन अभी यह ट्रीटमेंट का बस एक हिस्सा था। बाकी का इलाज आने वाले टाइम में होगा। मुझे भरोसा है कि मैं इससे निकल जाऊंगी। जैसा कि मैंने पहले भी कहा था। वो आगे लिखती हैं-11 दिन मुश्किल थे लेकिन हमारे आसपास शानदार लोग थे, जिनकी वजह से चीजें आसानी से हो गईं। तकलीफ तो हुई लेकिन कोकिलाबेन अस्पताल में सबने बड़े प्यार और गर्मजोशी से इसे हैंडल किया।

# बिपाशा ने बॉडी रिमार्क करने वालों को दिया करारा जवाब

**मुंबई।** बिपाशा बसु को उनके बढ़ते वजन के कारण सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया। अब एक्ट्रेस ने बाडी-शेमिंग को लेकर लगातार हो रही ट्रोलिंग पर रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे बुरे और दिल दुखाने वाले कमेंट्स से उनकी पहचान या उनकी खुद की अहमियत तय नहीं होती। दरअसल, बिपाशा बसु ने साल 2022 में बेटी देवी को जन्म दिया था।

मां बनने के बाद से ही एक्ट्रेस के बढ़ते वजन के कारण उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। इसी बीच पूर्व मिस इंडिया श्वेता विजय नायर ने बिपाशा को सपोर्ट किया और कहा कि कैसे एक मां को फिजिकली और इमोशनली चीजों को हैंडल करना पड़ता है। इस पोस्ट पर बिपाशा ने भी रिएक्ट किया। उन्होंने कहा, थैंक्यू आपके शब्दों के लिए। मैं उम्मीद करती हूं कि लोग हमेशा इतने छोटे और नीचे सोच वाले न रहें। वो समझें और मानें कि महिलाएं हर दिन बहुत सी जिम्मेदारियां निभाती हैं, इसलिए उन्हें तारीफ और सम्मान मिलना चाहिए। मैं एक बेहद आत्मविश्वासी महिला हूं, जिसे एक समझदार और प्यार करने वाला साथी और परिवार मिला है। मीम्स और ट्रोल्स न तो मेरी पहचान बनाते हैं और न ही उन्होंने मुझे वो बनाया जो मैं हूं। लेकिन ए सब समाज की महिलाओं के प्रति सोच का एक बहुत ही चिंताजनक रूप दिखाते हैं। मेरी जगह अगर कोई और महिला होती, तो इतनी नफरत और कटाक्ष से गहरे जख्म खा सकती थी और मानसिक रूप से टूट सकती थी।

अगर हमारी आवाज और मजबूत हो जाए और कम से कम महिलाएं ही एक-दूसरे को समझें और जैसा वे हैं, उसके लिए तारीफ करें तो महिलाएं आगे बढ़ती जाएंगी। हम महिलाएं कोई नहीं रोक सकता। बिपाशा और करण सिंह ग्रोवर ने 30 अप्रैल 2016 को शादी की थी। दोनों की मुलाकात फिल्म अलोन के सेट पर हुई थी। कुछ समय तक एक दूसरे को डेट करने के बाद दोनों ने शादी की थी। शादी के 6 साल बाद बिपाशा ने बेटी देवी को जन्म दिया था।



मीम्स-ट्रोल्स से मेरी पहचान नहीं, बस महिलाओं को तारीफ और सम्मान मिलना चाहिए: बिपाशा

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस करें
एडमिशन के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
M.B.B.S ABROAD Bijnor's Leading Education Consultancy
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नही)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

# कई फिल्मों से धमाल मचाने वाले हैं पुलकित

**मुंबई।** पुलकित सम्राट ने अपनी फिल्म फुकरे के प्रदर्शन के 12 साल पूरे होने पर सोशल मीडिया पर एक खास पोस्ट शेयर की है। वर्ष 2013 में रिलीज हुई फिल्म फुकरे के प्रदर्शन के 12 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर पुलकित ने इंस्टाग्राम पर एक खास पोस्ट शेयर की और अपने इस आइकॉनिक किरदार को याद किया। उन्होंने लिखा, सावधान: यह हनी 12 साल की मीठी यादों के साथ आता है। फुकरापंती जारी रहे। अपने फुकरे परिवार, पूरी कास्ट, क्रू और उन सब जुगाड़ू दिमागों को ढेर सारा प्यार और सबसे बड़ा धन्यवाद हमारे दर्शकों को, जिन्होंने हमारी इस पागलपंती को इतना यादगार बना दिया। ढेर सारा प्यार और शुक्रिया। 12 इयर्स ऑफ फुकरे। फिल्म में पुलकित का किरदार हनी, जो स्मार्ट भी है, जुगाड़ू भी और दिल का अच्छा भी, लोगों के दिलों में बस गया। उसकी दोस्ती, मस्ती और दिल से की गई जुगाड़बाजी ने पूरे एक जनरेशन को हंसी-खुशी से जोड़ दिया। फिल्म में हनी की जोड़ी चुचा, जफर, लाली और भोली पंजाबन के साथ मिलकर कहानी की जान बन गई और हिंदी फिल्मों में दोस्ती की कहानियों को नए सिरे से पेश किया। एक छोटी-सी मजेदार फिल्म से शुरू हुआ यह सफर अब एक पॉप-कल्चर बन चुका है। पुलकित अपने नए प्रोजेक्ट्स के साथ तैयार हैं। ग्लोरी, जो एक बॉक्सिंग ड्रामा है, सुस्वागतम खुशामदीद, एक क्रॉस- कल्चर रोमांस और राहु केतु, जिसकी शूटिंग वह इस वक्त कसोल में कर रहे हैं।

